संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, सोमवार, 14 अप्रैल 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



केरल के राज्यपाल राजेंद्र ने कहा कि अगर संविधान संशोधन का काम भी सुप्रीम कोर्ट करेगा तो फिर संसद और विधानसभाएं किस लिए हैं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 101 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# वक्फ पर बंगाल में हिंसा, लोगों का पलायन

## ● धुलियान से 500 लोगों का पलायन, मालदा के स्कूल में शरण ली; आरोप- घर जलाए, पानी में जहर मिलाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में फैली हिंसा से डरकर सैकड़ों लोग भागकर पास के मालदा जिले में पहुंच गए हैं। जानकारी के मुताबिक, ये सभी लोग भागीरथी नदी पार कर नावों के जरिए मालदा पहुंचे हैं। जहां प्रशासन ने इन पीड़ित लोगों के लिए स्कूलों में अस्थायी ठहरने और खाने-पीने की व्यवस्था की है। बता दें कि, मुर्शिदाबाद जिले के कई इलाकों जैसे सूती,



धूलियन, जंगीपुर और समसेरगंज में वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क उठी। यह क्षेत्र मुस्लिम-बहुल है और प्रदर्शन धीरे-धीरे सांप्रदायिक तनाव में बदल गया।

### 'मालदा, मुर्शिदाबाद, नादिया को 'अशांत क्षेत्र' घोषित किया जाए'

भाजपा सांसद ने कहा, 'पिछले कई दिनों से, 'जम्मू और कश्मीर जैसी' स्थिति – जब 1990 के दशक में हिंदुओं को पलायन करने के लिए मजबूर किया गया था – पैदा हो गई है, खासकर बंगाल के इन चार जिलों में।' उन्होंने आगे कहा, 'मैंने केंद्रीय गृह मंत्री से अफस्पा लागू करने और नियंत्रण केंद्रीय बलों को सौंपने का अनुरोध किया है। अन्यथा, जो सीरिया में हुआ या बांग्लादेश में हो रहा है, जो जम्मू और कश्मीर में हुआ – वैसी ही स्थिति अब यहां भी सामने आ रही है।'

पीड़ितों ने बताई हिंसा की दास्तां धूलियन के मंदिरपाड़ा इलाके से भागी एक महिला ने बताया, 'हमारे घर जला दिए गए। कुछ बाहरी और स्थानीय लोगों ने मिलकर महिलाओं और लड़कियों के साथ दुर्व्यवहार किया, पुरुषों को पीटा गया। हमें कहा गया कि हम इलाके को छोड़ दें। हमारी जान को खतरा था, इसलिए हमने केंद्रीय बलों की मदद से घर छोड़ा।' एक बुजुर्ग महिला ने रोते हुए कहा, 'हमने हाथ जोड़कर हमलावरों से माफी मांगी, जबकि हमने कुछ गलत नहीं किया था। वे हथियार लहराकर हमारे घरों में घुसे और हमें मारते-पीटते रहे। हम जैसे-तैसे कुछ सामान लेकर नदी पार कर भाग निकले।

# बांस से बने 'कंपोजिट पैनल' से तैयार होंगे सैन्य बंकर

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुवाहाटीः** गुवाहाटी स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के शोधकर्ताओं ने बांस के बने कंपोजिट पैनल विकसित किए हैं, जो सैन्य रक्षा स्थलों और बंकरों के निर्माण में बेहद ही कारगर साबित होंगे। यह पैनल पारंपरिक लकड़ी, लोहे और अन्य धातुओं की जगह लेंगे। संस्थान के अधिकारियों के अनुसार बांस मिश्रित पदार्थों में धातु घटकों के बराबर लचीलापन है और ये बुलेटप्रूफ भी हैं। फिलहाल शोधकर्ताओं द्वारा विकसित कंपोजिट पैनल का

**परीक्षण**

**▶▶ प्रयोगशाला स्तर पर बांस से बने मिश्रित घटकों का निर्माण कर उनके यांत्रिक गुणों का परीक्षण किया है**

परीक्षण भारतीय सेना कर करी है। आईआईटी-गुवाहाटी की स्टार्ट-अप कंपनी एडमेका कंपोजिट प्राइवेट लिमिटेड ने प्रयोगशाला स्तर पर बांस से बने मिश्रित घटकों का निर्माण कर उनके यांत्रिक गुणों का परीक्षण किया है।

# गरीबों का कल्याण-उत्थान हमारा संकल्प था, है और रहेगाः सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि शैक्षणिक सत्र 2025 - 26 से देश के किसी भी सरकारी कॉलेज में मेडिकल व इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले अनुसूचित जाति एवं ओ.बी.सी. के सभी विद्यार्थियों को पूर्ण छात्रवृत्ति दी जाएगी, इसके लिए एक पोर्टल बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री आज गुरुग्राम में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर "ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज" द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस अवसर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री छगन भुजबल, सांसद उपेंद्र कुशवाह तथा कल्पना सैनी

**जनहित**

**▶▶ अनुसूचित जाति एवं ओ.बी.सी. के सभी विद्यार्थियों को पूर्ण छात्रवृत्ति दी जाएगी - मुख्यमंत्री**

भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लोगों को वैसाखी की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज ही के दिन महान समाज सुधारक, विचारक, लेखक और दार्शनिक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती भी है। उन्होंने अमृतसर में जलियांवाला बाग में जनरल डायर के आदेश से अंग्रेजी सेना द्वारा गोलियां चलाने पर शहीद होने वाले नागरिकों को भी नमन किया।

# नेशनल हेराल्ड को ईडी के नोटिस पर भड़के सिब्बल



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने नेशनल हेराल्ड को ईडी का नोटिस मिलने पर केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने सरकार पर केंद्रीय एजेंसियों की मदद से कांग्रेस को पंगु बनाने का आरोप लगाया, साथ ही नेशनल हेराल्ड की संपत्तियों को कब्जे में लेने के ईडी के नोटिस को लोकतंत्र पर हमला बताया। सिब्बल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'हम दिखावटी तौर पर लोकतंत्र की जननी हैं।

# चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार बहुत जरूरीः मुख्यमंत्री नायब सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ा :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम में आयोजित अखिल भारतीय शल्य-चिकित्सक संघ के 12वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार और आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल सभी वर्गों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन न केवल सर्जरी के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने का मंच है, बल्कि हरियाणा की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाने में भी मार्गदर्शक सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉक्टरों को अक्सर धरती का भगवान कहा जाता है और यह उपाधि उनके अथक

**सम्मेलन**

**▶▶ डॉक्टर न केवल शरीर का इलाज करते हैं, बल्कि कई बार अपने मरीजों को भावनात्मक संबल भी देते हैं : सीएम**

प्रयासों और समर्पण को देखते हुए पूरी तरह सही है। चाहे महामारी हो, कोई आपातकाल हो या रोजमर्रा की बीमारियाँ – डॉक्टर हर परिस्थिति में डटे रहते हैं, जीवन बचाने के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टर न केवल शरीर का इलाज करते हैं, बल्कि कई बार अपने शब्दों और व्यवहार से मरीजों को भावनात्मक संबल भी देते हैं।



# प्राचार्य डॉ. पूर्ण प्रभा ने राजकीय महाविद्यालय में किया कार्यभार ग्रहण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को एक गरिमामय समारोह के अंतर्गत प्रो. डॉ. पूर्ण प्रभा ने प्राचार्य के पद का विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण किया। वे इससे पूर्व राजकीय महाविद्यालय नारनौल में प्राचार्य के पद पर कार्यरत थीं। हाल ही में उच्चत्तर शिक्षा विभाग द्वारा उनका स्थानांतरण महेंद्रगढ़ किया गया है और उनकी प्रशासनिक दक्षता एवं कार्यकुशलता को दृष्टिगत रखते हुए विभाग ने उन्हें राजकीय महाविद्यालय नारनौल, राजकीय शिक्षण महाविद्यालय नारनौल तथा जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी महेंद्रगढ़ का अतिरिक्त कार्यभार भी सौंपा है। डॉ. पूर्ण प्रभा के महाविद्यालय पहुंचने पर महाविद्यालय परिवार द्वारा उनका



भव्य स्वागत किया गया। समस्त स्टाफ सदस्यों ने उन्हें फूल-मालाएं एवं पुष्प भेंट कर आत्मीयता एवं सम्मान के साथ अभिनंदन किया। इस अवसर पर हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी के अध्यक्ष प्रो. डॉ. पीके शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने डॉ. पूर्ण प्रभा के व्यक्तित्व एवं कार्यशैली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एक कुशल प्रशासक होने के साथ-साथ अत्यंत मिलनसार स्वभाव की अधिकारी हैं। उन्होंने राजकीय महाविद्यालय नारनौल में अपने कार्यकाल के दौरान अनुकरणीय कार्य करते हुए महाविद्यालय में अनुशासन, स्वच्छता एवं गुणवत्ता का स्तर

**जिम्मेदारी**

**प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एक कुशल प्रशासक होने के साथ-साथ अत्यंत मिलनसार स्वभाव की अधिकारी हैं**

उल्लेखनीय रूप से बढ़ाया। उनके प्रयासों से महाविद्यालय का समग्र वातावरण अत्यंत सकारात्मक एवं प्रेरणादायक बना। प्राचार्य डॉ. पूर्ण प्रभा ने कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि वे महाविद्यालय में गुणवत्ता सुधार, विद्यार्थियों के समग्र विकास एवं महाविद्यालय के चहुंमुखी उत्थान के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध रहेंगी।

# भारी जीत पर सनपेड़ा में भंडारा, विधायक ने जताया आभार



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** रविवार को सनपेड़ा गांव में बली बाबा पर भंडारे का आयोजन हुआ। यह आयोजन विधायक देवेंद्र कादियान की विधानसभा चुनाव में भारी मतों से जीत की खुशी में किया गया। विधायक ने ग्रामीणों का आभार जताया। कहा, यह जीत 36 बिरादरी की है। मेरा असली मकसद अपने हलके की सेवा करना है। पिछले दस साल से जनता के बीच रहकर यही कर रहा हूं। विधायक ने बली बाबा पर नतमस्तक होकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। ग्रामीणों को आयोजन के लिए बधाई दी। इससे पहले सरपंच प्रमोद ढाका और ग्रामीणों ने फूलमालाओं से उनका स्वागत किया। विधायक ने कहा, धार्मिक आयोजन से समाज में भाईचारा और एकता बढ़ती है। इस मौके पर मोहन पंडित, कृष्ण पंडित, कर्ण सिंह, बलजीत ढाका, राजबीर ढाका, धर्मपाल ढाका, हवा सिंह, ईश्वर ढाका, सोनू बराक, सुनील प्रधान, रमेश धीमान, सुरेश, बिजेंद्र फौजी मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

# जयदीप द्वारा अपने दादा की याद में आर ओ प्लांट का उद्घाटन किया



**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

बैसाखी के अवसर पर खरखौदा उपमंडल के गाँव फरमाना के लुरजान में रविवार को आरओ प्लांट का उद्घाटन कर्मयोगी वेल्फेयर सोसायटी द्वारा दयानंद गहलावत खाप प्रधान, सतबीर प्रधान अठगामा एवं जयदीप गहलावत सोसायटी प्रधान की मौजूदगी में किया गया। आज बैसाखी के दिन कर्मयोगी वेल्फेयर सोसायटी प्रधान जयदीप द्वारा अपने दादा की याद में गहलावत खाप प्रधान दयानंद गहलावत, अठगामा प्रधान सतबीर, फरमाना लुरजान सरपंच जगदीश गहलावत, फरमाना महलान सरपंच सतीश एवं सभी ग्रामीणों की उपस्थिति में पूरे गांव के लिये आरओ प्लांट का उद्घाटन किया गया। जिसमें 1000 लीटर प्रति घंटे क्षमता के साथ 1000 लीटर नॉर्मल पानी एवं 2000 लीटर ठंडा पानी का स्टोरेज का इंतजाम किया गया है । सभी ग्रामीणों ने इस धर्म के कार्य को बहुत सराहा और सभी ने मिलकर इस आयोजन को सफल बनाया है । रविवार सुबह 10 बजे कर्मयोगी वेल्फेयर सोसायटी प्रधान जयदीप गहलावत द्वारा मुख्य अतिथि गहलावत खाप प्रधान दयानंद गहलावत, अठगामा प्रधान सतबीर, सरपंच जगदीश, सरपंच सतीश की मौजूदगी में सभी परिवारजन नरेश, प्रकाश, हरेंद्र, राजकुमार, बिजेंद्र, सुरेन्द्र, अजय, दीपक, प्रवीण, सचिन, अंकित, योगेश, वेद सिंह, दलबीर, जगदीश, जगबीर, आजाद ने अन्य ग्रामीणों कुशाल, मनबीर मास्टर, साहब सिंह नंबरदार, राजबीर मास्टर, जस्सू ठेकेदार, सते गायक, दिनेश पंडित, महेंद्र मेम्बर, राजे सेवक ब्लॉक समिति मेम्बर, अंतरम, हकीकत, विनोद, नरेन्द्र, जयकरण, राजेश, बबला, सुनील, सुभाष, सिल्ला, कृष्ण, हुकुम, रमेश, देवरूप, प्रवीण, सरूप, हरि पंडित, मुकेश, राजू , जोरावर एवं अन्य की उपस्थिति में आरओ प्लांट का लोकार्पण किया और जल सेवा समिति फरमाना लुरजान को सौंपा गया । इसके बाद सभी ने प्रसाद ग्रहण किया । तत्पश्चात सभी ने चाय जल पान का आनंद लिया । सभी ग्रामीणवासियों की तरफ से अठगामा प्रधान सतबीर नंबरदार ने इस अवसर पर इस धर्म के काम के लिए पूरे तुरती परिवार को धन्यवाद दिया एवं अच्छे कार्यों के लिए सदैव साथ खड़े रहने का संकल्प दिया । दयानंद गहलावत ने बताया की आज हम सभी को समाज के अच्छे कार्य करने वाले को सहयोग एवं सराहना करनी चाहिये और हमें जिस भी रूप में समाज सेवा करने का मौका मिले, पीछे नहीं हटना चाहिये । अंत में उन्होंने सभी लोगों को इस आयोजन में शामिल होने के लिए धन्यवाद दिया ।

# गेहूं में नमी से खरीद बंद, विधायक ने दिए निर्देश, कहा- सरकार किसानों का एक-एक दाना खरीदेगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: गन्नौर** मंडी में गेहूं की खरीद नमी के कारण रुक गई। गोदाम से ट्रक वापस भेजे गए है। आढ़तियों ने इसे अधिकारियों की मनमानी बताया। उन्होंने हलका विधायक देवेंद्र कादियान को समस्या से अवगत कराया। विधायक देवेंद्र कादियान ने पहले पुरखास गांव के परचेज सेंटर का दौरा किया। किसानों से बात की। फिर गन्नौर अनाज मंडी पहुंचे। आढ़तियों से मुलाकात की। आढ़तियों ने बताया कि बारिश के कारण गेहूं में नमी है। इसी वजह से खरीद नहीं हो रही। गोदाम से ट्रक लौटाए जा रहे हैं। विधायक ने मौके पर अधिकारियों से बात की। अधिकारियों ने कहा कि तय मानक से ज्यादा नमी होने पर गेहूं खराब हो सकता है। फिर भी कोशिश करेंगे कि किसानों को परेशानी न हो। आढ़तियों ने

**दिशा-निर्देश**

**मंडी में पेयजल और अन्य जरूरी सुविधाएं देने को कहा गया है। किसानों का एक-एक दाना खरीदेगी सरकार**



बारदाना की कमी की बात भी रखी। विधायक ने भरोसा दिलाया कि मंडी में किसानों और आढ़तियों को कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। मंडी में पेयजल और अन्य जरूरी टीसुविधाएं देने को कहा गया है। विधायक ने कहा कि सरकार किसानों का एक-एक दाना खरीदेगी। अनाज मंडी प्रधान सुरेंद्र गोयल ने बताया कि गेहूं में नमी तय मानक से थोड़ी ज्यादा है। इसी कारण खरीद नहीं हो रही थी। बारदाना है, लेकिन स्पेयर में नहीं है। काम जारी है। विधायक को जानकारी दी गई। उन्होंने अधिकारियों से बात कर भरोसा दिलाया कि किसानों और आढ़तियों को परेशानी नहीं होगी। मार्केट कमेटी अधिकारी जगबीर कादियान ने बताया कि हर रविवार को गन्नौर मंडी में खरीद नहीं होती। सिर्फ लिफ्टिंग होती है। अब तक मंडी और सेंटरों पर 2 लाख 24 हजार 930 क्विंटल गेहूं पहुंच चुका है। शुरू में नमी के कारण ट्रक लौटाए गए थे। अब स्थिति सामान्य है। आढ़तियों को रविवार को खरीद न होने की जानकारी नहीं थी।

# ट्यूलिप मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल ने पूरे किए 11 सफल वर्ष, जोड़ रहा नई चिकित्सा सुविधाएं



**सोनीपत:** ट्यूलिप मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, सोनीपत ने अपनी स्थापना के 11 गौरवपूर्ण वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. अनुराग अरोड़ा और डॉ. अनुपमा सेठी अरोड़ा ने हॉस्पिटल की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त करते हुए सभी स्टाफ सदस्यों, सहयोगियों, शुभचिंतकों और मरीजों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर डायरेक्टर अनुपमा सेठी अरोड़ा ने महिला स्टाफ को सम्मान स्वरूप सिलाई मशीनें उपहार में देकर उनका विशेष सम्मान किया। उन्होंने कहा, "ट्यूलिप मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के 11 वर्षों के सफर में हमारे स्टाफ का जो योगदान रहा है, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। वे इस परिवार की रीढ़ हैं और हम उनके प्रति आभार व्यक्त करते हैं।" हॉस्पिटल की सबसे विशेष बात यह है कि हर वर्ष इसमें एक नया विभाग जोड़ा जाता वर्ष रिनल साइंसेज, यूरोलॉजी और डमेटीलॉजी विभाग की शुरूआत की गई है, जो 1 मई से पूर्ण रूप से कार्यरत होंगे। डॉ. अनुराग अरोड़ा ने कहा, हमारा उद्देश्य हमेशा यही रहा है कि हम मरीजों को विश्वास, गुणवत्ता और स्नेह के साथ इलाज प्रदान करें।

# चावल एवं कॉपी वितरण समारोह का किया गया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** बैसाखी के पावन पर्व पर 1982 से सामाजिक कार्यों में सेवारत संस्था समाज सेवा समिति द्वारा 1000 जरूरत मंद परिवारों हेतु 43वॉ चावल एवं कॉपी वितरण समारोह गीता भवन शहर के विशाल प्रांगण में आज 13 अप्रैल को वार्षिक उत्सव देश भक्ति व लोक नृत्य कार्यक्रम की प्रस्तुति के साथ आयोजन किया गया। इस समारोह में गरिमामयी उपस्थिति अतिथि सोनीपत नगर निगम मेयर राजीव जैन, राजू मदान प्रधान महावीर दल, मोहन मदान सुप्रसिद्ध समाजसेवी, मुख्य सरपरस्त पवन गोयल समाजसेवी बी डी अरोड़ा, दीक्षित हसीजा, राकेश शर्मा ,राकेश मल्होत्रा, के एल तनेजा, सतीश बालियांण, डीसी गेरा, ओ.पी. एलावादी, रमन सलूजा एवं रजनी सलूजा तथा वेद प्रकाश शर्मा, हरबंस लाल अरोड़ा नरेश नासा, सुरेश चावला, वैध लेख राज नासा के साथ अन्य कई प्रसिद्ध समाजसेवी व प्रख्यात धर्म प्रेमियों ने समारोह में शिरकत की।समिति के मुख्य सरपरस्त पवन गोयल व समन्वय समिति के स्थाई सदस्य रमेश चंद हसीजा, सर परस्त रत्नेश बतरा , प्रधान प्रवीण वर्मा , संयोजक शशीकरण नासा सहसंयोजक जितेंद्र रेलन,सहसंयोजक संजय मक्कड़ और वरिष्ठ महासचिव आर के सेतिया, सुरेंद्र सेठी ने संयुक्त रूप से बताया कि समिति अपने मुख्य उद्देश्य नर सेवा नारायण सेवा को कार्यान्वित करते हुए विकलांगों,विधवाओं जरूरतमंद निर्धन परिवारों को प्रतिवर्ष ट्राई रिक्शा, व्हीलचेयर, सिलाई मशीनें, कंबल, जर्सियां, कापियां, चावल तथा रामनवमी के अवसर पर सर्व जातिय कन्याओं का विवाह के आयोजन के माध्यम से लगातार 43 वर्षों से लाखों की संख्या में सहायता सामग्री प्रदान कर रही है। संस्था के प्रधान प्रवीन वर्मा सरपरस्त रत्नेश बत्रा ने संयुक्त रूप से बताया कि इस समारोह की शुरूआत सांस्कृतिक कार्यक्रम से की गई और विशेष सहयोगी सतीश अरोड़ा, लक्ष्मी नारायण खंडेलवाल, आर पी मलिक, शिवदयाल चुघ, सुरेश रेलन, आर के बत्रा, के के बत्रा ओ पी मुंजल, मदन लाल कत्याल महेश तनेजा जी का विशेष सहयोग देने पर धन्यवाद किया।सांस्कृतिक प्रोग्राम में प्रस्तुति भाई खेमचंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल, श्रीराम मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भाई खेमचंद राइजिंग स्टार स्कूल, समाज सेवा सिलाई प्रशिक्षण केंद्र, कनिका , खुशी तथा अन्य छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति कर के समय बांध दिया। समारोह के मुख्य अतिथि मेयर राजीव जैन ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज सेवा समिति जरूरतमंदों की जहां सेवा करती है उनको आवश्यक चीज महिया करवाती है वहां समाज के अन्य लोगों के लिए भी एक प्लेटफार्म का काम करती है जो समाज की सेवा करना चाहते हैं और धर्म के काम में लगना चाहते हैं।

**वार्षिक उत्सव**

**13 अप्रैल को वार्षिक उत्सव देश भक्ति व लोक नृत्य कार्यक्रम की प्रस्तुति के साथ आयोजन किया गया**

# विश्व-विख्यात आध्यात्मिक गुरु संत राजिन्दर सिंह जी महाराज 17 को आएंगे पानीपत

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** विश्व-विख्यात आध्यात्मिक गुरु और सावन कृपाल रूहानी मिशन के अध्यक्ष परम पूजनीय संत राजिन्दर सिंह जी महाराज 17 अप्रैल, 2025 को सत्संग प्रवचन व नामदान के कार्यक्रम के लिए पानीपत पधार रहे हैं। इससे पूर्व संत राजिन्दर सिंह जी महाराज 2014 में पानीपत तशरीफ लाए थे, उनकी इस शहर में यह छठी यात्रा है। परम पूजनीय संत राजिन्दर सिंह जी महाराज 17 अप्रैल, 2025 को शाम 7 बजे आध्यात्मिक प्रवचन फरमाएंगे। जिसमें वे आध्यात्मिकता के विभिन्न पहलुओं को खोल-खोलकर समझाएंगे कि किस तरह हम अपने मनुश्य जीवन के मुख्य ध्येय जोकि अपने आपको जानना और पिता-परमेश्वर को पाना है, को इसी जीवन में पूरा कर सकते हैं। सत्संग में भाग लेने वाले भाई-बहन एक सरल और शक्तिशाली ध्यान-अभ्यास की तकनीक सीखकर अपने भीतर प्रभु के दिव्य-प्रेम और आनंद का




अनुभव कर सकते हैं। 17 अप्रैल की रात को 9 बजे प्रभु-प्राप्ति के जिज्ञासुओं के लिए नामदान (आध्यात्मिक दीक्षा) का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें संत राजिन्दर सिंह जी महाराज जिज्ञासुओं को प्रभु की ज्योति व श्रुति का निजानुभव प्रदान करेंगे। परम पूजनीय संत राजिन्दर सिंह जी महाराज के सत्संग का कार्यक्रम पानीपत के सेक्टर 13-17 में यमुना एनक्लेव के सामने स्थित हुड्डा ग्राऊंड में आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी भाई-बहनों का हार्दिक स्वागत है। सत्संग के इस कार्यक्रम का आयोजन सावन कृपाल रूहानी मिशन की नूरवाला में स्थित कृपाल आश्रम, पानीपत शाखा के द्वारा किया जा रहा है। सत्संग के इस कार्यक्रम में सिर्फ पानीपत से ही नहीं बल्कि भारत के विभिन्न राज्यों के हजारों लोगों के अलावा विदेशों से आए भाई-बहन भी भाग ले रहे हैं। परम पूजनीय संत राजिन्दर सिंह जी महाराज सावन कृपाल रूहानी मिशन के अध्यक्ष हैं, जोकि एक लाभ न कमाने वाली संस्था है, जिसे साइंस ऑफ स्पिरिचुएलिटी के नाम से भी जाना जाता है।

## खेतों में फेंके क्षत-विक्षत शव की नही हुई शिनाख्त

**जींद।** उचाना में खेतों में शनिवार को बाग की नाली में मिले क्षत-विक्षत शव की 24 घंटे बाद भी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने उचाना खुर्द गांव के सरपंच सतबीर की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ हत्या सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मृतक के चेहरे को भी किसी भारी चीज से वार कर के विकृत किया गया है ताकि उसकी पहचान न हो सके।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042

संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं जो की प्रदीप पुत्र रामपत निवासी गांव महमूदपुर माजरा तहसील गन्नौर जिला सोनीपत ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र पवन मेरे वह मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमानी करता है मैं पवन को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल और संबंध विच्छेद करता हूं आज के बाद अगर कोई भी पवन से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी वह मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी**

## बेदखली सूचना

**मै जो कि नौरत्न पुत्र काशी राम निवासी गांव पांची जाटान तहसील गन्नौर जिला सोनीपत का निवासी हूं मैं हल्फ से बयान करता हूं कि मेरा लडका मोहित व उसकी पत्नी सपना मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों से काफी समय पहले से कहने सुनने से बाहर है और वे अपनी मनमानी करते है । मैं उपरोक्त दोनों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। मेरा व मेरे परिवार का उनसे कोई ताल्लुक नहीं है। भविष्य में उनसे कोई लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।**

## नाम परिवर्तन

मैं, केला देवी पत्नी जेसी-145074 पत्नी नायब सुबेदार स्व. भाना राम निवासी गांव-टिटोली, पोस्ट ऑफिस-टिटोली, जिला-रोहतक (हरियाणा) बयान करती हूं कि मेरे पति के पीपीओ संख्या एमआईजीएस 0294791988 में मेरा नाम गलती से कमला देवी लिखा गया है, जबकि मेरा सही नाम केला देवी है और जन्मतिथि 01.01.1949 है, जिसे तदनुसार संशोधित किया जाए।

# मुख्यमंत्री ने विधानसभा से वॉकथॉन को हरी झंडी दिखाई

**'बाबा साहेब किसी एक जाति के नहीं, संपूर्ण राष्ट्र के महानायक है, उन्हें केवल स्मरण नहीं, अपने कर्मों से जीवन में उतारना है, स्कूलों में विशेष विधानसभा सत्र आयोजित किए जाएंगे'**






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को दिल्ली विधानसभा से डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य आयोजित वॉकथॉन को हरी झंडी दिखाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब किसी एक जाति के नहीं, संपूर्ण राष्ट्र के महानायक है, उन्हें केवल स्मरण नहीं, अपने कर्मों से जीवन में उतारना है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब से प्रेरित दिल्ली के स्कूलों में विशेष विधानसभा सत्र आयोजित किए जाएंगे। दिल्ली सरकार सामाजिक समरसता व संवैधानिक मूल्यों के प्रति जनजागरूकता और प्रतिबद्धता निभाने के लिए सतत रूप से कार्यरत है। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली विधानसभा में वॉकथॉन का आयोजन किया जिसमें सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया। दिल्ली सरकार उनके दिखाए रास्ते पर चलने और यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। दिल्ली में हर नागरिक को दिल्ली सरकार के माध्यम से उसका अधिकार और सम्मान की रक्षा होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम ये मानते हैं कि बाबा साहेब कहने के व्यक्तित्व नहीं थे जीने के व्यक्तित्व थे। आज के समय में अपने कर्मों के माध्यम से उनको याद किया जाए और जिया जाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार बाबा साहेब के दिखाए हुए रास्तों और सिद्धांतों अनुसार काम करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

**प्रतिबद्ध**

**दिल्ली सरकार बाबा साहेब के दिखाए हुए रास्तों और सिद्धांतों अनुसार काम करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध**

# नाबालिग की चाकू घोपकर हत्या, तीन नाबालिग पकड़े



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दक्षिण पूर्वी जिले के गोविंदपुरी इलाके में शनिवार देर रात एक 17 वर्षीय नाबालिग की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। मृतक की पहचान कृष के रूप में हुई है। गोविंदपुरी थाना पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर तीन नाबालिग को पकड़ा। पूछताछ में नाबालिगों ने खुलासा किया कि मृतक उनके साथ स्कूल में पढ़ता था। वह छोटी-छोटी बातों पर उनकी पिटाई करता था। उसने उन्हें धमकी दी थी कि वह उन्हें और उनके परिवारों को नुकसान पहुंचाएगा। मार पिटाई से तंग आकर तीनों नाबालिगों ने मृतक को सबक सीखने की योजना बनाई। बीती रात उसे बात करने के लिए बुलाया और उसके ऊपर चाकू से हमला किया। दक्षिण पूर्वी जिले के डीसीपी रवि कुमार सिंह ने बताया कि कृष परिवार के साथ भूमिहीन कैंप में रहते थे।

**वारदात**

**दक्षिण पूर्वी जिले के डीसीपी रवि कुमार सिंह ने बताया कि कृष परिवार के साथ भूमिहीन कैंप में रहते थे।**

# झटपट डिलीवरी करने वाली कंपनियों के खिलाफ अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** झटपट डिलीवरी करने करने वाली कॉमर्स कंपनियों के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर एक अभियान चलाया चलाया जाएगा। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स, ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन और ऑल इंडिया कंज्यूमर प्रोडक्ट डिस्ट्रीब्यूटर्स संयुक्त रूप से यह अभियान चलायेगा। 22 अप्रैल को 'क्विक कॉमर्स कंपनियों का क्रूर चेहरा' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के महासचिव एवं सांसद प्रवीण खंडेलवाल का कहना है कि झटपट यानी 10 मिनट में सामान पहुंचाने का दावा करने वाली कंपनियां असल में छोटे व्यापारियों को समाप्त कर रही हैं।
इसके अलावा यह अपने यहां काम करने वाले कर्मचारियों का भी शोषण कर रही हैं। 10 मिनट में सामान आपूर्ति करना इंसान तो क्या रोबोट के लिए भी संभव नहीं है। इसलिए व्यापारियों के समूहों ने मिलकर इसके खिलाफ मुहिम चलाने का फैसला लिया है।
इसी अभियान के तहत 22 अप्रैल को क्विक कॉमर्स का क्रूर चेहरा विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

# संसद भवन की लॉन में मनाया जाएगा डॉ. अंबेडकर जयंती



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** डॉ. अंबेडकर की 135वीं जयंती का समारोह 14 अप्रैल को संसद भवन लॉन में प्रेरणा स्थल पर आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की ओर से डॉ. अंबेडकर फाउंडेशन (डीएएफ) के सहयोग से होगा। समारोह की शुरूआत सुबह राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, अन्य मंत्रियों, सांसदों और विद्वानों, छात्रों एवं आम जनता सहित अन्य आमंत्रित अतिथियों के पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ होगी। उसके बाद यह कार्यक्रम दोपहर 12:00 बजे तक जनता के लिए खुला रहेगा। डॉ. अंबेडकर फाउंडेशन (डीएएफ) उन लोगों की सहायता करेगा, जो बाबासाहेब अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। आम जनता को अलीपुर रोड स्थित डॉ. अंबेडकर राष्ट्रीय स्मारक (डीएएनएम) तक ले जाने के लिए डीएएफ की ओर से विशेष बसों का इंतजाम किया गया है। डॉ. अंबेडकर फाउंडेशन का गठन बाबासाहेब डॉ. बीआर अंबेडकर के संदेश और विचारधाराओं का प्रसार करने के लिए किया गया था। 1991 में बाबासाहेब डॉ. बीआर अंबेडकर की शताब्दी समारोह समिति का गठन किया गया था और इसकी अध्यक्षता भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री ने की थी। इस समिति ने डॉ. अंबेडकर (डीएएफ) की स्थापना करने का निर्णय लिया। 24 मार्च, 1992 को स्वायत्त निकाय डॉ. अंबेडकर फाउंडेशन (डीएएफ) की स्थापना केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के तत्वावधान में की गई थी।

**रूपरेखा तैयार**

**यह कार्यक्रम केंद्रीय सामाजिक न्याय की ओर से डॉ. अंबेडकर फाउंडेशन के सहयोग से होगा**

# अवैध रूप से भारत में रह रहे बांग्लादेशी नागरिक को पुलिस ने पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली जिला पुलिस फॉरनर सेल ने 11 अप्रैल को अवैध रूप से भारत में रह रहे एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी बांग्लादेशी नागरिक के खिलाफ एफआरआरओ की मदद से निर्वासन कार्यवाही शुरू कर दी गई है। 23 वर्षीय मोहम्मद नाहिद मियाह भुगली, मीरपुर बाजार, बांग्लादेश का रहने वाला है। उल्लेखनीय है कि बाहरी जिला पुलिस इस वर्ष 11 बांग्लदेशी नागरिकों को पकड़ चुकी है।


# दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने किया आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती से एक दिन पहले रविवार को दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने काली मस्जिद डीडीए फ्लैट्स (सीताराम बाजार वार्ड) में आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया। रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा इस प्रतिमा को स्थापित किया गया है। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग एवं दुष्यंत कुमार गौतम, एसोसिएशन अध्यक्ष नरेश कुमार, पूर्व विधायक राजकुमार आनंद, पूर्व पार्षद राकेश कुमार, प्रदेश भाजपा के सह-कार्यालय मंत्री अमित गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी और स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।
भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुघ एवं दुष्यंत गौतम ने उपस्थित लोगों को बाबा साहेब के विचारों और उनके योगदान को स्मरण कराते हुए उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के स्मरण मात्र से हम में समाजिक चेतना आती है। सचदेवा ने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनसे स्थानीय मुद्दों पर चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष ने इस दौरान पुरानी यादें ताजा की। वीरेन्द्र सचदेवा ने यहां अपना बचपन बिताया था। उन्होंने वहां कुछ समय बिताया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर समाजिक न्याय और एकता के प्रतीक हैं।

**प्रेरणास्त्रोत**

**बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है: वीरेंद्र सचदेवा**

## न्यूज फ्लैश

### गेहूं काटने खेत में चला गया परिवार, घर से लाखों रुपये कीमत के आभूषण व नकदी चोरी

**सोनीपत: मुरथल** थाना क्षेत्र के गांव मिमारपुर में घर से लाखों रुपये कीमत के आभूषण व नकदी के चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के क्षेत्र में लग सीसीटीवी खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव मिमारपुर निवासी मुकेश उर्फ मिंटू ने बताया कि उनका परिवार खेत में गेहूं की कटाई करने के लिए गया था। जब शाम को वापस घर लौटे तो घर का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। जांच की तो संदूक में रखे 1.16 लाख रुपये और सोने-चांदी के आभूषण गायब मिले। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची मुरथल थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई सुशील ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जाएगी। जल्द ही चोरों का पता लगाकर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### जानलेवा हमला करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र में जानलेवा हमला करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित को पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। आरोपित रामनिवास उर्फ मोगली निवासी खेड़ा खुर्द नरेला का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव कुंडली निवासी नवीन ने गत 21 अक्टूबर 2024 को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह कुंडली में जिम चलाता है। उसका दो दिन पहले अमन निवासी प्याऊ मनियारी के साथ झगड़ा हो गया था। वह 20 अक्टूबर को देर शाम अपने दोस्त अर्पित उर्फ प्रीत के साथ शिवा प्रॉपर्टी कार्यालय में बैठा हुआ था। उसी दौरान अमन अपने दोस्तों के साथ कार्यालय में घुस आया। उसे बाहर बाहर निकालकर जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। गोली उसके पैर में लगी व एक गोली दूसरे पैर में लगी। साथ ही कार्यालय के शीशे पर गोली लगी। शोर मचाने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसका उपचार करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी मंदीप की टीम ने वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वारदात में शामिल पांच आरोपितों को पहले गिरफ्तार कर लिया है।

### मंदिर के दानपात्र से 50 हजार रुपये चोरी

**सोनीपत: सेक्टर-27** शहर थाना क्षेत्र की सिक्का कॉलोनी स्थित मंदिर के दान पात्र से हजारों रुपयों की चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। मंदिर कमेटी के सदस्य ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। सिक्का कॉलोनी स्थित श्री सिद्ध शिव मंदिर की प्रबंधन कमेटी के सदस्य सुभाष छाबड़ा ने बताया कि सुबह मंदिर गए तो दानपात्र का ताला टूटा मिला। जांच की तो उसमें रखे करीब 50 हजार रुपये गायब थे। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत पुलिस ने मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई संजय ने बताया कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# यमुनानगर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाएगें कुरुक्षेत्र के नागरिक: सुभाष

## थर्मल यूनिट का शिलान्यास और हिसार में नए एयरपोर्ट का उद्घाटन व टर्मिनल का शिलान्यास करेंगे

**सौगात**

▶▶ भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को हरियाणा की जनता को बड़ी सौगात देंगे



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि यमुनानगर के इतिहास के साथ नए अध्याय को जोडने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 अप्रैल को पहुंच रहे हैं। इन ऐतिहासिक लमहों को ऐतिहासिक बनाने के लिए कुरुक्षेत्र के नागरिकों का भी अहम योगदान रहेगा। अहम पहलू यह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 14 अप्रैल को दोपहर 12 बजे गांव कैल में होने वाले विकसित भारत विकसित हरियाणा कार्यक्रम में कुरूक्षेत्र से 10 हजार से ज्यादा नागरिक व कार्यकर्ता पहुंचेगें। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को हरियाणा की जनता को बड़ी सौगात देंगे। इस दिन प्रधानमंत्री यमुनानगर में 800 मेगावाट क्षमता की थर्मल यूनिट का शिलान्यास और हिसार में नए एयरपोर्ट का उद्घाटन व टर्मिनल का शिलान्यास करेंगे। यह हरियाणा के लिए गर्व का क्षण होगा। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले से 400 बसों का इंतजाम किया गया है। इसमें 120 बसें हल्का पिहोवा, 122 बसे हल्का थानेसर, 102 बसे हल्का लाडवा व 57 बसे हल्का शाहबाद से यमुनानगर भेजी जाएंगी। अहम पहलू यह है कि इन बसों में 40 बसे सैल्फ हैल्प ग्रुप की महिलाओं के लिए आरक्षित की गई है। इस जिले के 45 गांव से 2 हजार से ज्यादा सैल्फ हैल्प ग्रुप की महिलाएं 14 अप्रैल को यमुनानगर कार्यक्रम में पहुंचेंगी।

उन्होंने कहा कि यमुनानगर में शुरू होने वाली थर्मल यूनिट का निर्माण भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसी परियोजनाएं प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि इन परियोजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन के अवसर पर यमुनानगर और हिसार में आयोजित होने वाली महारैलियों में लाखों लोग शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि यमुनानगर में 12 जिलों से और हिसार में 15 जिलों से जनता पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह दौरा हरियाणा के विकास के लिए ऐतिहासिक होगा। रादौर विधानसभा क्षेत्र से भी हजारों लोग मोदी जी को सुनने पहुंचेंगे।

# गोली चलाने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र पुलिस ने शाहाबाद आईलेट्स सेंटर पर गोली चलाने के आरोपियों को बाईक व हथियार उपलब्ध करवाने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने शुक्रवार को शाहबाद आईलैटस सैक्टर पर गोली चलाने में संलिप्त आरोपियों को हथियार और बाईक उपलब्ध करवाने के दो आरोपियों गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 1 देसी पिस्टल, 1 देसी कट्टा 315 बोर तथा कुल 3 जिन्दा रौंद बरामद किये गये हैं। जानकारी देते हुए अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी

**काबू**

▶▶ आरोपियों को हथियार और बाईक उपलब्ध करवाने के दो आरोपियों गिरफ्तार किया है

निरीक्षक मोहन लाल ने बताया कि 10 अप्रैल को शाहबाद के एक आईलेट्स सेंटर पर दो युवकों ने गोली चलाई थी जिसमें एक व्यक्ति घायल हुआ था। इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने अलग-अलग टीमों का गठन करके आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने के आदेश दिए थे।

# नशे से दूर रहकर सकारात्मक ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण में लगाएं युवा: धनखड़

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आहवान पर प्रदेश भर में ड्रग्स फ्री हरियाणा के संकल्प व संदेश के साथ चल रही साइक्लोथॉन 2.0 (साइकिल यात्रा) ने झज्जर जिले में प्रवेश किया। गुरूग्राम से जिला झज्जर में प्रवेश करते ही यात्रा का बाढ़सा गांव में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओपी धनखड़ की अगुवाई में सैंकड़ों की संख्या में एकत्रित गणमान्य लोगों, जिला प्रशासन के अधिकारियों, अंतराष्ट्रीय राष्ट्रीय खिलाडियों, युवाओं सहित क्षेत्र की सरदारी ने जोरदार और उत्साहवर्धक स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में जिला परिषद चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना, भाजपा जिला अध्यक्ष विकास वाल्मिकी, वरिष्ठ भाजपा नेता संजय कबलाना, राजपाल जांगड़ा, साइक्लोथॉन के प्रदेश सह संयोजक राजकुमार कटारिया ,सुनीता चौहान, अर्जुन अवार्डी पूनम चौपड़ा , जयवीर कोच, सरपंच ज्ञानचंद सहित अनेक कोच व खिलाड़ी मौजूद रहे ।

जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त प्रदीप दहिया और डीसीपी लोगेश कुमार पी ने यात्रा का अभिनंदन किया।

# विकसित भारत बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को रहना होगा स्वस्थ:मनोज

**अभियान**

▶▶ खेल प्राधिकरण की तरफ से चलाए जा रहे फिट इंडिया फिटनेस अभियान में भाग लेना होगा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि विकसित भारत और विकसित हरियाणा बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को स्वस्थ रहना होगा। इस प्रदेश के नागरिकों को स्वस्थ रहने के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण की तरफ से चलाए जा रहे फिट इंडिया फिटनेस अभियान में भाग लेना होगा। जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार रविवार को आरडब्लयूए लोटस ग्रीन सिटी सेक्टर 9 में भारतीय खेल प्राधिकरण की तरफ से फिट इंडिया फिटनेस अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले डीएसओ मनोज कुमार, डीआईपीआरओ डा. नरेन्द्र सिंह, साई के चीफ कोच कुलदीप सिंह वडैच ने फिट इंडिया फिटनेस अभियान के तहत साइकिल रैली को हरी झंडी देकर रवाना किया। इस साईकिल रैली में लोटस ग्रीन सिटी की तरफ से 40 से ज्यादा नागरिकों ने भाग लिया। यह साईकिल रैली लोटस ग्रीन सिटी और आस-पास के क्षेत्र के लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया अभियान तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नशा मुक्त हरियाणा का संदेश भी दिया।

उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक दौर में मनुष्य को अपने स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए खेल कूद गतिविधियों में भाग लेने की जरूरत है। इन खेल कूद गतिविधियों के साथ-साथ प्रत्येक मनुष्य को योगा, साईकिलिंग और नियमित रूप से सैर को अपने जीवन का हिस्सा बनाना होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण ने समाज को फिट रहने के लिए जन जागरण अभियान को शुरू करके एक सराहनीय कार्य किया है। इस फिट इंडिया अभियान में प्रत्येक व्यक्ति को बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। लोटस ग्रीन सिटी सेक्टर 9 आरडब्लयूए के प्रधान सुखविन्द्र सिंह ने भारतीय खेल प्राधिकरण कुरुक्षेत्र का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि फिट इंडिया अभियान के साथ जुडकर नागरिक अपने आप को स्वस्थ बना सकता है।

# मंदिर में आरती पूजा एवं प्रसाद वितरण किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** रविवार सुबह की अमृत वेला में श्री हनुमान जयंती एवं बैसाखी के शुभ अवसर पर धर्म नगरी कुरुक्षेत्र के पवित्र ब्रह्म सरोवर के तट पर स्थित श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर प्राचीन सिद्ध पीठ में भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र द्वारा सुबह की पावन वेला के समय मंदिर में आरती पूजा एवं प्रसाद वितरण का पावन पुनीत कार्य किया गया । इस अवसर पर भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष श्री विजयंत बिंदल जी ने बताया कि श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर कुरुक्षेत्र में स्थित बजरंगबली जी का बहुत ही प्रसिद्ध मंदिर है ,जो 16वीं शताब्दी में दक्षिण मुखी रूप में स्वत प्रकट हुए थे । ऐसी पावन पवित्र धर्म स्थल पर ऐसा पुनीत पावन कार्य करना एक बड़े सौभाग्य की बात है । इस पुनीत कार्य में परिषद के अनेक सदस्यों ने एवं समाज के अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया । इस अवसर पर शाखा सचिव बलजीत चावला ने बताया कि आज बैसाखी का पवित्र त्योहार होने की वजह से विश्व प्रसिद्ध ब्रह्म सरोवर पर आने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही । इस पुनीत कार्य में मैत्रेई शाखा की अध्यक्षा डॉ ममता सचदेवा भी उपस्थित रही जिनका कार्यक्रम में विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर प्रांतीय महासचिव अतुल गोयल विशेष रुप से उपस्थित रहे।

**पावन पुनित**

▶▶ सुबह की पावन वेला के समय मंदिर में आरती पूजा एवं प्रसाद वितरण का पावन पुनीत कार्य किया गया

# द रोर क्रिकेट क्लब मोरबी में टीम का चयन किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**



समालखा में आयोजित होने वाली चैंपियन ट्रॉफी 2025 के लिए द रोर क्रिकेट क्लब मोरबी में टीम का चयन किया गया। क्लब के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ० अली खान ने बताया की डीपीएस पानीपत सिटी समालखा में आयोजित होने वाला ये टूनार्मेंट 16 अप्रैल से 20 अप्रैल तक खेला जाएगा जिसमें विभिन्न राज्यों की 8 टीमें भाग ले रही है। गुजरात की ओर से भाग लेने वाली टीम का चयन मोरबी के द रोर क्रिकेट क्लब में हेड कोच मनदीप सिंह की निगरानी में आयोजित किया गया। टीम इस प्रकार है दीव जोटानीया(कप्तान) कृष्णा भोरानिया, यक्ष गोधानी( विकेट कीपर ),अंश भाकर, जयवीरसिंह जाला, प्रणव जोशी( उप-कप्तान), झील कानानी, श्रय मरवाणिया, रूषभ परमार, वर्चस्व शर्मा ,हर्षल पटेल, डेनिल अरदेशना शामिल है।

# किसान के खेत से सौर ऊर्जा संयंत्र चोरी

**सोनीपत: बहालगढ़** थाना क्षेत्र में किसान के खेत से सौर ऊर्जा संयंत्र के चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। किसान ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव खेवड़ा निवासी हिमांशु ने बताया कि उसके मेरठ रोड खेत है। जहां सौर ऊर्जा संयंत्र लगाया था। वह सुबह खेत में गए तो उनका सौर ऊर्जा संयंत्र उसकी प्लेट और तार गायब मिले। रात को किसी ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

# मां महाकाली मंदिर में हुई आठ मूर्तियों की स्थापना

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**




**कुरुक्षेत्र :** सिलसला रोड़ स्काईट कॉलेज के नजदीक स्थित मां महाकाली मन्दिर में संस्थापक श्रद्धेय गुरु श्री सुनील नाथ जी महाराज के सानिध्य में विद्वान ब्राह्मणों के द्वारा मां महाकाली के साथ साथ आठ अन्य देवी देवताओं की मूर्तियों की स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा करवाई गई कुरुक्षेत्र। मस्त फक्कड़ नाथ शिव शक्ति आश्रम ट्रस्ट कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष श्री जितेन्द्र बंसल ने बताया कि 4 अप्रैल 2025 को जयपुर में बनवाईं गई विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्तियां सुबह 6 बजे कुरुक्षेत्र पहूंची व 2 बजे नगर परिक्रमा करवाई गई। 5 अप्रैल से 10 अप्रैल तक प्रतिदिन सुबह वेदी पुजन, रुद्राभिषेक, मूर्ती वास, हवन व भण्डारा जलता रहा। 11 अप्रैल को सभी मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा हुई, शाम को विशाल भंडारा व जागरण हुआ। इस अवसर पर विशेष तौर से ददरेवा धाम राजस्थान से महन्त बालयोगी कृष्ण नाथ जी व मारकंडा डेरा शिव मन्दिर झांसा से योगी बाबा पाल नाथ जी पहूंचे। जागरण में महामाई का गुणगान राजफुल कुचरानियां, प्रियंका मालरा, मनोज वशिष्ठ व वृन्दावन से पहूंचे योगी राज ने किया। प्रसिद्ध हरियाणवी गायक मासूम शर्मा ने भी अपने व्यस्त समय में से समय निकाल कर जागरण में अपनी हाजरी लगाई। इस अवसर पर ट्रस्ट के सचिव सुमित पाठक, कोषाध्यक्ष उमा (शिव दुलारी), सुमित महैला, अश्विनी शर्मा, भक्त गौरव शर्मा, हठयोगी गोविंद नाथ, अभीषेक, राकेश बंसल, रमेश गोलन, उज्जवल, दीपांशु, अमित, सतपाल, निक्का, विपिन, तिलक राज,
पूनम, पिंकी, काव्यांश, रोहिल, मुकेश, अमित, रवि, सुषमा, पिंकी, मलखान, प्रभा, अंशिका, सुमन, स्मृति, चेतना, रीता, पूनम, वेद प्रकाश, आदि उपस्थित रहे।

**भंडारा**

▶▶ 5 अप्रैल से 10 अप्रैल तक प्रतिदिन सुबह वेदी पुजन, रुद्राभिषेक, मूर्ती वास, हवन व भण्डारा जलता रहा

# नगर परिषद से लाल डोरे का प्रमाण पत्र लेना-जी का जंजाल साबित हुआ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** नगर परिषद के अधीक्षक सुभाष चंद द्वारा 74 वर्षीय (उम्रदराज) , कर्मठ समाजसेवी तथा वरिष्ठ पत्रकार देस राज भटनागर को जानबूझकर अपमानित / जलील करने का मामला प्रकाश में आया है। डी.आर. भटनागर ने दर्द भरे लहजे में बताया कि वे अभी हाल में ही नगर परिषद के संबंधित कमिश्नर रैंक के अधिकारी सतिंदर सिवाच से वांछित दस्तावेज देकर, उनके समक्ष इस बात के साक्ष्य भी प्रस्तुत किए थे कि उनका निवास स्थान थानेसर शहर में लाल डोरे का क्षेत्रफल में पड़ता है। नगर परिषद के शीर्ष आलाधिकारी प्रभावित उम्रदराज देस राज भटनागर द्वारा उन्हें इस संबंध मे दिखाए गए दस्तावेज से जब प्रभावित हो गए तो उन्होंने उनसे मिलने आए उम्रदराज को साफ तौर पर कहा कि आप इसी समय नगर परिषद में जाकर अपना लाल डोरे का सर्टिफिकेट ले लें । उन्होंने तत्काल प्रभाव से अपने विभाग की अधीक्षक स्तर कि एक महिला को स्पष्ट आदेश देते हुए कहा कि अभी नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी और अधीक्षक को आदेश दें कि अविलंब देस राज भटनागर को लाल डोरे का सर्टिफिकेट जारी कर दिया जाए। प्रभावित पीड़ितजन देस राज भटनागर ने बताया कि उनके सामने उनके विभाग की अधीक्षक स्तर की महिला ने नगर परिषद में इस बाबत फोन भी किया था । प्रभावित पीड़ितजन देस राज भटनागर ने जब नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार से मिलने की कोशिश की तो उनके ऑफिस के बाहर ड्यूटी दे रहे सेवादार ने यह तर्क देकर कि अन्दर मीटिंग चल रही है इसलिए अमुक सेवादार ने किसी को भी कार्यालय में प्रवेश नहीं करने दिया। ऐसे में मजबूरन करीब आधा दर्जन उम्रदराज लोगों जिनमें देस राज भटनागर भी सम्मिलित था, वे सभी एकत्रित होकर नगर परिषद के अधीक्षक सुभाष चंद से मिलने चले गए। करीब आधा दर्जन उम्रदराज लोगों को अपने कक्ष में एकसाथ आया देखकर वे देस राज भटनागर पर अचानक भड़क गए। उन्होने देस राज भटनागर को सभी के सामने बुरी तरह से अपमानित/ जलील किया और यहां तक धमकी दे डाली कि तुमसे जो बन पड़े कर लो, मेरी शिकायत जहां करनी हो कर दो, मेरा कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता । इतना ही नही उन्होंने देस राज भटनागर सहित सभी बुजुर्गों को धक्का देकर अपने कमरे से बाहर निकाल दिया । ऐसे में मजबूर होकर देस राज भटनागर ने अपने साथ बीती व्यथा का नगर परिषद के कमिश्नर रैंक के शीर्ष जिम्मेवार सतिंदर सिवाच को सारी व्यथा उनके व्हाट्स एप पर लिख डाली। उन्होंने जो व्यथा उन्हें लिखी उन्होने इसकी एक एक कॉपी डीआईपीआरओ डाक्टर नरेंद्र सिंह, ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के डी सिंह के साथ साथ हरियाणा स्टेट बॉडी के जिम्मेवार पदाधिकारियों को भी लिख दी। देस राज भटनागर ने आगे बताया कि उनका निवास स्थान शहर के बीचोबीच एकमात्र राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के मुख्य गेट के पास स्थित है।

**अपमानित**

▶▶ उनसे मिलने आए उम्रदराज को साफ तौर पर कहा कि आप इसी समय नगर परिषद में जाकर अपना लाल डोरे का सर्टिफिकेट ले लें

# पत्रकारों के हितों की बुलंद आवाज बनेगा पत्रकार एकता संघ:अनिल वर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**



**लॉर्ड** कृष्णा पब्लिक स्कूल समालखा में धूमधाम से मनाया गया बैसाखी का त्यौहार स्कूल में सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया स्कूल पर प्रबंधक सुरेंद्र सिंह ने बच्चों को बताया भारत एक कृषि प्रधान देश है और हमारे देश की अर्थव्यवस्था कृषि आधारित है इसलिए हमें अपनी सभ्यताओं और जड़ों को हमेशा मजबूत करना चाहिए और बच्चों को आधुनिक कृषि पद्धति से जुड़ना चाहिए और विद्यालय प्रभारी ने सभी विद्यार्थियों को यह बताया कि बैसाखी का त्योहार गेहूं की फसल कटाई वह रबी की फसलों की कटाई व अन्य फसलों के पकने की खुशी में मनाया जाता है बहुत सारे बच्चों ने पंजाबी गिद्दे और बोलियां पर नृत्य की प्रस्तुति की और फसल पकने पर हरियाणवी लोकगीत गए गए इस अवसर पर विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य आशु, निशा, नितेश, मोनिका, प्रियंका , शिखा, सृष्टि, दिक्षु, जसवीर, संदीप त्यागी, कमल ,वासुदेव आदि उपस्थित रहे।

# भीमराव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष में मेगा स्वच्छता अभियान का आयोजन

**मेगा अभियान**

**डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के उपलक्ष में प्रदेशभर में मेगा स्वच्छता अभियान चलाया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** स्वच्छ भारत मिशन के मीडिया कोऑर्डिनेटर पवन कुमार ने बताया कि संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के उपलक्ष में प्रदेशभर में मेगा स्वच्छता अभियान चलाया गया, यह स्वच्छता अभियान स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के तत्वाधान में आयोजित हुआ। इस स्वच्छता अभियान के माध्यम से प्रदेश सरकार का उद्देश्य युवाओं को स्वच्छता अभियान से जोडना और बाबा साहब के आदर्शों को सम्मान देना है।

स्वच्छ भारत मिशन के मीडिया कोऑर्डिनेटर पवन कुमार ने जिले में आयोजित स्वच्छता अभियान में कहा कि प्रदेश सरकार ने बाबा साहब के विचारों को सार्थक किया है और उनके आदर्शों को सम्मान दिया है। उन्होंने कहा कि



बाबा साहेब डॉण्भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष में प्रदेशभर में विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रम किये जा रहे हैं। आज प्रदेश के सभी जिलों, खंडों, शक्ति केंद्रों, अंबेडकर जी की प्रतिमा स्थल, चौपाल, मार्केट व सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें लोगों ने बढचढ कर भाग लिया ।

भाजपा कर्ण मंडल के अध्यक्ष नवीन बत्रा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न की उपाधि दी और उनकी जयंती पर अवकाश घोषित किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बाबा साहेब के आदर्शों पर चलकर आज समाज में एकता और समरसता का संदेश दे रही है।

उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा में आ रहे हैं और जहां वे प्रदेशवासियों को करोड़ों रुपए की सौगात देंगे। उन्होंने इस अवसर पर सभी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को सुनने के लिए रैली में आने की अपील की। पार्षद मोनिक गर्ग ने कहा कि स्वच्छता का विषय हर व्यक्ति से जुड़ा हुआ है। जब मोदी जी पहली बार प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने लाल किले से समस्त लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया था। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का पूरा जीवन समाज के पिछड़े वर्ग और वंचित वर्ग के लिए समर्पित रहा। उन्होंने शोषित वंचित लोगों को न्याय और समान अधिकार दिलवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

करनाल के वार्ड 12 में पुराना बस स्टैंड के पीछे हुडा कांप्लेक्स में सफाई अभियान की शुरूआत की गई। इसमें भाजपा कर्ण मंडल अध्यक्ष नवीन बत्रा, पार्षद मोनिक गर्ग सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी व नगर निगम के अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे। इन सभी ने हुड्डा मार्केट कांप्लेक्स में स्वच्छता अभियान में भाग लिया तथा लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता राजवीर राणा, मा. रामेश्वर, सुभाष कश्यप, कमल गुप्ता, निगम के सफाई निरीक्षक मनदीप सिंह, गुरुदेव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# रजनी बाला और नवीन कुमारी को नारी शक्ति सेवा सम्मान से किया सम्मानित

**सम्मान**

**नियुक्त रजनी बाला और नवीन कुमारी को नारी शक्ति सेवा सम्मान से विभूषित किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** प्रेरणा समिति हरियाणा द्वारा पिछले अनेक वर्षों से सेवाभवियों को सम्मानित करने का बीड़ा उठाया हुआ है। इस कड़ी में आज दूसरी श्रृंखला में करनाल नागरिक अस्पताल के रक्त कोष में नियुक्त रजनी बाला और नवीन कुमारी को नारी शक्ति सेवा सम्मान से विभूषित किया गया। प्रेरणा समिति हरियाणा के संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा उन्हें यह सम्मान क्षेत्रीय रक्त संचरण अधिकारी डॉ. संजय वर्मा और अन्य गणमान्य लोगों की



उपस्थिति में प्रदान किया गया। डॉ. अशोक कुमार वर्मा आज कुरुक्षेत्र से करनाल पहुंचे और नारी शक्ति सेवा सम्मान से रजनी बाला और नवीन कुमारी को सम्मानित करते हुए उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविरों के अंतर्गत उन्होंने उपरोक्त दोनों महिलाओं को निष्ठापूर्वक अपने कर्तव्य को निर्वहन करते हुआ पाया तो उन्हें लगा कि वे इस स मान की सर्वथा अधिकारी हैं।

प्रेरणा समिति हरियाणा द्वारा समय समय पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महानुभावों का सम्मान किया जाता है। क्षेत्रीय रक्त संचरण अधिकारी डॉ. संजय वर्मा ने इस अवसर पर कहा कि प्रायः सम्मान के लिए उपयुक्त कुछ ऐसे लोगों की अनदेखी होती है, लेकिन प्रेरणा समिति हरियाणा द्वारा परख करने की कसौटी बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने रजनी बाला और नवीन कुमारी को नारी शक्ति सम्मान मिलने पर बधाई देते हुए कहा कि निष्ठापूर्वक किया गया कार्य सर्वदा श्रेष्ट होता है।

# त्रिलोक चंद व्यास ने दो मेडल जीतकर किया नाम रोशन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**सनौली** खुर्द निवासी इकहत्तर वर्षीय त्रिलोक चंद इन्सां ने एक बार फिर 43ँ खेलो मास्टर्स गेम्स फाउन्डेशन दवारा आयोजित मेराथन मे 800 मीटर मे प्रथम स्थान पर रहकर गोल्ड व 5 किलोमीटर मे तृतीय स्थान पर रहकर मेडल प्राप्त कर अपने हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन किया। इस अवसर पर आयोजको मे रामसिहं,शैलेन्द्र, मिश्रा आदि तथा भारतीय तीरंदाजी ओलंपिक संघ के सह सचिव वीरेन्द्र सचदेवा,सतीश केरला व विधायक रवि नेगी आदि मौजूद रहै।उन्होने सीनियर सिटीजन ग्रूप मे कोच शिवा माही के मार्गदर्शन मे राष्ट्रीय स्तर पर अलग अलग रेस लगाकर मेडल प्राप्त किया । इससे पहले उन्होने सोनीपत मेराथन, भिवानी मेराथन, गुरूग्राम मे आरइएम रनिंग एंड इंटरटेनमेंट मीडिया की तरफ से सीनियर सिटीजन ग्रूप मे दौडते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर एक साथ तीन गोल्ड मेडल के साथ शील्ड प्राप्त कर अपना लोहा मनवाया था।इस अवसर पर उनको पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।जिस उम्र मे लोग चारपाई से भी नही उठ पाते और वे रेस लगा कर मेडल हासिल करते है, इससे सभी आचमिभत है।उन्होने बताया की यह उनका सोहलवा मेडल है इससे पहले भी वे दो बार गुरूग्राम कीआरइएम रनिंग रेस, माड रेस, जालंधर की वन रेस, गुडगाँव रेस



**मैराथन**

**वह एक साधारण किसान परिवार मे जन्मे तथा अपना जीवन भी खेती करते हुए यापन करते है**

तथा वेदांता दिल्ली आफ मेराथन 2024 अन्तरराष्ट्रीय रेस की सीनियर सिटीजन रेस व पानीपत मेराथन मे भी दौड लगाकर गोल्ड मेडल हासिल कर चुके है। जीत की खबर मिलते ही समस्त ग्राम मे खुशी का माहौल छा गया तथा परिवार को बधाई देने वालो का तांता लग गया। त्रिलोक चंद इन्सां ने बताया की वह एक साधारण किसान परिवार मे जन्मे तथा अपना जीवन भी खेती करते हुए यापन करते है तथा अपने सभी बच्चो को उच्चतम शिक्षा भी प्राप्त कराई है ।

# शराब ठेकों पर लूट करने वाले गिरोह का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने जीटी रोड पर सेक्टर 29 बाइपास स्थित शराब ठेके पर व समालखा व पट्टीकल्याण के बीच स्थित शराब ठेके से हथियार के बल पर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह के तीसरे आरोपी को शनिवार देर शाम मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर देवीलाल पार्क के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान सुखविंदर उर्फ सुख्खा निवासी जगजीवन राम कॉलोनी के रूप में हुई। बीती 27 मार्च की रात आरोपी दोनों जगह पर शराब ठेकों से 2 लाख 30 हजार रूपए की राशि लूटकर फरार हो गए थे। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर



सुमित सरोहा ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने मामले में गिरफ्तार हो चुके अपने साथी आरोपी साहिल निवासी गांजबड़, फारूख निवासी कप्तान नगर व फरार साथी आरोपी मोहित निवासी मुरथल के साथ मिलकर लूट की उक्त वारदातों को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पूछताछ में खुलासा हुआ फरार आरोपी मोहित अपने एक दोस्त से करेटा गाड़ी मांग कर लाया था। आरोपियों ने लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद करेटा गाड़ी सोनीपत में छुपाकर खड़ी कर दी थी। आरोपी सुखविंदर उर्फ सुख्खा ने अपने हिस्से में आई लूट की राशि में से कुछ पैसे खर्च कर दिए। पुलिस टीम ने आरोपी के कब्जे से बचे 8 हजार

**काबू किया**

**ठेके से हथियार के बल पर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह के तीसरे आरोपी को काबू किया**

रूपए बरामद करने के साथ ही उसकी निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त करेटा गाड़ी सोनीपत से बरामद की। रविवार को आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया।

रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से फरार आरोपी मोहित के ठिकानों का पता लगा पकड़ने का प्रयास करेंगी।

# 2 लाख 15 हजार 488 मीट्रिक टन गेंहू की हुई आवक : उत्तम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि जिला की मंडियों में गेंहू की आवक जारी है। मंडियों में गेहूं की आवक के द्दष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध पहले से ही पूरे कर लिए गए थे। शनिवार तक जिले में करीब 2 लाख 15 हजार 488 मीट्रिक टन गेंहू की आवक विभिन्न परचेज सेंटरों व मंडियों में हुई जिसे सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदा गया। मंडियों से गेहूं उठान तुरंत करवाने के आदेश खरीद एजेंसी को दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों में गत दिवस तक करीब 2 लाख 15 हजार 488 मीट्रिक टन गेंहू की मंडियों में आवक हुई जिसमें से खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 95907 मीट्रिक टन तथा हैफेड द्वारा 45053 मीट्रिक टन व हरियाणा वेयर हाउसिंग द्वारा 3911 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि जो भी किसान मंडी में आए, वह अपने क्रमानुसार ही आएं ताकि समय पर उनकी फसल की खरीद हो सके। उन्होंने कहा कि किसान खेतों में फानों में आग न लगाएं। इससे जहां प्रदूषण को बढ़ावा मिलता है।

# आपसी विवाद व तोडफोड़ के मामले मे दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** बीती शाम पुलिस चौकी सदर बाजार के इंचार्ज सहायक उप निरीक्षक सतीश कुमार की अध्यक्षता में पुलिस टीम द्वारा गुप्त सुचना के आधार पर समीप बाल्मीकि बस्ती से दो आरोपियों सुमित पुत्र सुरेश और गुलफाम पुत्र बुद्धू निवासी बाल्मीकि बस्ती करनाल को गिरफ्तार किया गया। इस सबंध में चौकी प्रभारी ने बताया कि आरोपियों द्वारा 19 जनवरी की रात को बहादुर चंद कॉलोनी में एक मकान के सामने पार्किंग में खड़ी गाड़ी के शीशे



तोड़े गए थे। गहनता से पूछताछ में पाया गया कि आरोपी पहले भी गाड़ी के शीशे तोड? की वारदात को अंजाम दे चुके हैं। इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ थाना शहर करनाल में मुकदमा दर्ज किया गया था। आज आरोपियों को अदालत में पेश किया गया।

# सरकार आमजन मानस को सहूलियत देने के लिए 24 घंटे कार्य कर रही: मनोहर लाल

**सौगात**

**इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री प्रदेश को करोड़ों रुपये के विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल के सांसद और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 14 अप्रैल को यमुनानगर में 800 मेगावाट बिजली परियोजना का शिलान्यास करने के लिए आ रहे हैं। आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में विकास के मार्ग पर तेजी से बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब भी हरियाणा में आते हैं, बड़ी सौगात देकर जाते हैं।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल भाजपा नेता राकेश नागपाल के निवास पर बातचीत कर रहे थे। इससे पहले राकेश नागपाल ने केंद्रीय मंत्री का निवास पहुंचने पर फूलों के गुलदस्ते देकर अभिनंदन किया। इस बार भी संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री प्रदेश को



करोड़ों रुपये के विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। हिसार में वह पहले हिसार एयरपोर्ट की सौगात प्रदेशवासियों को देंगे। वहां से पहली फ्लाइट अयोध्या के लिए रवाना होगी। इसके अतिरिक्त भी जो फ्लाइट वहां से रवाना होनी है, उनकी रूपरेखा बनाई जा रही है।

हिसार का एयरपोर्ट हरियाणा का पहला अपना एयरपोर्ट होगा। मनोहर लाल ने कहा कि इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यमुनानगर में 800 मेगावाट का थर्मल प्लांट का शिलान्यास होने जा रहा है। पहले से 600 मेगावाट के प्लॉट वहां लगे हुए हैं। नया प्लॉट 800 मेगावाट का लगेगा। इससे प्रदेश की बिजली सप्लाई और अच्छी होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सबका साथ सबका विकास और हरियाणा एक हरियाणवी एक की नीति को आधार बना कर ट्रिपल इंजन की सरकार तीन गुणा तेज गति के साथ विकास कार्य करवाएंगी। इस प्रदेश के सभी हल्कों में छोटी और बड़ी परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा पूरा खाका भी तैयार कर लिया गया है। इस प्रदेश के हर व्यक्ति को खुशहाल बनाने की सोच लेकर सरकार आगे बढ़ रही है। इसके साथ ही आमजन की एक-एक समस्या को तवज्जो देकर सरकार समाधान कर रही है।

उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार आमजन मानस को सहूलियत देने के लिए 24 घंटे कार्य कर रही है।

इस देश व प्रदेश में समाज के अंतिम व्यक्ति की समस्या और सोच को जहन में रखकर जनकल्याणकारी योजनाएं तैयार की जा रही है।

# भारतीय योग संस्थान ने कार्यकर्ताओं को करवाई शंख प्रक्षालन क्रिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : भारतीय योग संस्थान, कुरुक्षेत्र जिला इकाई द्वारा आज साधकों को शंख प्रक्षालन क्रिया करवाई गई। संस्थान के योगाश्रम मिजार्पुर में आयोजित कार्यक्रम में 106 से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर द्वारा शंख प्रक्षालन क्रिया के निषेध, सावधानियां, लाभ व विधि बताकर यह क्रिया करवाई गई । प्रांतीय प्रधान ओमप्रकाश ने शंख प्रक्षालन के पश्चात सभी को 30 मिनट का शवासन करवाया । अंत में प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार अरोड़ा, जिला प्रधान देवी दयाल सैनी व




सौरभ मोदी द्वारा बनाई गई देसी घी से तर स्वादिष्ट खिचड़ी सभी को खिलाई गई । अर्जुन जिला प्रधान मनीराम सैनी, मंत्री सतपाल सिंह, जोन प्रधान भीमराज सैनी, रामचंद्र सरपंच, चानन सिंह, जय भगवान इत्यादि, भीष्म जिला प्रधान सीमा सांगवान, उप प्रधान जगबीर सांगवान, मंत्री हरि कृष्ण भारद्वाज, जसवंत सिंह, कृष्ण जिला प्रधान देवी दयाल सैनी, जोन प्रधान मिथिलेश चौधरी, मांगेराम, सतीश गाबा इत्यादि, युधिष्ठिर जिला से डॉ राजवीर, शकुंतला इत्यादि, ब्रह्म सरोवर जिला से सेवा सिंह, सौरभ मोदी इत्यादि, पानीपत पूर्वी जिला से प्रधान हवा सिंह व मंत्री दीपक सचदेवा के नेतृत्व में 10 साधक, श्री गुरु तेग बहादुर जिला पानीपत से संरक्षक डॉ रामेश्वर दयाल कुलश्रेष्ठ के नेतृत्व में तीन साधक, लाड़वा व रादौर से कुल 17 साधक व करनाल से दो साधकों सहित 106 से अधिक साधक

**यौगिक क्रिया**

**संस्थान के योगाश्रम मिर्जापुर में आयोजित कार्यक्रम में 106 से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित थे**

उपस्थित थे ।

शंख प्रक्षालन है क्या ? इसे क्यों करें ? इसके लिए क्या क्या सावधानियां आवश्यक हैं ? संस्थान के प्रांतीय प्रधान ओम प्रकाश ने बताया कि यहां शंख का अर्थ है पेट या आंतें और प्रक्षालन का अर्थ है धोना । इस क्रिया से अंतःवाहिनी नली कंठ से गुदा तक शुद्ध हो जाती है।

# आर्य बाल भारती स्कूल पानीपत में जलियांवाला बाग में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**हिंदुस्तान** स्काउट गाइड के जवानों ने अध्यापकों के साथ मिलकर शहीदों को याद करते हुए नशा मुक्त अभियान चलाया । इस कार्यक्रम की जानकारी विधायल के प्रधान रणदीप सिंह आर्य ने दी उन्होंने बताया की हमारे स्कूल में सभी महापुरुषों को याद किया जाता है आज ही के दिन जलियावाले बाग में अंगेजों ने गोलियों से भून दिया था और कुछ लोगो ने कुए में कूद कर जान बचाई थी अनेकों लोग घायल हुए थे और काफी संख्या में लोग मारे गए थे ।

स्वामी दयानंद स्वामी श्रद्धानंद भगत




फूल सिंह स्वामी ओमानद महाराज सभी देश भक्त थे और हमारे देश को आजाद कराने के लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया था। इस अवसर पर विद्यालय के उपप्राचार्य जगदीश चहल ने कहा कि हम सभी महान संत और महान गुरु और बलिदानियों को नमन करते हैं जिन्होंने हमे जीवन दिया इस अवसर पर राहुल सन्दु निजामपुर ने भी अपने विचार व्यक्त किए और कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहना चाहिए।

इस अवसर पर सोनिका दहिया , सुमन हुड़ा , अंजू देवी , सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

# जींद सुसराल में आए फतेहाबाद के युवक ने की आत्महत्या

**जींद।** उचाना खंड के गांव तारखां में अपनी पत्नी को लेने आये फतेहाबाद के युवक ने आत्महत्या कर ली। यहां पत्नी, साले और सास व ससुर ने उसके साथ झगड़ा किया तो युवक ने आहत होकर जहरीला पदार्थ निगल लिया। इससे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। उचाना थाना पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में फतेहाबाद जिले के टोहाना तहसील के अमाणी निवासी नानक सिंह ने बताया कि उसके बेटे गुरजीत सिंह की शादी 19 मई 2024 को उचाना के तारखां गांव निवासी रीना के साथ हुई थी।

# सदियों तक बाबा साहेब हम सबके प्रेरणापुंज रहेंगे: रंजीता

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

प्रमुख सामाजिक संस्था फैला उजियारा फाउंडेशन ने रविवार को संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जिले के गांव माण्डी में एक कार्यक्रम कर उन्हें पुष्प अर्पित किए और श्रद्धांजलि दी। संस्था प्रमुख कुमारी रंजीता कौशिक ने कहा की आज का दिन विशेष है क्योंकि बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती के साथ-साथ बैसाखी का पर्व भी है और इसी दिन गोरे अंग्रेजों ने जलियांवाला बाग में नरसंहार किया था।इस दुखद घटना पर सारा देश रोया था। उन्होंने कहा कि 13 अप्रैल कई कारणों से इतिहास का हिस्सा बना है। उन्होंने बैसाखी की इस पर्व की खास तौर पर किसानों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा



कि किसान देश की रीड है। इसी कारण से उसे अन्नदाता कहा जाता है। उन्होंने कहा कि हमें इस दिन को कदापि नहीं बोलना चाहिए। उन्होंने बताया कि

बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे महान चिंतक, समाज सुधारक, कानून विशेषज्ञ थे। वे शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार मानते थे उन्होंने'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो का नारा दिया था।

उन्होंने अपना पूरा जीवन दलित उत्थान के लिए लगा दिया। उन्होंने हमेशा समानता की बात की फिर चाहे वह मानवों के बीच समानता की बात हो या फिर कानून के समक्ष समानता की।

उन्होंने कहा कि संविधान की रचना में उनके योगदान के साथ-साथ आजाद भारत की संस्थाओं के निर्माण में उनकी

**बैसाखी**

**आज का दिन विशेष है क्योंकि बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती के साथ-साथ बैसाखी का पर्व भी है**

शानदार सक्रिय भूमिका रही। सबल और सशक्त भारत के निर्माण में सदियों तक बाबा साहेब हम सबके प्रेरणापुंज रहेंगे।

उन्होंने न सिर्फ संविधान निर्माण में सबसे अहम रोल अदा किया बल्कि समाज में दलितों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ भी आवाज उठाई।

उन्होंने भारतीय समाज में समानता लाने के भरसक प्रयास किए।

## संपादकीय

# सच का सामना करने को तैयार नहीं कांग्रेस

**लगातार** सिमटती जा रही कांग्रेस अभी भी सच का सामना करने को तैयार नहीं है। पिछले दिनों गुजरात में अहमदाबाद के साबरमती तट पर अपने दो दिवसीय अधिवेशन में कांग्रेस खोई जमीन पाने का सही रास्ता नहीं ढूंढ़ पाई। सालों बाद नेहरू-गांधी परिवार से बाहर के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस अध्यक्ष बने हैं। उनका कहना था कि कांग्रेस कार्यकर्ता लोकतंत्र के लिए आजादी की दूसरी लड़ाई में पूरी ताकत से जुटें। उन्होंने ईवीएम को धोखाधड़ी बताते हुए फिर से बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाने की मांग की। चुनाव हारने के बाद हर बार कांग्रेस और विपक्ष के नेता ईवीएम पर सवाल उठाते आए हैं। वे शायद भूल गए हैं कि लोकतंत्र को कुचलने के लिए आजादी के बाद एक ही बार आपातकाल लगा, वह भी कांग्रेस की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के शासन में। इसी तरह वक्फ संशोधन विधेयक पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सरकार पर कथित रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आएसएस) के नियंत्रण के खिलाफ आंदोलन चलाने की बात कही। वे यह अफसोस जता रहे थे कि कांग्रेस ब्राह्मण, दलित और मुस्लिम वोट को साथ रखने के प्रयास में अन्य पिछड़ी जातियों (ओबीसी) से दूरी बना ली और जातिगत गनगणना करवाने के लिए आंदोलन तेज करने के दावे किए। दो दिनों के अधिवेशन में अनेक भाषण हुए और प्रस्ताव पास हुए लेकिन पूरी बैठक में पार्टी भ्रम में जीती दिखी। पार्टी अध्यक्ष ने कहा कि जो सक्रिय नहीं रह सकता वह पार्टी छोड़ दे। इस अधिवेशन में न तो इस पर ठीक से चर्चा हुई कि आखिर ऐसा क्यों होता है कि जिन बड़े राज्यों तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात इत्यादि से कांग्रेस एक बार पराजित हुई तो वहां सालों-साल उसकी वापसी नहीं हो पाई। राष्ट्रीय स्तर पर भी वह लगातार तीन बार से सत्ता से बाहर है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जितनी आलोचना वे करते हैं, पार्टी की राजनीतिक जमीन उतनी ही खिसकती जा रही है। कांग्रेस को आजादी के 77 साल बाद देश के पहले उप प्रधानमंत्री, लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की याद आई। बावजूद इसके जिस राज्य में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ, उसी राज्य के केवड़िया में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर बनी दुनिया की सबसे ऊंची सरदार पटेल की प्रतिमा को नमन करने कोई कांग्रेस नेता आज तक नहीं गया। अंग्रेजों ने 1947 में देश को आजाद करने के साथ-साथ पांच सौ से अधिक रियासतों को भारत या पाकिस्तान में विलय करने की स्वतंत्रता देकर नई मुसीबत खड़ी कर दी थी। सरदार पटेल के प्रयास से उन रियासतों का भारत में विलय हुआ। सरदार पटेल आजादी के बाद कम समय जीवित रह पाए लेकिन उनकी कीर्ति का देश हजारों साल कर्जदार रहेगा। महात्मा गांधी से सलाह करके ही सरदार पटेल ने ऐतिहासिक सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण कराया। इस मंदिर के प्रण-प्रतिष्ठा समारोह में देश के पहले राष्ट्रपति डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद शामिल हुए। इसकी चर्चा करने से कांग्रेस के नेता बचते हैं। यह सर्वविदित है कि अयोध्या में भगवान राम की जन्मभूमि पर मंदिर बनाने का निर्णायक आंदोलन आरएसएस के संरक्षण में विश्व हिंदू परिषद आदि ने चलाया और अदालत के फैसले के बाद भव्य मंदिर का निर्माण लगभग अंतिम चरण में है।

# बाबा साहब की जयंती का शोर, विचारों से गैरहाज़िरी



–प्रियंका सौरभ

> “ क्या आपने सामाजिक न्याय के लिए कोई ठोस कदम उठाया? जवाब स्पष्ट है: शून्य। यदि वास्तव में आप बाबा साहेब की सच्ची श्रद्धांजलि देना चाहते हैं, तो एक वर्ष के लिए धार्मिक आयोजनों, दिखावटी अभियानों और मूर्ति अनावरणों का बजट काटिए। उस पैसे से सभी जातियों के लिए आर्थिक आधार पर न्याय की व्यवस्था कीजिए। सत्ता में जनसंख्या के अनुपात में हिस्सेदारी सुनिश्चित कीजिए। 50% कमीशनखोरी बंद करिए, निजीकरण की लहर पर विराम लगाइए। अगर आप यह कर सकें, तो यकीन मानिए – बाबा साहेब की आत्मा कहेगी, "अब तुमने मेरे विचारों को सिर्फ याद नहीं किया, बल्कि जिया है।" वरना, हाथी के दिखाने और खाने के दांतों में फर्क बना रहेगा – और यह फर्क ही एक दिन लोकतंत्र को निगल जाएगा ”

**बाबा** साहब के विचारों–जैसे सामाजिक न्याय, जातिवाद का उन्मूलन, दलित-पिछड़ों को सत्ता में हिस्सेदारी, और संविधान की गरिमा की रक्षा–को आज के राजनेता पूरी तरह नजरअंदाज कर रहे हैं।
राजनीतिक दल केवल वोट बैंक के लिए अंबेडकर की जयंती मनाते हैं, जबकि वे उनके विचारों से कोसों दूर हैं। जिन मुद्दों के लिए बाबा साहब ने जीवन भर संघर्ष किया–जैसे आरक्षण की सामाजिक भूमिका, जातिगत जनगणना, आर्थिक आधार पर प्रतिनिधित्व–उन्हें आज भी दरकिनार किया जा रहा है। संसद और विधानसभाओं में पूंजीपतियों, सेलेब्रिटीज को भेजा जा रहा है, जबकि वंचित वर्ग हाशिए पर है। क्या बाबा साहब की आत्मा तब तक संतुष्ट हो सकती है जब तक उनके सपनों का भारत साकार न हो? यदि सच में अंबेडकर को श्रद्धांजलि देनी है, तो उनके विचारों को व्यवहार में लाना होगा–वरना यह सब केवल एक दिखावा और ढोंग ही रह जाएगा।
देश भर में आज बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई जा रही है। मंदिरों की घंटियों की तरह मंचों पर माइक बज रहे हैं, फूलों की माला और भावुक भाषणों की बाढ़ है।
लेकिन इन सबके बीच एक सवाल लगातार मन को कुरेदता है – क्या यह श्रद्धांजलि है या सत्ता की साधना?
बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के महू में हुआ था। वे महार जाति से थे, जिसे अछूत समझा जाता था। सामाजिक बहिष्कार और अपमान के बीच उन्होंने शिक्षा हासिल की और कोलंबिया विश्वविद्यालय व लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स जैसे संस्थानों से उच्च शिक्षा प्राप्त की। यह उपलब्धि अपने आप में उस समय के भारत में एक क्रांति थी। बाबा साहेब ने सामाजिक अन्याय के खिलाफ मोर्चा खोला और 1956 में उन्होंने बौद्ध धर्म अपना लिया – एक ऐसा धर्म जो समता, करुणा और ज्ञान की राह दिखाता है। 6 दिसंबर 1956 को उन्होंने दुनिया को अलविदा कहा,



लेकिन उनके विचार आज भी जीवित हैं – बशर्ते उन्हें ज़िंदा रखा जाए।
आज जब हम संसद और विधानसभाओं की तरफ नजर डालते हैं, तो पाते हैं कि वहां बड़े पैमाने पर पूंजीपति, अभिनेता, खिलाड़ी मौजूद हैं। लेकिन जो बहुजन समाज सत्ता की सीढ़ी बनता है, उसे नीचे ही रहने दिया जाता है। जातिगत जनगणना से बचने वाली सरकारें, सामाजिक न्याय को स्थायी नीति में बदलने को तैयार नहीं हैं। यही कारण है कि समाज में गहराई से असमानता बनी हुई बाबा साहब की जयंती पर करोड़ों रुपये खर्च कर देना, बड़ी रैलियां और पोस्टर लगवा देना, उनकी मूर्तियों को फूलों से ढक देना – क्या यही श्रद्धा है? क्या ये वही लोग नहीं हैं जो बाबा साहब की किताबें कभी पढ़ते तक नहीं? क्या ये वही सियासी दल नहीं हैं जिनकी नीतियां प्रत्यक्ष रूप से संविधान की आत्मा के विरुद्ध जाती हैं?
यह ढोंग तभी रुकेगा जब हाथी के दांत खाने और दिखाने के एक कर दिए जाएं। जब कथनी और करनी में फर्क मिटेगा। और जब शासन सत्ता में सभी को जनसंख्या के अनुपात में हिस्सेदारी मिलेगी – तभी हम कह सकेंगे कि हमने बाबा साहब को सही मायनों में श्रद्धांजलि दी है।
जिस बाबा साहेब ने भारत के सबसे दबे-कुचले, हाशिए पर पड़े वर्गों को आवाज दी, संविधान में उनके अधिकार सुनिश्चित किए, उन्हीं के नाम पर आज वही लोग जयंती मना रहे हैं जिन्होंने उनके विचारों को कुचलने में कोई कसर नहीं छोड़ी।
बाबा साहेब ने स्पष्ट कहा था: "मैं हिंदू के रूप में पैदा हुआ, यह मेरे बस में नहीं था, लेकिन हिंदू होकर मरूंगा नहीं – यह मेरे वश में है।" इस ऐतिहासिक उद्घोषणा को समझने के बजाय, राजनेताओं ने उन्हें मूर्तियों तक सीमित कर दिया। संविधान, जिसे उन्होंने दलितों, पिछड़ों और गरीबों की रक्षा के लिए लिखा था, उसे आज बेतरतीब तरीके से तोड़ा-मरोड़ा जा रहा है।
बड़े दुख की बात है कि जिन दलों का जन्म ही दलितों और पिछड़ों के हक के लिए हुआ था, वे आज या तो सत्ता के लालच में चुप हैं या डर के मारे मौनव्रत धारण किए हुए हैं। बसपा जैसे दल बाबा साहेब का नाम लेकर सत्ता में आए, लेकिन आज उनके सिद्धांतों की रक्षा में सबसे पीछे हैं। सिर्फ चुनावी रणनीति बनकर रह गया है बाबा साहेब का नाम। आरक्षित सीटों से विधायक-सांसद बनने वाले लोग अपने-अपने दलों की गुलामी में मग्न हैं। वे दलित हितों पर हो रहे प्रहारों को मूकदर्शक बनकर देख रहे हैं। ऐसे में एक साधारण नागरिक के तौर पर मैं, विनेश ठाकुर, इन सत्ता-भोगी प्रतिनिधियों की कठोर निंदा करता हूँ।
आज जो लोग बाबा साहेब को याद कर रहे हैं, उनमें से अधिकांश ने उनके विचारों पर एक कदम भी चलने का साहस नहीं दिखाया। जातिगत जनगणना, जनसंख्या के अनुपात में सत्ता में हिस्सेदारी, शिक्षा और रोजगार में बराबरी जैसे मुद्दे आज भी लंबित हैं। इसके बजाय गरीबों को फ्री राशन देकर खुश करने की नीति अपनाई जा रही है – स्थायी रोजगार और गरिमा भरे जीवन की जगह भीख सरीखा जीवन दिया जा रहा है। लोकसभा और विधानसभाओं में बड़े-बड़े उद्योगपति, अभिनेता और खिलाड़ी पहुँचते हैं, लेकिन जिनके वोटों से सरकारें बनती हैं – दलित, आदिवासी, ओबीसी – वे आज भी हाशिए पर हैं। बाबा साहेब की असली विरासत की हत्या हो चुकी है और अब उनकी जयंती सिर्फ एक राजनीतिक इवेंट बन गई है। उनकी जीवनी सबको मालूम है – 14 अप्रैल 1891, महू (मध्यप्रदेश) में जन्म, अछूत मानी जाने वाली महार जाति से संबंध, बचपन में भेदभाव का शिकार, लेकिन अद्वितीय प्रतिभा से दुनिया को चौंका देने वाला व्यक्तित्व। उन्होंने पूरी दुनिया से ज्ञान अर्जित कर भारत के लिए एक ऐसा संविधान लिखा जो हर नागरिक को समानता, न्याय और स्वतंत्रता की गारंटी देता है। 1956 में उन्होंने बौद्ध धर्म अपनाकर सामाजिक विद्रोह किया। वे जीवन भर छुआछूत, जातिवाद, असमानता और राजनीतिक उपेक्षा के खिलाफ संघर्ष करते रहे। लेकिन आज, उनके नाम पर सिर्फ भीड़ जुटाई जा रही है, विचार नहीं। राजनीतिक दलों से मेरा सीधा सवाल है –

क्या आपने सामाजिक न्याय के लिए कोई ठोस कदम उठाया? जवाब स्पष्ट है: शून्य। यदि वास्तव में आप बाबा साहेब की सच्ची श्रद्धांजलि देना चाहते हैं, तो एक वर्ष के लिए धार्मिक आयोजनों, दिखावटी अभियानों और मूर्ति अनावरणों का बजट काटिए। उस पैसे से सभी जातियों के लिए आर्थिक आधार पर न्याय की व्यवस्था कीजिए। सत्ता में जनसंख्या के अनुपात में हिस्सेदारी सुनिश्चित कीजिए। 50% कमीशनखोरी बंद करिए, निजीकरण की लहर पर विराम लगाइए। अगर आप यह कर सकें, तो यकीन मानिए – बाबा साहेब की आत्मा कहेगी, "अब तुमने मेरे विचारों को सिर्फ याद नहीं किया, बल्कि जिया है।" वरना, हाथी के दिखाने और खाने के दांतों में फर्क बना रहेगा – और यह फर्क ही एक दिन लोकतंत्र को निगल जाएगा।

## कविता

### ज़िंदगी

तेरे बिना ये साँझ भी वीरान लगी,
हर सुबह भी अब तो अनजान लगी,
मैं मुस्कराया पर दिल रो दिया,
*दिकु, तूने इतनी गहराई से क्यों प्रेम किया?

तन्हा हुआ तो वक़्त भी थम गया,
हर रास्ता जैसे मुझसे छिन गया,
जब तू थी, हर मोड़ पे तूने हौंसला दिया,
*दिकु, तूने इतनी गहराई से क्यों प्रेम किया?

बातें अधूरी, ख्वाब भी चुपचाप हुए,
तेरे बिना लम्हे कितने बेहिसाब हुए,
तुझसे बिछड़ कर हर पल को मैं मर-सा जिया,
*दिकु, तूने इतनी गहराई से क्यों प्रेम किया?

आज भी भरोसा है की लौटेगी तू,
हर साँस में फिर से मुझे खोजेगी तू,
तेरी जुदाई ने सुकून मुझसे मेरा छीन लिया,
दिकु, तूने इतनी गहराई से क्यों प्रेम किया?

प्रेम का इंतजार अपनी दिकु के लिए

प्रेम ठक्कर

## – वर्तमान की जरूरत: डॉ0 अंबेडकर

**बाबा** साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर न केवल के संविधान की निमार्ता थे , बल्कि वह एक महान समाजशास्त्री , अर्थशास्त्री समाज सुधारक थे। उनके जयंती को मनाने के पीछे उनके विचारों का अनुपालन करना है किसी भी महापुरुष या संत की जयंती तिथि मनाने के पीछे हम उनको धन्यवाद करते हैं और उन्हें पुष्प अर्पित करके उनके विचारों को आत्मसात करते हैं और याद करते हैं, क्योंकि बाबा साहब ने कहा था कि जो व्यक्ति अपना इतिहास नहीं जानता, वह इतिहास नहीं लिख सकता।
वर्तमान समय में बाबा साहब की प्रासंगिकता बढ़ गई है वे एक महान दार्शनिक थे।
वर्तमान में समाज में जातिवाद आर्थिक विषमता और समानताएं और उच्च नीच की भावनाएं मौजूद है । डॉ अंबेडकर ने सदैव समान अधिकार और स्त्रियों के आजादी और दलितों की आजादी की बात करते हैं।
संविधान को रचना के पीछे उनका विचार था कि भारतीय संविधान एक समतावादी और लोकतांत्रिक आधार पर लिखा गया है।
डॉक्टर अंबेडकर ने बताया था कि अगर संविधान का सही उपयोग नहीं हुआ तो लोकतंत्र खतरे में पड़ सकता है।
उन्होंने कहा था कि शिक्षा ही एक ऐसा हथियार है जिससे व्यक्ति आत्मनिर्भर और जागरूक बन सकता है, उन्होंने सफलता का त्रिसूत्र दिया- शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो। डॉ अंबेडकर ने धर्म के नाम पर भेदभाव का विरोध किया। उन्होंने स्त्रियों के हक और अधिकार के लिए सर्वप्रथम मत देने का अधिकार दिया।
कुछ प्रमुख हस्तियों व विचारकों की नजर में डॉक्टर अंबेडकर-
1. ई.वी. रामासामी 'पेरियार' (सामाजिक सुधारक एवं बहुजन महापुरुष):
"अंबेडकर ने जाति के खिलाफ जो लड़ाई लड़ी, वह हर उस व्यक्ति के लिए प्रेरणा है जो सामाजिक बराबरी चाहता है।" पेरियार और बाबा साहब अंबेडकर के विचार जाति उन्मूलन और तर्कशीलता के मामले में समान थे।
2. शहीद-ए-आजम भगत सिंह: (युवा क्रांतिकारी, लेखक)
"अंबेडकर जैसे लोग समाज के सच्चे सिपाही हैं, जो अन्याय के खिलाफ लड़ते हैं। उनकी लड़ाई हमें जागृत करती है।" शहीद-ए-आजम भगत सिंह ने बाबा साहब अंबेडकर के सामाजिक सुधार के प्रयासों को क्रांतिकारी एवं समाज के लिए आदर्श माना।
3. मार्टिन लूथर किंग जूनियर:
"मैं डॉ. अंबेडकर के कार्य से बहुत प्रभावित हूँ। उनकी अहिंसक तरीके से सामाजिक बदलाव की लड़ाई मेरे लिए प्रेरणादायक है।" अमेरिकी अश्वेत नागरिक अधिकार आंदोलन के नेता किंग ने अंबेडकर के संघर्ष को अपने कार्य से जोड़ा, विशेष रूप से जाति और नस्लवाद के खिलाफ लड़ाई में उनका काफी बार जिक्र किया।
"डॉ. अंबेडकर का योगदान केवल संविधान तक सीमित नहीं है; उन्होंने सामाजिक और आर्थिक समानता के लिए जो दृष्टिकोण दिया, वह आज भी प्रासंगिक है।"

## विचार

# राष्ट्र के सजग पथ प्रदर्शक थे डा. आम्बेडकर

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**बाबा** साहेब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर हमारे देश के संविधान के निमार्ता ही नहीं अपितु दुनिया के सबसे बड़े राजनेताओं में से एक थे। उनकी दूर दृष्टि, उनके ज्ञान, लोगों को समझने का उनका नजरिया, जाति प्रथा के विरुद्ध उनके तेवर को देखते हुए ही उन्हें भारतीय संविधान सभा का अध्यक्ष चुना गया था। ताकि भारत का संविधान दुनिया के सर्वश्रेष्ठ संविधान में से एक हो। आज हम देखते हैं कि बाबा साहेब आम्बेडकर के नेतृत्व में रचित भारत का संविधान हमारे लोकतंत्र का एक सजग प्रहरी बनकर खड़ा हुआ है। जहां कहीं भी सरकार द्वारा नियम विरुद्ध कुछ किया जाता है तो संविधान उन्हें उनके कर्तव्य पथ की याद दिलाकर सही राह पर चलने की प्रेरणा देता है। भारत का संविधान आज दुनिया के सर्वश्रेष्ठ संविधान में से एक माना जाता है जिसका श्रेय बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर को जाता है। डॉ. भीमराव आम्बेडकर का जीवन दर्शन आज भी प्रासंगिक है क्योंकि इसने भारत की सामाजिक-सांस्कृतिक व्यवस्था को आकार देने में मदद की। पुरानी और पुरातन मान्यताओं से प्रगति लाकर भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र बनाया। बाबासाहेब भीमराव आम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के मऊ में एक गरीब परिवार मे हुआ था। वो भीमराव रामजी मालोजी सकपाल और भीमाबाई की 14 वीं सन्तान थे। उनका परिवार मराठी था जो महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले मे स्थित अम्बावडे नगर से सम्बंधित था। उनके बचपन का नाम रामजी सकपाल था। वे हिंदू महार जाति के थे जो अछूत कहे जाते थे। उनकी जाति के साथ सामाजिक और आर्थिक रूप से गहरा भेदभाव किया जाता था। एक अस्पृश्य परिवार में जन्म लेने के कारण उनको बचपन कष्टों में बिताना पड़ा था। देश में हर वर्ष 14 अप्रैल को बाबासाहेब डा.भीमराव आम्बेडकर की जयन्ती मनायी जाती है। बाबासाहेब की जयन्ती पर लोगों को संकल्प लेना चाहिये कि हम सब सच्चे मन से उनके बताये मार्ग का अनुशरण करेगें। उनके बनाये संविधान का पालन करेगें। ऐसा कोई काम नहीं करेगें जिससे देश के किसी कानून का उल्लघंन होता हो। चूंकि बाबासाहेब हमेशा जाति प्रथा, ऊंच नीच की बातों के विरोधी थे। इसलिये उनकी जयन्ती पर उनको श्रधांजली देने का सबसे अच्छा तरीका है उनके सिद्धांतो को अपने जीवन में अपनाये। बाबा साहेब आम्बेडकर कुल 64 विषयों में मास्टर थे। वे हिन्दी, पाली, संस्कृत, अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, मराठी, पर्शियन और गुजराती जैसे 9 भाषाओं के जानकार थे। इसके अलावा उन्होंने लगभग 21 साल तक विश्व के सभी धर्मों की तुलनात्मक रूप से पढाई की थी। डॉक्टर आम्बेडकर अकेले ऐसे भारतीय है जिनकी प्रतिमा लंदन संग्राहलय में कार्ल मार्क्स के साथ लगाई गई है। इतना ही नहीं उन्हें देश विदेश में कई प्रतिष्ठित सम्मान भी मिले है। भीमराव आंबेडकर के पास कुल 32 डिग्री थी। डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर के निजी पुस्तकालय राजगृह में 50 हजार से भी अधिक किताबें थी। यह विश्व का सबसे बडा निजी पुस्तकालय था। बाबा साहब का मानना था कि वर्गहीन समाज गढने से पहले समाज को जाति विहीन करना होगा। आज महिलाओं को अधिकार दिलाने के लिए हमारे पास जो भी संवैधानिक सुरक्षाकवच, कानूनी प्रावधान और संस्थागत उपाय मौजूद हैं। इसका श्रेय किसी एक मनुष्य को जाता है वे हैं डॉ. भीमराव आम्बेडकर। भारतीय संदर्भ में जब भी समाज में व्याप्त जाति, वर्ग और लिंग के स्तर पर व्याप्त असमानताओं और उनमें सुधार के मुद्दों पर चिंतन हो तो डॉ. आंबेडकर के विचारों और दृष्टिकोण को शामिल किए बिना बात पूरी नहीं हो सकती।

भारतीय संविधान के रचयिता डॉ. भीमराव आम्बेडकर का सपना था कि भारत जाति-मुक्त हो, औद्योगिक राष्ट्र बने, सदैव लोकतांत्रिक बना रहे। लोग आम्बेडकर को एक दलित नेता के रूप में जानते है। जबकि उन्होने बचपन से ही जाति प्रथा का खुलकर विरोध किया था।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# कौन है फर्जी कौन है नकली कैसे हो पहचान ?

**तनवीर जाफरी**

**नकली** और मिलावटी वस्तुओं यहाँ तक कि मिलावटी खाद्य सामग्री,नकली जीवन रक्षक दवाइयां,जहरीले फल व सब्जियाँ, मिलावटी घी,पनीर, दूध, खोया, मिलावटी मिठाइयां,मिलावटी मसालों जैसी अनेक चीजों का कारोबार हमारे देश में दशकों से बेरोकटोक होता आ रहा है। और न जाने कितने लोग ऐसी खाद्य वस्तुओं के सेवन से मौत की गोद में भी समा चुके हैं। जब कभी ऐसा कोई नेटवर्क कानून की गिरफ़्त में आता है तो उसकी खबरें भी प्रकाशित होती हैं। परन्तु ऐसी नकली और मिलावटी वस्तुओं के उत्पादक,निमार्ता,वितरक व विक्रेताओं के विरुद्ध सरकार व प्रशासन क्या और कितनी कार्रवाई करता है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यह जानलेवा धंधा कम होने के बजाये और भी अधिक फलता फूलता जा रहा है। हद तो यह है कि देश में तमाम ब्रांडेड सामग्रियां भी नकली बिक रही हैं। मगर कोई पूछने वाला नहीं है। जाहिर है यह सब नक़्क़ालों,मिलावटखोरों तथा प्रशासन के मिलेजुल नेटवर्क का ही परिणाम है। और शायद सरकार व प्रशासन की इसी अनदेखी का ही नतीजा है कि अब केवल खाद्य सामग्री या दैनिक उपभोग की वस्तुयें मात्र ही नकली या मिलावटी नहीं बल्कि यही फर्जी लोग बड़े बड़े सवेदनशील पदों को भी कलंकित करते दिखाई दे जाते हैं। हमारे देश में कभी कोई फर्जी आई ए एस पकड़ा जाता हो तो कभी कोई फर्जी आई पी एस अधिकारी बना घूमता रहता है। हद तो यह है कि अब तो देश में न केवल स्वयं को प्रधानमंत्री कार्यालय का एडिशनल डायरेक्टर बताने वाला गुजरात का एक फर्जी व्यक्ति पकड़ा जा चुका बल्कि गत दिनों तो एक नकली हार्ट सर्जन तक गिरफ़्तार किया गया। देश के सुधी व जागरूक लोगों को याद होगा कि मार्च 2023 में श्रीनगर में किरण पटेल पुत्र जगदीश पटेल नाम के एक फर्जी व्यक्ति को रंगे हाथों पकड़ा गया था। यह ठग खुद को प्रधानमंत्री कार्यालय का एडिशनल डायरेक्टर बताता था।

## अफसर के दस्तखत, जनता के जख्म

**डॉ. सुरेश कुमार**

**बड़े** बाबू की मेज पर एक फाइल पड़ी थी, और उस पर तत्काल आवश्यक की मुहर ऐसे चमक रही थी, मानो किसी सरकारी अफसर की संवेदनशीलता अचानक जाग उठी हो। बाबू साहब अपनी कुर्सी पर जमकर बैठे थे, जैसे सरकार से वेतन नहीं, बल्कि गद्दी का पट्टा पा गए हों। कलम हाथ में थी, लेकिन चलने को तैयार नहीं। फाइल को देखकर बोले–"अरे भई, यह फाइल क्यों आई? हमने तो पहले ही कह दिया था कि जनता की समस्या हमारे हस्ताक्षर से नहीं, उनकी तकदीर से हल होगी!" दूसरी तरफ गाँव का एक बूढ़ा आदमी बैठा था, आँखों में उम्मीद का समंदर, लेकिन अफसर की टेबल पर फंसी सरकारी नौकरशाही की चट्टान उसे सूखा रही थी। साहब ने चश्मा ठीक किया, और बोले–"देखो चाचा, सिस्टम ऐसे चलता है कि पहले चाय पिलाओ, फिर सिफारिश लगाओ, फिर चक्कर लगाओ, और फिर घर जाओ!" बूढ़े ने कांपती आवाज में कहा, "साहब, ये सरकारी योजना का लाभ मिल जाता तो मेरी झोपड़ी में दीवार आ जाती।"

अफसर हंसे–"क्यों नहीं! और फिर उस दीवार पर एक सरकारी विज्ञापन भी चिपका देंगे–आपके टैक्स के पैसे से बना, नेता जी के आशीर्वाद से पका! सरकारी फाइलें किसी हॉरर फिल्म के भूत की तरह होती हैं, एक बार टेबल पर आ जाएं तो जाने का नाम नहीं लेतीं। चपरासी फाइल लेकर आता और बाबू जी उसे ऐसे घूरते, जैसे कोई घूरे पर बैठी गाय को देख रहा हो। "बिना चाय के फाइल आगे नहीं बढ़ती," चपरासी ने गूढ़ ज्ञान दिया। गाँव के बूढ़े ने पगड़ी उतारी, रोनी सूरत बनाई और चाय के पैसे देने के लिए जेब टटोलने लगा। अफसर मुस्कराए–"कहीं ऐसा न हो कि झोपड़ी बनाने से पहले तुम्हारी जेब की मरम्मत करनी पड़े!" जनता की समस्या पर अफसरों की संवेदनशीलता ऐसी थी, जैसे फिल्म के विलेन को हीरो का दुख समझ में आ जाए। "अबे मूर्ख, तेरा क्या काम यहाँ?"–इंस्पेक्टर ने गब्बर स्टाइल में पूछा। बेचारा बुजुर्ग काँप गया, "साहब, मेरे बेटे का राशन कार्ड नहीं बन रहा।" अफसर ने ऐसी गहरी सांस ली, मानो वह राशन कार्ड न हुआ, भारत की अर्थव्यवस्था संभालने का ठेका हो। "राशन कार्ड नहीं बन रहा तो क्या हुआ?

## न्यूज फ्लैश


### श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति द्वारा धूमधाम से मनाया गया श्री हनुमान जन्मोत्सव



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** शहर के अर्जुन गेट स्थित श्री सेवा समिति आश्रम में श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य में बालाजी एवं श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। इस संकीर्तन में डॉ. दिनेश गोयल ने मंच का संचालन किया और पंकज गुप्ता ने श्रृंगार सेवक के रूप में अपनी सेवाएं निभाई। वहीं भजन गायक रजनी सरगम, जतिन जिंदल, हेमंत ललित अपनी मधुर वाणी से बाबा की महिमा का गुणगान से समां बांधा। श्याम बाबा और बालाजी के भजनों पर समिति के सदस्य और श्रद्धालु जमकर झूमे। समिति की तरफ से संकीर्तन के दौरान लक्की ड्रा भी निकाले किए, जिसमें श्याम बाबा की चांदी की बांसुरी और हनुमान जी की सोटा विनर श्रद्धालुओं को वितरित किया गया और 11 कपल को क्षीरधारा रेस्टोरेंट में लंच करवाने का मौका दिया गया। संकीर्तन के दौरान श्री श्याम रसोई का भंडारा वितरित किया गया। समिति के अध्यक्ष प्रमोद मंगला व मुख्य सेवक विकास गर्ग ने बताया कि श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति द्वारा हर बार संकीर्तन का आयोजन किया जाता है। इसके साथ-साथ समिति द्वारा हर माह करनाल से श्रद्धालुओं के लिए बस रवाना की जाती है। पिछले काफी वर्षो से निरूस्वार्थ भाव से श्रद्धालुओं को श्री खाटू श्याम धाम, मेहंदीपुर बालाजी धाम, वृंदावन सहित अन्य धामों की यात्रा करवाई जा रही है, जिसमें श्रद्धालुओं के लिए रहने व खाने पीने के लिए समिति की तरफ से उचित व्यवस्था की जाती है। इस अवसर समिति के अध्यक्ष प्रमोद मंगला, जतिन मंगला, विपिन गुप्ता, योगेंद्र शर्मा, अनिल, सचिन गोयल, संजीव मित्तल व संजू गोयल उपस्थित रहे।

### नि:शुल्क स्पाइन जांच शिविर का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**



**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** करनाल के नागरिकों के लिए रविवार का दिन स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और लाभकारी परामर्श से भरपूर रहा। इंडियन स्पाइनल इंजरीज सेंटर, नई दिल्ली द्वारा विर्क हॉस्पिटल में आयोजित निशुल्क मेगा स्पाइन कैंप में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। इस शिविर में डा. नीरज गुप्ता (सीनियर कंसल्टेंट स्पाइन सर्विसेज) ने रीढ़ की हड्डी से संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों की जांच की और उन्हें विशेषज्ञ परामर्श प्रदान किया। शिविर में करनाल व आसपास के क्षेत्रों से आए मरीजों ने गर्दन व पीठ दर्द, साइटिका, डिस्क की समस्या, सर्वाइकल, लंबर कैनाल स्टेनोसिस और स्पाइनल फ्रैक्चर जैसी समस्याओं के लिए सलाह ली। डॉ.नीरज गुप्ता ने बताया कि आजकल रीढ़ से संबंधित समस्याएं आम हो गई हैं, लेकिन समय पर जांच और सही उपचार से ऑपरेशन जैसी जटिलताओं से बचा जा सकता है। हमारा उद्देश्य है कि हम विशेषज्ञ सेवाएं उन क्षेत्रों तक पहुंचाएं, जहां इनकी पहुंच सीमित है। इस शिविर के सफल आयोजन में विर्क हॉस्पिटल की टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। इंडियन स्पाइनल इंजरीज सेंटर का यह प्रयास रीढ़ की देखभाल और रोगों के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने की दिशा में एक सराहनीय कदम रहा।

### घर से भागी लुटेरी दुल्हन

**जींद।** नई नवेली दुल्हन घर से नगदी, गहने लेकर रात को भाग गई। युवक की 25 दिन पहले ही शादी हुई थी। पुलिस अब लुटेरी दुल्हन को तलाश कर रही है। जींद जिले में पहले भी इस तरह के मामले सामने आ चुके हैं। जिसमें शादी के 15 से 20 दिन बाद ही दुल्हन घर से कैशए ज्वेलरी लेकर भाग गई थी। मोहम्मद खेड़ा निवासी एक व्यक्ति ने पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 25 दिन पहले उसकी शादी हिसार जिले के हांसी की अंबेडकर कॉलोनी में निवासी युवती के साथ हुई थी।

# ढांडा ने आईएमपावर एकेडमी फॉर स्किल्स का उद्घाटन किया

## इस पहल का उद्देश्य वंचित युवाओं को कई ट्रेडों में प्रेक्टिकल स्किल और रोजगार के अवसर प्रदान करना है

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**
युवा सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए एवं भारत सरकार के कौशल भारत मिशन के साथ तालमेल बिठाते हुए, एम3एम फाउंडेशन ने के समालखा, में माधव जन सेवा न्यास में अपने प्रमुख कार्यक्रम "कौशल संबल" के तहत आईएमपावर एकेडमी फॉर स्किल्स का उद्घाटन किया।
हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा द्वारा उद्घाटन की गई नई एकेडमी का उद्देश्य अगले पांच वर्षों में 10,000 युवाओं को इंडस्ट्री रिलेटेड वोकेशनल ट्रेनिंग प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना है। इस पहल का उद्देश्य वंचित युवाओं को कई ट्रेडों में प्रेक्टिकल स्किल और रोजगार के अवसर प्रदान करना है।
इस अवसर पर हरियाणा के शिक्षा मंत्री ढांडा ने सरकार के कुशल



भारत के दृष्टिकोण के साथ इसके संरेखण पर जोर देते हुए कहा, "यह पहल युवाओं को कौशल-आधारित प्रशिक्षण के साथ सशक्त बनाएगी, जो भारत की अर्थव्यवस्था और विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी,"
पहल की मुख्य विशेषताएं:*
एकेडमी इलेक्ट्रीशियन, प्लंबर, बेडसाइड केयर, सिलाई मशीन ऑपरेटर, कंप्यूटर संचालन, सहायक सौंदर्य चिकित्सक, निर्माण सहायक, बढ़ई, और अधिक सहित ट्रेडों में प्रशिक्षण प्रदान करेगी।
पाठ्यक्रम पारंपरिक और आधुनिक औद्योगिक मांगों को पूरा करने के लिए डिजाइन किए गए हैं।
इस पहल को माधव जन सेवा न्यास, एड-एट-एक्शन, एनआईईडी और वास्तुकुल के सहयोग से लागू किया जा रहा है।
*उदघाटन के इस अवसर पर बोलते हुए, एम3एम ग्रुप के चेयरपर्सन एंड फाउंडर बसंत बंसल ने कहा*, इस क्षेत्र में अपनी तरह का यह पहला प्रमुख संस्थान युवाओं को कौशल विकास कार्यक्रमों में शामिल होने और रोजगार योग्य, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनने के लिए आकर्षित करेगा।
वहीं एम3एम फाउंडेशन की चेयरपर्सन एंड ट्रस्टी डॉ. पायल कनोडिया ने कहा*, युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास आवश्यक है। एम3एम फाउंडेशन, माधव जन सेवा न्यास, एड-एट-एक्शन, एनआईईडी और वास्तुकुल के साथ साझेदारी करने को लेकर उत्साहित है।

### वाहन चोरी के आरोपी में दो काबू दो मोटरसाइकिलें बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला पुलिस थाना सिविल लाइन की टीम द्वारा उप निरीक्षक यशपाल की अध्यक्षता में गुप्त सूचना के आधार पर नाकाबंदी करके अंबेडकर भवन सेक्टर 16 करनाल से आरोपी सेंटी पुत्र साधुराम और विक्की पुत्र बीर सिंह निवासी गांव काछवा करनाल को गिरफ्तार किया गया। मौके पर आरोपियों के कब्जे से दो मोटरसाइकिलें बरामद की गई।
इस संबंध में अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि बताया कि से गहनता से पूछताछ पाया गया कि और आरोपियों द्वारा चोरी की घटना को कल्पना चावला हॉस्पिटल से 8 अप्रैल से 10 अप्रैल को मोटरसाइकिल चोरी की



घटना को अंजाम दिया गया था। आज आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### अंबेडकर की जयंती पर नगर परिषद द्वारा शुरू किया स्वच्छता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** नगर परिषद थानेसर की तरफ से भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती उपलक्ष में स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। इस स्वच्छता अभियान को शहर के सभी 32 वार्डों में चलाया जाएगा। इस अभियान के साथ आमजन को साथ जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। इस अभियान को सभी के सांझे सहयोग से सफल बनाया जाएगा और थानेसर को पूर्णतः स्वच्छ बनाया जाएगा।
नगर परिषद थानेसर की अध्यक्षा माफी ढांडा ने रविवार को डा. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्या अर्पण करके स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया।

## जातपात से ऊपर उठकर हिन्दू धर्म की रक्षा की गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः** नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा है कि खालसा साजना दिवस बैसाखी मुगलों के आतंक से डरे-सहमे, दबे-कुचले लोगों में जोश भरकर उन्हें मुगलों के शासन को उखाड़ फैंकने के लिए तैयार करने का दिन है, इस अदम्य साहस एवं शौर्य के लिए हम गुरू गोबिंद सिंह जी को याद करते हैं जिन्होंने खालसा पंथ की स्थापना की। राजीव जैन ने गुरूद्वारा कलगीधर मॉडल टाऊन में तीन दिवसीय कार्यक्रम के समापन के अवसर पर माथा टेका और प्रबंधक समिति ने सरोपा भेंट किया। उन्होंने कहा कि गुरू के पंज प्यारों में सभी जाति के लोग शामिल थे। इसलिए जातपात से




ऊपर उठकर हिन्दू धर्म की रक्षा की गई और अन्ततः मुगलों को मैदान छोड़कर भागना पड़ा। उन्होंने बैशाखी की बधाई देते हुए कहा कि इस दिन पकी हुई फसल की कटाई शुरू होने से किसान के साथ साथ हर वर्ग में खुशहाली की शुरूआत होती है।
उन्होंने आगे कहा कि गुरू गोबिंद सिंह की मुहिम में महिलाओं को भी अमृतपान पिला करके हर लड़ाई में पुरुषों का साथ दिया। उन्होंने सिखों के इतिहास को सिख धर्म को मानने वालों के साथ साथ अन्य वर्ग के युवाओं के बीच भी पढ़ाने की आवश्यकता है ताकि वे राष्ट्र भक्त बनकर देश के नव निर्माण में योगदान दे सके। राजीव जैन ने राज मोहल्ला में पूर्व पार्षद जवाहर बत्रा के निवास पर आयोजित सुखमणि साहब के पाठ में पहुंचकर माथा टेका और श्रद्धालुओं को बधाई दी। पंजाबी गौरव
संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पंजाबी समाज देश की संस्कृति से जुड़ा राष्ट्रभक्त समाज है और देश की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

### किसानों को 75% अनुदान पर मिलेंगे सोलर पंप

**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**एडीसी** डॉक्टर पंकज यादव ने बताया कि हरियाणा के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग ने किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। जो किसान डीजल पंप से सिंचाई कर रहे हैं, उन्हें 75 प्रतिशत अनुदान पर सबमर्सिबल 3 एचपी मोनोब्लॉक, 7.5 एचपी सबमर्सिबल और 10 एचपी सबमर्सिबल उपलब्ध कराए जाएंगे। इस कदम का उद्देश्य डीजल पंप से होने वालेफ अधिक खर्च और पर्यावरण प्रदूषण को कम करना है। एडीसी ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना डीजल पंप पर निर्भर किसानों के लिए राहत लेकर आएगी। योजना के तहत बिजली आधारित कनेक्शन के मौजूदा आवेदकों को सौर ऊर्जा पंप के लिए प्राथमिकता दी जाएगी, बशर्ते वे अपने मौजूदा बिजली कनेक्शन को सरेंडर कर दें। लाभार्थियों का चयन परिवार की वार्षिक आय और भूमि धारण के आधार पर किया जाएगा।
किसानों को अपने खेत के आकार, पानी के स्तर और जरूरत के अनुसार पंप का प्रकार चुनने की स्वतंत्रता होगी। योजना के तहत गौशालाओं, वाटर यूजर एसोसिएशन और सामूहिक सिंचाई सिस्टम को भी 75 प्रतिशत अनुदान पर सौर ऊर्जा पंप प्रदान किए जाएंगे।

## जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने गिनवाई सरकार की उपलब्धियां

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** भाजपा के स्थापना दिवस पर गांव चलो अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान में पार्टी पदाधिकारियों सहित पूर्व व वर्तमान जनप्रतिनिधियों की भागीदारी रही। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर सरकार की उपलब्धियों को गिनवाया। गांव चलो अभियान के तहत भाजपा करनाल जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने करनाल जिला के उचाना गांव में पंहुच कर लोगों को सरकार की उपलब्धियों को गिनवाया। इस मौके पर उन्होंने गांव में



साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।
इस अवसर पर उनके साथ मुख्य रूप से कुंजपुरा मंडल अध्यक्ष अनिल चौहान, वार्ड नंबर 20 के पार्षद भाई सुधीर यादव सतीश राणा, शक्ति केंद्र प्रमुख नरेश प्रजापत एवं बूथ अध्यक्ष, बूथ पालक, बीएलए 2 भी मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने गांव उचाना में वाल्मीकि चौपाल में जाकर साफ सफाई की एवं अम्बेडकर

**उपलब्धियां**
**भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर सरकार की उपलब्धियों को गिनवाया**

भवन में जाकर समस्याओं का हल करने के लिए पार्षद भाई सुधीर यादव से जल्द से जल्द समाधान करवाने के लिए उचित दिशानिर्देश दिए। जिलाध्यक्ष ने गांव उचाना में शहीद पंडित चंद्र शेखर आजाद स्टेडियम में जाकर वहां के निर्माण को लेकर और पूर्ण करने हेतु पार्षद सुधीर यादव से चर्चा की। गांव चलो अभियान के दौरान प्रवीण लाठर ने गांव में श्याम मंदिर में जाकर वहां के मंदिर के निर्माण के बारे भी पार्षद सुधीर यादव से बातचीत करते हुए गांव की चौपाल में जाकर निरीक्षण किया और इस दौरान जोगी समाज चौपाल में जाकर चौपाल की देखरेख और स्वच्छ रखने के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने इस अवसर पर गांव के प्रसिद्ध गोगामेड़ी मंदिर में जाकर माथा टेककर आशीर्वाद लिया।

## आकांक्षा शर्मा के निर्देशन में करिकुलम विटे प्रतियोगिता का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य व प्रबंधन विभाग में बीकॉम तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए मेंटर्स अजय पाल सिंह व आकांक्षा शर्मा के निर्देशन में करिकुलम विटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को एक प्रभावशाली, आकर्षक और इंडस्ट्री रेडी करिकुलम विटे तैयार करना सीखाना था।ताकि वह कॉपोरेट दुनिया में अपने लिए बेहतर अवसर प्राप्त कर सके। प्राचार्या डॉ शशि



प्रभा मलिक ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि एक अच्छा करिकुलम विटे सिर्फ दस्तावेज नहीं बल्कि आपकी सोच,योग्यता और आपकी छवि का प्रतिबिंब होता है। हमारे छात्र भविष्य के लीडर्स हैं और इस प्रकार की प्रतियोगिताएं उन्हें आत्म विश्वास और स्पष्टता प्रदान करती हैं। इस प्रतियोगिता में 13 छात्रों ने अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिया।प्रतियोगिता के दौरान उन्होंने एक सीमित समय में अपने शैक्षिक तकनीकी और शहर पाठ्य गतिविधियों से जुड़ी जानकारी को प्रभावशाली ढंग से एक प्रोफेशनल फॉर्मेट में प्रस्तुत किया।

### महिला ने किया फ्लैट पर किया कब्जा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** एक महिला ने फ्लैट देखने के बहाने बेटे के साथ करनाल की संतूर सोसाइटी सेक्टर-35 में घुसकर जबरन कब्जा कर लिया। दिल्ली निवासी तरुण अरोड़ा ने जनवरी 2025 में फ्लैट नंबर-29 खरीदा था। कल शाम को महिला सेल्स अधिकारी के साथ फ्लैट देखने गई और अंदर जाते ही उसे धक्का देकर बाहर निकाल खुद को अंदर बंद कर लिया। मौके पर पुलिस बुलाकर जांच की गई। महिला की पहचान खेता नारंग पत्नी दीपक नारंग के रूप में हुई। जांच में आरोप सही पाए जाने पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई।

## अम्बेडकर-ज्योतिबा की जंयती पर कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** करनाल के विधायक जगमोहन आंनद ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर जन्मोत्सव कमेटी, बाबा साहेब बीआर अम्बेडकर नवनिर्माण सभा, ज्योतिबा फुले एवं समस्त अम्बेडकरवादी संस्थाओं द्वारा सैक्टर-16 के सामुदायिक केन्द्र में बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर एवं महामना ज्योतिबा फुले जी की जंयती पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। विधायक जगमोहन आंनद ने कहा कि बाबा साहेब ने आजीवन जातिगत भेदभाव, सामाजिक असमानता और आर्थिक विषमता के खिलाफ संघर्ष किया। उन्होंने भारत के संविधान में ऐसे प्रावधानों को



स्थान दिया जो हर नागरिक को समान अवसर, न्याय, शिक्षा और सम्मान का अधिकार प्रदान करते हैं। समाज को सही दिशा में संगठित होकर हमें आगे चलना चाहिए। बाबा साहेब इतने विद्वान थे कि उन्होंने अपनी शिक्षा और काबिलियत के दम पर ऊंचाईयों को छुआ और उसके बाद भारत के संविधान बनाने वाली प्रारूप समिति के अध्यक्ष बने। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान को बाबा साहेब ने एक लोकतांत्रिक, धर्म निरपेक्ष और समतावादी दस्तावेज को तैयार किया। संविधान में उन्होंने सामाजिक न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिंद्वातों को मूल आधार बनाया। उन्होंने कहा कि हम सभी को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर एवं महामना ज्योतिबा फुले द्वारा बताए गए मार्ग पर चलना चाहिए और भारत को एक सशक्त, समान और समावेशी राष्ट्र बनाने में अपना योगदान देना चाहिए।
विधायक जगमोहन आंनद ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर एवं महामना ज्योतिबा फुले जी ने समाज में समानता, शिक्षा और मानवता की ज्योति जलाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि महामना ज्योतिबा फुले ने जाति व्यवस्था और अस्पृश्यता के उन्मूलन के लिए काम किया तथा वे 19वीं सदी में महाराष्ट्र में सामाजिक सुधार आंदोलन के प्रमुख थे।

## अंबेडकर के आदर्शों को जीवन में धारण करने की जरूरत : हरविंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष एवं घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर ने निस्वार्थ भाव से समाज के हर वर्ग के लिए कार्य किया और उन्होंने अपना पूरा जीवन देश सेवा को समर्पित कर दिया। आज समाज के लोगों को भारत रत्न डा. बीआर अंबेडकर के आदर्शों को अपने जीवन में धारण करने की जरूरत है।
हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष एवं घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण गांव गुढ़ा के अम्बेडकर भवन में और श्री गुरू रविदास जी के मन्दिर में आयोजित भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर जी की



जयंती की उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी को डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इन महान पुरुषों ने अपना सारा जीवन लोगों की सेवा में समर्पित कर दिया, इन महान लोगों के पद चिन्हों पर चलकर युवा पीढी अच्छे राष्ट्र का निर्माण करने में अपनी भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा कि समाज को सही दिशा में संगठित होकर हमें आगे चलना चाहिए। बाबा साहेब डॉण भीमराव अम्बेडकर का जीवन बहुत संघर्ष का जीवन रहा, जिन्होंने बाबा साहेब की जीवनी को पढा है उस जीवनी को पढकर प्रेरणा मिलती है कि व्यक्ति को कैसे संघर्ष करना पड़ता है। बाबा साहेब इतने विद्वान थे, कि उन्होंने अपनी शिक्षा और काबिलियत के दम पर ऊंचाईयों को छुआ और उसके बाद भारत के संविधान बनाने वाली प्रारूप समिति के अध्यक्ष बने। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने आजीवन जातिगत भेदभाव, सामाजिक असमानता और आर्थिक विषमता के खिलाफ संघर्ष किया। उन्होंने भारत के संविधान में ऐसे प्रावधानों को स्थान दिया जो हर नागरिक को समान अवसर, न्याय, शिक्षा और सम्मान का अधिकार प्रदान करते हैं। हरविंद्र कल्याणने कहा कि वर्तमान सरकार बाबा साहेब द्वारा दिखाए गए पदचिन्हों और उनके आदर्शो पर कार्य कर रही है। वर्तमान में युवाओं को मैरिट के आधार पर नौकरियां मिल रही है। ऑनलाइन व्यवस्था पारदर्शी समानता बाबा साहेब की की कल्पना थी, जो कि वर्तमान सरकार ने पूरी की। बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर के जितने भी स्थान है उन्हें सरकार ने पंचतीर्थ नाम दिया है, विदेशों से भी लोग इन पंचतीर्थों को देखने के लिए भारी संख्या में आते हैं। इन पंच तीर्थों को देखकर आम नागरिकों बाबा साहेब के जीवन के बारे में पता चलता है तथा उनसे प्रेरणा मिलती है।

## अम्बेडकर जयन्ती धूमघाम से पुष्पांजलि अर्पित करते हुए मनाई गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**स्थानीय** भगत सिंह स्मारक में सीपीआई की पानीपत जिला कौंसिल की ओर से भारत रतन व भारतीय संविधान के शिल्पकार डा0.भीम राव अम्बेडकर की जयन्ती धूमघाम से पुष्पांजलि अर्पित करते हुए मनाई गई। इस अवसर पर हुई सभा की अध्यक्षता कर्मचारी नेता जितेश व डाक्टर हसरत राणा ने की मुख्य वक्ता हरियाणा राज्य सचिव भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी कामरेड दरियाव सिंह कश्यप व जिला सचिव पवन कुमार सैनी



एडवोकेट विशेष तौर पर उपस्थित रहे। और मंच संचालन सीपीआई के जिला सहायक सचिव व सदस्य राज्य कार्यकारिणी राम रतन एडवोकेट ने किया।
सीपीआई के राज्य सचिव दरियाव सिंह कश्यप, सीपीआई के जिला सचिव पवन कुमार सैनी, सहायक सचिव राम रतन एडवोकेट, चौधरी सुरत सिंह देशवाल एडवोकेट,एटक नेता सत्यनारायण, जगदीश रंगा,आदि ने बाबा साहब के जीवन संघर्ष, उनके विचारों, उद्देश्य पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि डा0 भीम राव अम्बेडकर ने भारतीय संविधान को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

# जरनल जोरावर सिंह की जयंती पर बंगाणा में कार्यक्रम, पूर्व मंत्री वीरेंद्र रहे मौजूद

**समारोह**

**एक महान योद्धा को कांग्रेस सरकारों में नहीं मिला सम्मान-पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** हमीरपुर जिले की वीरभूमि से ताल्लुक रखने वाले महान योद्धा जरनल जोरावर सिंह की जयंती के अवसर पर कुटलैहड़ सेवा समिति द्वारा बंगाणा में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करके श्रद्धासुमन अर्पित किए।
कंवर ने जोरावर सिंह की वीरगाथा को याद करते हुए कांग्रेस पर उन्हें उचित सम्मान न देने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस सरकारों ने बार-बार ऐसे सपूतों की अनदेखी की, जो भारत की सीमाओं की रक्षा और विस्तार में अहम भूमिका निभा चुके हैं।
कंवर ने कहा कि जरनल जोरावर सिंह जैसे नायकों को इतिहास की किताबों में उचित स्थान नहीं दिया गया और न ही उनके नाम पर कोई राष्ट्रीय स्तर की स्मृति या सम्मान की व्यवस्था की गई। जबकि वे भारतीय उपमहाद्वीप के उन चंद सेनानायकों में से एक थे। कंवर ने कहा कि उनकी रणनीति इतनी प्रभावी थी कि आज भी भारतीय सेना उनकी युद्धनीति को अध्ययन में शामिल करती है। लेकिन अफसोस की बात है कि राष्ट्रीय स्तर पर उन्हें वह श्रद्धा नहीं मिली, जो रानी लक्ष्मीबाई या सुभाष चंद्र बोस जैसे स्वतंत्रता सेनानियों को मिली। वीरेंद्र कंवर ने कहा कि यदि उन्हें राष्ट्रीय पटल पर उचित स्थान दिया जाए, तो देशभर के छात्र और युवा उनके जीवन से बहुत कुछ सीख सकते हैं। इस मौके पर कुटलैहड़ सेवा समिति के संयोजक चरणजीत शर्मा, सह संयोजक राजेंद्र रिंकू, कर्नल रघुबीर सिंह, कर्नल केसी शर्मा, वीडीसी अध्यक्ष देवराज शर्मा, किसान मोर्चा के राज्य सचिव मदन राणा, राज्य ह्यूमन राइट विंग के प्रदेश चेयरमैन अजय ठाकुर, बीडीसी सदस्य जोगेंद्र देव आर्य, प्रधान विजय शर्मा, शकुंतला देवी, देवराज राणा, गुरनाम सिंह, मान चंद राणा, रिटायर्ड चीफ इंजीनियर एमआर दरोच, शशि राणा, प्रधान सुरेन्द्र सहित आर्मी रिटायर्ड अधिकारी एवं सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# हिमाचल दिवस पर केलांग में जनजातीय विकास मंत्री नेगी फहराएंगे तिरंगा

**रिहर्सल**

**पुलिस, गृह रक्षक के जवानों के दल, बच्चों द्वारा परेड व मार्च पास की रिहर्सल की जा रही है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नरेंद्र अंगारिया**

**केलांग :** लाहौल स्पीति के मुख्यालय केलांग में जिला स्तरीय हिमाचल दिवस 15 अप्रैल का समारोह पुलिस परेड मैदान केलांग में धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके सफल आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही है। पुलिस, गृह रक्षक के जवानों के दल, विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा परेड व मार्च पास की रिहर्सल की जा रही है। उपायुक्त लाहौल स्पीति राहुल कुमार ने बताया कि केलांग में जिला स्तरीय हिमाचल दिवस के अवसर पर 15 अप्रैल को प्रातः 11 बजे बतौर मुख्य अतिथि राजस्व, बागवानी तथा जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी अध्यक्षता करेंगे व राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराएंगे । संबोधन के उपरांत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि कार्यक्रम के उपरांत जनजातीय विकास मंत्री कुक्कम सेरी में निमार्णाधीन एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूल भवन के कार्य का जायजा लेंगे और उदयपुर में मृकुला माता मंदिर व त्रिलोकी नाथ मंदिर में भी पूजा अर्चना के उपरांत स्थानीय लोगों से मिलेंगे। 14 अप्रैल को उनका रात्रि ठहराव केलांग में रहेगा 15 अप्रैल को जिला स्तरीय कार्यक्रम के उपरांत मनाली के लिए रवाना होंगे।
उपायुक्त राहुल कुमार ने तैयारियों के लिए सभी विभागों को अपने अपने दायित्वों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के लिए निर्देश जारी किये। उन्होंने कहा कि मुख्य अतिथि के संबोधन के उपरांत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। जिसमें महिला मंडलों के सांस्कृतिक दल के अलावा स्थानीय शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी भाग लेंगे।

## विवाद मे पत्नी के धक्के से पति की छत से गिरकर मौत

**सुल्तानपुर/टीम एक्शन इंडिया**
नगर कोतवाली के अमहट स्थित कांशीराम कॉलोनी में एक पत्नी ने अपने पति को छत से धक्का दे दिया। जमीन पर गिरने से उसकी मौत हो गई। इसके बाद कॉलोनी में हड़कंप मच गया। परिजन उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा कर पत्नी को हिरासत में ले लिया है।
कोतवाली नगर के काशीराम कॉलोनी अंतर्गत ब्लॉक नंबर 67 में दिलशाद (40) का परिवार रहता है। बीती रात दिलशाद ने पत्नी से खाना मांगा इसी दौरान दोनों में झगड़ा हो गया।

# बैकवर्ड वेलफेयर सोसायटी ने चुरुडू में मनाया 21वां वार्षिक सम्मेलन

**सम्मेलन**

**इस सम्मेलन में 100 से अधिक जरूरतमंद बच्चों को 2 लाख रुपये की पाठ्य सामग्री उपलब्ध करवाई गई**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** बैकवर्ड वेलफेयर सोसाईटी ऊना ने रविवार को 21 वां वार्षिक सम्मेलन चुरुडू के मुख्यमंत्री लोक भवन में मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोसायटी के अध्यक्ष इ. बलवीर चौधरी ने की। इस सम्मेलन में 100 से अधिक जरूरतमंद बच्चों को 2 लाख रुपये की पाठ्य सामग्री उपलब्ध करवाई गई। इस अवसर पर ई बलवीर चौधरी ने निशुल्क एवं बुनियादी शिक्षा देने के लिए प्रदेश सरकार से सरकारी स्कूलों में नियमित एनटीटी शिक्षकों की भर्ती करने की गुहार लगाई। चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार ने जनता को निशुल्क एवं बुनियादी शिक्षा देने के लिए वर्ष 2010 में शिक्षा का अधिकार कानून पारित किया था। उक्त एक्ट की नियम संख्या 20 में यह प्रावधान किया गया था कि सरकारी स्कूलों की शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए केवल और केवल नियमित शिक्षक तैनात किए जाएंगे, लेकिन प्रदेश सरकार पिछले पांच साल में 3840 में से एक भी प्री-प्राइमरी शिक्षक तैनात नहीं कर पाई। जिससे शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2010 के अनुसार बच्चों को निशुल्क एवं कंपलसरी एजुकेशन नहीं मिल पा रही है, जो चिंता का गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि फ्री एंड कंपल्सरी एजुकेशन देने के लिए सोसाईटी हर साल जरूरतमंद बच्चों को पुस्तकें, स्कूल बैग, कापियां, फीस तथा शूज उपलब्ध करवा रही है। इस अवसर पर सोसाईटी के महासचिव फलाईंग ऑफिसर पूर्ण देव, कोषाध्यक्ष तिलक राज अत्री, डॉ राम लाल संदल, ई. दुलंभ सिंह, पूर्व वायुसैनिक सुभाष कौंडल, रितेश पलियाल एडवोकेट व भगवान सिंह आदि उपस्थित रहे।

**संक्षिप्त खबरें**

## कोट में 15वें स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** सेवा समिति ठाई माता मंदिर गांव व डाकघर कोट तहसील घुमारवीं जिला बिलासपुर द्वारा आयोजित 15वें स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर का आज सफल आयोजन हुआ। इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धमार्णी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने द्वीप प्रज्जवलन कर शिविर का शुभारंभ किया। धमार्णी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। ऐसे शिविर न केवल लोगों को निशुल्क चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करते हैंए बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है और भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों को हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। शिविर में डॉ. बैनी राम, डॉ. विजय सहगल, डॉ. राजेश शर्मा, डॉ. नितेश भारद्वाज, डॉ. अनुपा मित्तल, डॉ. सोनाली सहित कई विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सेवाएं दीं। शिविर में 600 से अधिक लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई।

## बंगाणा के ग्रामीणों ने स्किल ओरिएंटेड कॉलेज खोलने की उठाई मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** उपमंडल बंगाणा क्षेत्र के स्थानीय निवासियों और पंचायत प्रतिनिधियों ने क्षेत्र में एक स्किल ओरिएंटेड कॉलेज खोलने की मांग उठाई है। ग्रामीणों का कहना है कि मंदली से लठियाणी तक प्रस्तावित पुल के निर्माण से क्षेत्र में आवागमन की सुविधाएं बेहतर होंगी। जिससे विकास के नए द्वार खुलेंगे। इसी के मद्देनज? यदि यहां एक स्किल ओरिएंटेड कॉलेज खोला जाए, तो यह न केवल स्थानीय छात्रों के लिए लाभकारी होगा। बल्कि आसपास के गांवों के विद्यार्थियों को भी लाभ मिलेगा। स्थानीय निवासियों और प्रतिनिधियों में प्रधान विजय शर्मा, उप प्रधान सुरम सिंह, अजय शर्मा, मनोज कुमार, सुशील कुमार और अजय धीमान सहित कई लोगों ने एक स्वर में कहा कि क्षेत्र में शिक्षा के तकनीकी स्तर को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। उन्होंने मांग उठाई है कि क्षेत्र में एक स्किल ऑरिऐंटेड कॉलेज खोला जाए। जिसमें कम से कम पांच ऐसे तकनीकी कोर्स शुरू किए जाएं, जो आज के समय की आवश्यकता हैं।
जिनके लिए छात्रों को दूर-दराज के संस्थानों में जाना पड़ता है। इनमें विशेष रूप से मेडिकल से संबंधित कोर्स जैसे लैब तकनीशियन, फार्मासिस्ट, मेडिकल असिस्टेंट, नर्सिंग और फिजियोथेरपी जैसे कोर्स शुरू किए जाने की मांग की गई है। स्थानीय प्रतिनिधियों का मानना है कि स्किल ऑरिऐंटेड कॉलेज खोलने से क्षेत्र और आस पास के छात्रों को तकनीकी शिक्षा उनके घर-द्वार पर ही उपलब्ध हो पाएगी। इससे अभिभावकों को भी काफी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्किल कोर्स के लिए छात्रों को दूर पार के कॉलेजों का रूक करना पड़ता है। जिससे अभिभावकों पर बच्चों के हॉस्टल में रहने सहने के खर्च कास आर्थिक बोझ बढ़ जाता है। ऐसे में क्षेत्र में स्किल ऑरिऐंटेड कॉलेज खुलने से अभिभावकअपने बच्चों को बेहतर तरीके से पढ़ा पाएंगे। इसके अलावा क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

# बैसाखी पर्व पर मार्कंड मंदिर में करीब 15 हजार श्रद्धालुओं ने किया पवित्र स्नान



**पवित्र स्नान**

**श्रद्धालु रात से ही मन्दिर परिसर में आना शुरू हो गए थे और रात भर भजन कीर्तन का दौर चलता रहा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** उतरी भारत के सुप्रसिद्ध धार्मिक तीर्थ स्थल महाऋषि मार्कंडेय में बैसाखी पर्व पर 15 हजार श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया। इस बार श्रद्धालुओं की तादात में भारी गिरावट दर्ज की गई। वैसे श्रद्धालु रात से ही मन्दिर परिसर में आना शुरू हो गए थे और रात भर मन्दिर परिसर में भजन कीर्तन का दौर चलता रहा।
ब्रम्ह मुहुर्त में उन्होंने महाऋषि मार्कंडेय मंदिर में प्राकृतिक जलस्त्रोत पर पवित्र स्नान किया।
इसके बाद दिन भर श्रद्धालुओं के आने जाने का तांता लगा रहा। श्रद्धालु अपने अपने परिवार और मित्रों के साथ अपने-अपने वाहनों में आ रहे थे और यहां पवित्र स्नान करके वापिस लौट रहे थे। प्रशासन की तरफ से श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग के लिए जुखाला कॉलेज ग्राउंड तथा पुष्पभद्रा खड्ड में व्यवस्था की गई थी। जहां से आगे मन्दिर तक का सफर पैदल है। वहीं एचआरटीसी की तरफ से मेले के लिए घागस और ब्रह्मपुखर से गसौड़ तक विशेष बसे चलाई जा रही है। इसके साथ ही मन्दिर प्रशासन तथा अन्य लोगों ने श्रद्धालुओं के लिए लंगर की व्यवस्था की थी। मेले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए डीएसपी मदन धीमान ने खुद मोर्चा संभाले रखा। धार्मिक मान्यता है कि बैसाखी पर्व के दिन यदि मार्कंडेय मंदिर परिसर में स्नान कर लिया जाए तो पुन्य की प्राप्ति होती है।

## वाराणसी : धूल भरी आंधी के बाद बारिश ने किसानों की बढ़ाई चिंता

**वाराणसी/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश के पूर्वांचल समेत वाराणसी में रविवार सुबह मौसम ने फिर करवट ली। सुबह साढ़े आठ बजे के करीब धूल भरी तेज आंधी और फिर बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। तेज हवाओं के साथ आई इस आंधी में शहर और ग्रामीण इलाकों में कई पेड़ उखड़ गए और कई जगहों पर डालियां टूटकर गिर गईं। टिन की छतें और छाजन उड़ गए, हालांकि इससे कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। आंधी के दौरान सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। बीते 10 अप्रैल की आंधी और पानी से अभी किसान उबर भी नहीं पाए थे कि इस नई आफत ने उनकी नींद उड़ा दी है।

# राष्ट्रीय सब-जूनियर वुमेन पेंचक वर्ग ने जीता गोल्ड मैडल

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा अस्मिता खेलो इंडिया राष्ट्रीय सब- जूनियर वुमेन पेंचक सिलाट प्रतियोगिता का आयोजन 9 अप्रैल से 12 अप्रैल तक बी आर यादव इंडोर स्टेडियम, जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ मे किया गया ।
अस्मिता खेलो इंडिया वुमेन पेंचक सिलाट राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे हिमाचल प्रदेश की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सब जूनियर वर्ग मे 1 गोल्ड मैडल जीता । पेंचक सिलाट एसोसिएशन ऑफ हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष जोगिंन्द्र सिंह आजाद ने जानकारी देते हुए



बताया कि इस प्रतियोगिता मे भारत देश के सभी राज्यों के लगभग 400 महिला खिलाडि?ों ने भाग लिया ।इस प्रतियोगिता मे हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिला कि खिलाडी साक्षी ठाकुर ने टेंडिंग इवेंट मे सब जूनियर वर्ग मे 54 किलोग्राम भार वर्ग मे गोल्ड मैडल जीत कर हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया टीम कोच के रूप मे बिलासपुर जिला के बृज लाल चौहान और कॉंगड़ा जिला के अजय कुमार ने टीम मैनेजर के रूप मे प्रदेश कि टीम का प्रतिनिधित्व किया । हिमाचल प्रदेश पेंचक सिलाट एसोसिएशन के चेयरमैन एच डी पंचानी,अध्यक्ष जोगिंन्द्र सिंह आजाद, महासचिव मोहम्मद जावेद, उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, बृज चौहान, कोषाध्यक्ष बनीता कुमारी, सदस्य नरेंद्र, रोहन, दैवग्या अवस्थी ने मैडल जितने वाले खिलाडि?ों और उनके प्रशिक्षक एवं बिलासपुर जिला पेंचक सिलाट एसोसिएशन के महासचिव बृज लाल चौहान को बधाई और शुभकामनायें दी।

# सैन्य सम्मान के साथ किया गया शहीद कुलदीप चंद का अंतिम संस्कार

**टीम एक्शन इंडिया**
**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर:** जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में बहादुरी के साथ लड़ते हुए शहीद हुए जिला हमीरपुर की तहसील गलोड़ के गांव कोहलवीं के सूबेदार कुलदीप चंद का रविवार को गांव के मोक्षधाम पर पूरे सैन्य एवं राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। शहीद की पार्थिव देह को उनके बेटे ने मुखाग्नि दी। इससे पहले, रविवार सुबह शहीद कुलदीप चंद की पार्थिव देह जब सैन्य टुकड़ी के साथ सेना के वाहन से गांव कोहलवीं पहुंची तो शहीद के परिजनों के विलाप से सभी की आंखें नम हो गईं तथा पूरा गांव 'जब तक सूरज चांद रहेगा,



कुलदीप तेरा नाम रहेगाइ और 'कुलदीप चंद अमर रहेइ के नारों से गूंज उठा। शहीद की अंतिम यात्रा के दौरान क्षेत्र के युवाओं ने दोपहिया एवं चौपहिया वाहनों की रैली निकालते हुए 'कुलदीप चंद अमर रहे, भारत माता की जय, हिंदुस्तान जिंदाबाद, जब तक सूरज चांद रहेगा कुलदीप तेरा नाम रहेगाइ जैसे नारों के साथ वीर सपूत को अंतिम विदाई दी। थल सेना और हिमाचल प्रदेश पुलिस की टुकड़ी ने भी हवा में फायर करके तथा शस्त्र उलटे करके शहीद सूबेदार कुलदीप चंद को अंतिम विदाई दी। इस अवसर पर सैन्य अधिकारियों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों के अलावा प्रदेश सरकार एवं प्रशासन की ओर से भी उपायुक्त अमरजीत सिंह, एसपी भगत सिंह ठाकुर और एसडीएम राकेश शर्मा ने शहीद की पार्थिव देह पर पुष्प चक्र अर्पित करके श्रद्धांजलि दी।

# अमलैहड़ में आकार लेने लगा राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल

**टीम एक्शन इंडिया**
**विवेकानंद वशिष्ठ**



**हमीरपुर:** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित पब्लिक स्कूलों के समान आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कृतसंकल्प हैं, ताकि आम परिवारों के बच्चे अपने आपको किसी से कम न समझें और वे पूरे आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ सकें। इसीलिए, ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू प्रदेश के बच्चों के लिए राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल जैसी महत्वाकांक्षी योजना लेकर आए हैं। प्रदेश सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं में से एक 'राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूलइ के क्रियान्वयन की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। प्रदेश के लगभग एक दर्जन विधानसभा क्षेत्रों में करोड़ों रुपये की लागत से राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूलों का निर्माण शुरू हो चुका है।
इसी क्रम में नादौन विधानसभा क्षेत्र के गांव अमलैहड़ में भी राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल तेजी से आकार लेने लगा है। यहां 25 करोड़ रुपये की लागत से राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल के प्रथम चरण का कार्य आरंभ कर दिया गया है। लगभग 125 कनाल भूमि पर बनने वाले इस संस्थान में विद्यार्थियों को अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके परिसर में शैक्षणिक सुविधाओं के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों के लिए भी आधुनिक सुविधाओं का प्रावधान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अधिकारियों को इस स्कूल के प्राइमरी विंग को एक साल के भीतर तैयार करने के निर्देश दिए हैं। अब वह दिन दूर नहीं है जब अमलैहड़ और इसके आसपास के गांवों के आम परिवारों के बच्चों को भी अपने स्कूल में वे सभी आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी जोकि आम तौर पर बड़े एवं महंगे पब्लिक स्कूलों में ही मिलती हैं। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस क्लासरूम हो या खेलने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों वाला ग्राउंड। या फिर एनसीसी, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों के लिए आवश्यक सुविधाएं, ये सभी प्रावधान राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल में किए जा रहे हैं। आम परिवारों के बच्चों को अत्याधुनिक शिक्षण सुविधाएं उपलब्ध करवाने तथा उन्हें पूरे आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ? के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल निःसंदेह एक मील का पत्थर साबित होंगे।

# जिले में 18 विशेषज्ञ डॉक्टर के आने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं: धमार्नी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**



**बिलासपुर:** नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धमार्नी ने कहा कि हिमाचल सरकार द्वारा जिले के चार प्रमुख अस्पतालों में 18 विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति किए जाने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री आदर्श स्वास्थ्य संस्थान योजना के अंतर्गत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक अस्पताल को सशक्त किया जा रहा है, जिससे लोगों को नजदीक ही समुचित इलाज मिल सके
राजेश धमार्नी ने जिला बिलासपुर के चार अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल का आभार प्रकट किया। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल बिलासपुर में छह, सिविल अस्पताल घवांडल में छह घुमारवीं में तीन, झंडा में एक और सीएमओ कार्यालय में दो विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है। राजेश धमार्नी ने कहा कि विशेष रूप से घवांडल अस्पताल में छह डॉक्टरों की नियुक्ति से वहां के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी क्योंकि लंबे समय से वहां डॉक्टरों की भारी कमी थी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार राज्य के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# बाबा साहब को समझने के लिए गहराई से पढ़ना जरूरी: प्रो. वैद्य करतार सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : कुलपति प्रोफेसर वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर को समझने के लिए उनके विचारों को गहराई से पढ़ना जरूरी है। केवल चुनिंदा विषयों या घटनाओं से उनके व्यक्तित्व और योगदान को पूरी तरह नहीं समझा जा सकता। वे केवल दलितों के नेता नहीं, बल्कि एक महान राष्ट्र निमार्ता, विचारक और संविधान निमार्ता थे।
प्रो. धीमान वे रविवार को कुरुक्षेत्र के सेक्टर-8 स्थित आंबेडकर भवन में बाबा साहब डॉ. भीम राव आंबेडकर जी की 134 वीं जयंती के पर आयोजित 'डॉ. आंबेडकर जी की राष्ट्र को देन' राष्ट्रीय संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।



कुलपति प्रो. धीमान ने कहा कि जो लोग स्वतंत्रता संग्राम के बाद श्रेय लेने में आगे रहे, वे भी विचारधारा के स्तर पर बाबा साहब जितने दृढ़ और राष्ट्रभक्त नहीं थे। महिला सशक्तिकरण, सेना, स्वास्थ्य और परिवार नियोजन समेत ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है,जिस पर बाबा साहब का चिंतन नहीं रहा हो। कुलपति ने कहा कि बाबा साहब को केवल दलित नेता के रूप में नहीं, बल्कि

**नमन किया**

**▶▶ चुनिंदा विषयों या घटनाओं से उनके व्यक्तित्व और योगदान को पूरी तरह नहीं समझा जा सकता**

उन्हें सीमित दायरे से बाहर लाकर एक समग्र राष्ट्रनायक के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने ने कहा कि विश्व में शायद ही कोई संविधान होगा, जिसे डॉ. आंबेडकर ने न पढ़ा हो। उनका ज्ञान और दृष्टिकोण उन्हें संविधान निर्माण का सर्वश्रेष्ठ नेतृत्वकर्ता बनाता है। धर्म परिवर्तन की चर्चा करते हुए कुलपति ने कहा कि सन 1956 में जब बाबा साहब ने बौद्ध धर्म स्वीकार किया, तब भी उन्होंने भारतीय राष्ट्रीयता को सर्वोपरि रखा। उन्होंने बौद्ध धर्म को इसलिए स्वीकार किया, क्योंकि यह हिन्दू धर्म की सकारात्मक शिक्षाओं को समेटे हुए था और राष्ट्रहित से जुड़ा था। अगर उस समय बाबा साहब ने राष्ट्र की एकता के विपरीत कोई निर्णय लिया होता, तो देश को और अधिक विघटन का सामना करना पड़ता। ि
शक्षा पर बल देते हुए कुलपति प्रो. धीमान ने कहा कि बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि यह होगी कि हम शिक्षा से वंचित लोगों को शिक्षित करें।

# सिपाही झांसे में आकर महिला ठग से लाखों रुपये की ठगी करवा बैठा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: जिले** में साइबर ठगी के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे है। साइबर ठगों का जंजाल इस कदर हावी हो चुका है कि उसने खाकी के जवान भी ठगे जाने लगे है। एक साइबर ठग महिला ने हरियाणा पुलिस में तैनात कर्मी को सोशल साइट के जरिए दोस्त बनाकर उसे शादी करने का झांसा दिया। सिपाही झांसे में आकर महिला ठग से लाखों रुपये की ठगी करवा बैठा। ठगी का पता लगाने के बाद मामले की शिकायत साइबर थाना सेक्टर-23 में दी है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव मदीना गोहाना निवासी सोनू मलिक ने बताया कि वह वर्तमान में आरटीसी भोंडसी गुरुग्राम में

**मुकदमा**

**▶▶ साइबर थाना सेक्टर-23 सोनीपत पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया**

हरियाणा पुलिस सिपाही की ट्रेनिंग कर रहा है। गत 22 फरवरी को उसकी लवली एप के जरिए एक लड़की से बात हुई। जिसकी आई कोमल जाटनी के नाम से थी। उसने बताया कि वह एचडीएफसी बैंक में होम लोन विभाग में काम करती है। उसका वेतन 55 हजार रुपये है। उसने अपना वाट्सएप नंबर बताया। साथ ही सोशल साइट इंस्टाग्राम की आईडी दी। जिस पर कोमल नाम से उसका अकाउंट मिला। उसके बाद उसकी नॉर्मल बातचीत होने लगी। उसने बहाना बनाकर उससे 2800 रुपये की राशि उधार मांगी। उसने रुपये उसके खाते में ट्रांसफर कर दिए। उसके बाद उससे शादी करने का झांसा दिया। फिर उससे रुपये मांगने शुरू कर दिए। उसे झांसे में लेकर अलग-अलग खातों में कुल दस लाख 36 हजार से ज्यादा की राशि को ट्रांसफर करवा लिया। महिला ठग ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए खुलवाएं खातों में राशि को ट्रांसफर करवा लिया। जब उसे ठगी का पता चला तो मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। साइबर थाना सेक्टर-23 सोनीपत पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## न्यूज फ्लैश

### मंत्री अनिल विज ने शहर में यूरो हेल्थ केयर का शुभारंभ किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला**: हरियाणा के परिवहन, उर्जा व श्रम मंत्री अनिल विज ने आर्य चौंक अम्बाला शहर के नजदीक यूरो हैल्थ केयर अस्पताल का रिबन काटकर उदघाटन किया। यहां पहुंचने पर डायरेक्टर डॉ पीसी शर्मा, डॉ अंकूश शर्मा व अन्य लोगों ने मुख्यअतिथि को पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिन्नदन किया और उन्हें पर्यावरण का प्रतीक एक पौधा व शॉल भी भेंट की। परिवहन, उर्जा एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने यूरो हैल्थ केयर अस्पताल का उद्घाटन के उपरान्त यहां पर जो चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध रहेगी, उसका भी जायजा लिया। उन्होनें कहा कि डायरेक्टर डॉ पीसी शर्मा के साथ उनके परिवारिक सम्बधं है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के नागरिक अस्पतालों में बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है इसके साथ साथ निजी क्षेत्र में भी चिकित्सकों द्वारा बेहतर सुविधा दी जा रही हैं। उन्होनें कहा कि यूरो हैल्थ अस्पताल में अम्बाला के साथ साथ नजदीक लगते क्षेत्र के लोगों को यूरो चिकित्सा से सम्बधिंत अच्छी सुविधा मिल सकेगी। उन्होनें यह भी कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में अनेकों कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि नागरिक अस्पताल अम्बाला छावनी में अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं। पहले यहां पर ओपीडी मात्र प्रतिदिन 200 से 250 के करीब होती थी, लेकिन अब यहां पर प्रतिदिन 3 हजार से अधिक ओपीडी हैं। सभी चिकित्सा सुविधाएं यहां पर उपलब्ध हैं। परिवहन मंत्री ने इस मौके पर यह भी कहा कि डायरेक्टर डॉ पीसी शर्मा नेत्र चिकित्सा में बेहतर डॉक्टर है तथा इस क्षेत्र में उन्होनें काफी उपलब्धि भी हासिल की हैं। यूरो हैल्थ केयर सैन्टर अस्पताल का उद्घान किया गया हैं। जिसमें डायरेक्टर डॉ पीसी शर्मा के दामाद डॉ अंकुश शर्मा जो की यूरोलोजिस्ट, एन्ड्रोलोजिस्ट व रैनल ट्रांस्प्लांट सर्जन है और उन द्वारा इस अस्पताल में यूरोलोजिस्ट चिकित्सा सम्बधिंत बेहतर सुविधाएं लोगों को उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होनें यह भी बताया कि डायरेक्टर डॉ पीसी शर्मा की पुत्री डॉ नेहा शर्मा भी नेत्र विशेषज्ञ है और वे भी इस क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही हैं और लोगों को नेत्र चिकित्सा में बेहतर तकनीक के साथ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवा रही है। इस अवसर पर डायरेक्टर डॉ पीसी शर्मा के साथ-साथ संबंधित निजी अस्पताल के चिकित्सक व पिपल वैल्फेयर सोसायटी से गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### बहबलपुर में सेवा समिति ने धूमधाम से मनाया खालसा साजना दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला**: गुरू ग्रंथ साहिब विद्या केन्द्र सेवा समिति रजि. गांव बहबलपुर में समिति से शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों द्वारा खालसा साजना दिवस बड़े उत्साह से मनाया गया। साहिबजीत सिंह और बच्चों की ओर से गुरबाणी व सतसंग किया गया। इस अवसर पर हरप्रीत सिंह कथावाचक बुडा दल नीसाना वालो ने बच्चों को वैसाखी और खालसा साजना दिवस की बहुत बधाई दी। उन्होंने कहा-पीवो पहुल खंडे धार होए जन्म सोहेला, वाह वाह गोविन्द सिंह आपे गुर चेला।। दसवें गुरु गोविंद सिंह जी ने आनंदपुर साहिब में 13 अप्रैल 1699 संवत में गुरु साहिब ने अपने दरबार में संगत को इकट्ठा करवाया और पांच सीस की मांग की। संगत में से पांच धर्मों के अलग-अलग इलाकों से पांच बंदे खड़े हुए। सबसे पहले भाई दया सिंह जी, दूसरे नंबर पर भाई धर्म सिंह जी, तीसरे नंबर पर भाई हिम्मत सिंह जी, चौथे नंबर पर भाई मोहकम सिंह जी और पांचवें नंबर पर भाई साहिब सिंह जी बिना डरे गुरु साहिब जी के एक आदेश पर अपना सीस देने के लिए तैयार हो गए। गुरु साहिब ने पांच सीस देने वाले बंदों को खालसा सिंह बनाया। जिनको आज हम पांच प्यारों के नाम से जानते हैं।

# निरंतर रखना होगा स्वच्छता पर फोकस: सोनू

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्टद ने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाने के लिए अधिकारियों को निरंतर अपने प्रयास जारी रखने होंगे। इस शहर को स्वच्छ रखने के लिए निरंतर स्वच्छता पर पूरा ध्यान देना होगा। इस शहर को स्वच्छ बनाने के लिए आम नागरिक के सहयोग की भी निहायत जरूरत होगी। सभी के साझे प्रयासों से ही स्वच्छ भारत सर्वेक्षण की रैंकिंग में सुधार होगा। एडीसी ने कुरुक्षेत्र जिले के सभी शहरों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए एसडीएम को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि पिछले कुछ समय से थानेसर को



स्वच्छ बनाने के लिए सराहनीय प्रयास किए गए और पूरे शहर में स्वच्छता अभियान का असर देखने को मिला। इसके लिए नगर परिषद थानेसर के अधिकारी, कर्मचारी और पूरी टीम बधाई के पात्र है। इस टीम ने पूरी मेहनत और मुश्कत के साथ शहर के

**जरूरत**

**▶▶ इस शहर को स्वच्छ बनाने के लिए आम नागरिक के सहयोग की भी निहायत जरूरत होगी**

सभी डम्पिंग स्थलों को समाप्त करने का काम किया। अब इन डम्पिंग स्थलों पर पार्क या अन्य सौंदर्यीकरण का कार्य देखने को मिल रहा है।
उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को भविष्य में भी पूरी मेहनत और ईमानदारी के साथ स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाना है। इसके साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता सर्वेक्षण सर्वे के लिए लोगों से फीडबैक भी लेना है। इस फीडबैक के लिए एक लिंक एसबीएमअर्बनडॉटओआरजी पर फीडबैक भी देना है। इस फीडबैक के तहत 10 प्रश्नों के जवाब देने होंगे। यह फीडबैक थानेसर नगर परिषद को रैंकिंग में सुधार करने में मदद करेगा। इसलिए सभी इस फीडबैक को भरवाना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि थानेसर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आदेश दिए थे और बकायदा शेख चेहली मकबरे से स्वच्छता अभियान का आगाज भी किया था।

# संदिग्ध हालत में बच्चे की मौत, भाई ने आकर परिजनों को करवाया अवगत

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र के गांव दहिसरा में संदिग्ध हालत में बच्चे की मौत होने का मामला सामने आया है। बच्चे के साथ गए उसके छोटे भाई ने घर आकर परिजनों को अवगत करवाया। उसके बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां फॉरेंसिक चिकित्सक न होने के चलते शव को महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। बिहार हाल में दहिसरा निवासी आरव (6) अपने छोटे भाई के साथ खेल रहा था। वह घर से खेतों की तरफ चला गया। वहां खेलते समय अचानक गिरकर जमीन पर गिर गया। काफी देर तक नहीं उठा तो छोटे भाई ने घर आकर परिजनों को अवगत करवाया। परिजन मौके पर पहुंचे। जहां बेहोशी की हालत में मिला। परिजन उसे लेकर अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शवगृह में रखवाया। जांच अधिकारी रविंद्र ने बताया कि नागरिक अस्पताल से शव को चिकित्सक ने महिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# युवती से विदेश भेजने के नाम पर 25 लाख की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। सेक्टर-32 स्थित एक ऑफिस में विदेश भेजने का झांसा देकर सफीदों (जींद) की एक युवती से 25 लाख की ठगी की गई। युवती ऑस्ट्रेलिया जाने की इच्छुक थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात चेतन्य नामक युवक से हुई, जिसने खुद को विदेश भेजने का विशेषज्ञ बताया और कहा कि उसकी विदेश में अच्छी सेटिंग है। उसने युवती को भरोसे में लेकर 25 लाख में ऑस्ट्रेलिया भेजने का सौदा किया। शुरूआती तौर पर 2 लाख रुपए खाते में डलवाए गए और बाकी रकम भी धीरे-धीरे देने की बात तय हुई। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
पीड़िता सुखविंद्र का आरोप है कि चेतन्य ने उसे बिना बताए कई नकली दस्तावेज तैयार किए और उन्हें वेबसाइट पर अपलोड कर दिया। इसके बाद उसने झूठे वादों और तारीखों से युवती को गुमराह किया और वीजा मिलने की बात कहता रहा। जब पीड़िता को शक हुआ और उसने संपर्क करना चाहा तो आरोपी अपना ऑफिस बंद करके फरार हो गया।
शिकायत में यह भी बताया गया है कि आरोपी चेतन्य की मां अनु घेरा भी इस पूरी साजिश में शामिल थी। दोनों ने मिलकर विश्वासघात किया और पैसे ऐंठे।

# अपने दिए ब्यान अनुसार तय समय सीमा में हों ट्रांसफर : कृष्ण कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। शिक्षा मंत्री अपने दिए गए ब्यान के अनुसार तय समय सीमा में ही ऑनलाइन ट्रांसफर ड्राइव चलवाकर ट्रांसफर प्रक्रिया को पूर्ण करवाकर शिक्षकों को राहत देने का काम करें। उपरोक्त ब्यान आज शिक्षक तबादला करवाओ संघर्ष समिति के राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण ने दिया और कहा कि यदि अबकी बार वायदे के अनुसार ट्रांसफर नहीं हुए तो शिक्षकों का न केवल भरोसा टूटेगा, बल्कि शिक्षार्थी, शिक्षकों एवम शिक्षा के लिए भी यह स्वस्थ नहीं होगा। साथ ही यह सरकार



और शिक्षा विभाग की ड्रीम पॉलिसी का मजाक भी होगा। उन्होंने मांग की कि शिक्षा मंत्री ने खुद ही ब्यान दिया है कि 31 मई तक ट्रांसफर कर देंगे, तो हर हाल में ट्रांसफर कर देने चाहिए, जिसके लिए ट्रांसफर प्रक्रिया में तेजी लाई जाने की जरूरत है।
उन्होंने कहा कि शिक्षक तबादला करवाओ संघर्ष समिति पिछले दो वर्षों से ट्रांसफर के लिए संघर्षरत हैं और खुद मुख्यमंत्री ने समिति से वायदा किया था कि विधानसभा चुनाव के बाद सबसे पहला काम ऑनलाइन ट्रांसफर करने का होगा।

# पुरानी रंजिश के चलते बदमाशों ने कार का शीशा तोड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। करनाल की बहादुर चंद कॉलोनी में बदमाशों ने देर रात लूट की वारदात को अंजाम दिया। इस दौरान उन्होंने घर के बाहर खड़ी कार का शीशा तोड़ दिया और परिवार के लोगों को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीडित ने बताया कि बाइक सवार 4 से 5 बदमाशों ने देर रात इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुरानी बहादुर चंद कॉलोनी निवासी चंद्रभूषण ने बताया कि शनिवार देर रात को गाड़ी में दुकान से घर पर आया था।

# अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए पानीपत पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ कर गिरोह के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पानीपत की 2 व दिल्ली की 18 वारदातों का खुलासा हुआ है। उप पुलिस अधीक्षक राजबीर सिंह ने रविवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में प्रैसवार्ता के दौरान बताया कि एवीटी सेल प्रभारी सब इंस्पेक्टर रोहताश व उनकी टीम ने गत सोमवार को सोनीपत में कामी चौक के पास से आरोपी आसीम निवासी किठौर मेरठ यूपी को काबू किया था। प्रारंभिक



पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी आरोपी सोनीपत के ठरू गांव निवासी अजय, खुबडु गांव निवासी सुदीप धनखड़, सोनीपत निवासी गौरव, यूपी के मेरठ के जिशोर गांव निवासी माजिद व ककौल गांव निवासी रिजवान के साथ मिलकर बीती 5 फरवरी की रात मॉडल टाउन में घर के बाहर से एक फॉर्च्यूनर गाड़ी चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा था। गिरोह में शामिल फरार आरोपी अजय दिल्ली पुलिस में सिपाही के पद पर तैनात है। फॉर्च्यूनर गाड़ी चोरी की उक्त वारदात बारे माडल टाउन में करण तलुजा निवासी माडल टाउन की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।
डीएसपी राजबीर सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने आरोपी को माननीय न्यायालय से 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर गहनता से पूछताछ की तो रिमांड के दौरान आरोपी ने अपने उक्त साथी आरोपियों के साथ मिलकर पानीपत में देशवाल चौक के पास से अन्य एक हुंडई वेन्यू गाड़ी व दिल्ली में अलग अलग स्थान से 18 गाड़ी चोरी करने की वारदातों को अंजाम देने बारे स्वीकारा।
आरोपी पानीपत से हुंडई वेन्यू गाड़ी चोरी ले जा रहे थे तब बिंझौल गांव के पास गाड़ी का तेल खत्म होने पर आरोपी वेन्यू गाड़ी को वही लावारिस हालत में छोड़कर फरार हो गए थे। पुलिस टीम द्वारा उक्त गाड़ी बरामद की जा चुकी है।

# कोर्ट में दिए जमीन के फर्जी दस्तावेज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। इंद्री क्षेत्र के एक पुराने भूमि विवाद ने नया मोड़ ले लिया है। करनाल के शिकायतकर्ता अशोक ने आरोप लगाया है कि गांव काछवा के तिलक राज व उसके बेटे अंकुश शर्मा ने साजिश रचते हुए न सिर्फ फर्जी दस्तावेज तैयार किए, बल्कि उन्हें कोर्ट में असली बताकर पेश भी किया। खुद को उस राम दिव्या का वारिस बताया, जिसकी जमीन का सौदा अशोक कुमार के पक्ष में तीन दशक पहले हो चुका है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता अशोक का कहना है कि उन्हें राम दिव्या समेत अन्य लोगों से 1992 में पावर ऑफ अटॉर्नी मिली थी और 1993 में उन्होंने बिक्री वासिका के तहत जमीन का सौदा कर लिया था। आरोपियों ने दावा किया कि उनके दादा राम दिव्या की मौत 1975 में हो गई थी, इसलिए यह पावर ऑफ अटॉर्नी फर्जी है। लेकिन वर्ष 2018 में कोर्ट ने इस दावे को खारिज कर दिया था और फैसला अशोक कुमार के पक्ष में दिया था। अशोक कुमार के अनुसार उन्होंने तहसीलदार को आवेदन देकर राम दिव्या की जाति व वारिसों की जानकारी मांगी थी, जिस पर हलका पटवारी ने स्पष्ट किया कि वे भाटिया जाति से हैं, जबकि आरोपी खुद ब्राह्मण पुष्करण जाति से हैं।

# अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाएं व उनकी देखभाल भी करें: रावल

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

पर्यावरण परिषद हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष अफसर रावल ने आज यहां जारी एक ब्यान में प्रदेश वासियों से आह्वान किया की वह अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाएं व उनके पेड़ बनने तक देखभाल भी करें। इसके बाद ही हम अपनी आने वाली पीढ़ी को साफ हवा दे पाने में सफल होंगे। अफसर रावल ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पर्यावरण को लेकर बहुत चिंतित हैं। इसलिए पीएम मोदी ने एक पौधा मां के नाम



अभियान शुरू किया है। प्रदेश वासियों को इस अभियान में बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की खराबी के चलते ही आजकल बिमारियां ज्यादा हो गई हैं। ज्यादातर इंसानों को दवाईयों के सहारे जीवन व्यतीत करना पड़ रहा है। हम अपने स्वार्थ के चलते जंगलों व पेड़ों को समाप्त करने पर तुले हुए हैं। जिसका खमियाजा पर्यावरण के असंतुलन के रूप में हमे भोगना पड़ रहा है। अफसर रावल ने कहा कि उन्होंने हरियाणा पर्यावरण परिषद का प्रदेश उपाध्यक्ष बनते ही संकल्य लिया था कि वह हरियाणा में एक करोड़ पौधे लगावायेंगे तथा उनकी देख-रेख भी करेंगे। जिसका शुभारंभ वह अपने गांव से करेगें। आने वाले समय में केन्द्र व प्रदेश सरकार के आदेशानुसार पौधारोपण के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# यमुनानगर जायेगी रोडवेज की 110 बसें, यात्रियों को झेलनी पड़ेगी परेशानी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: जिले** में सोमवार को लोकल रुटों से लेकर लंबे रुटों पर यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। रोडवेज विभाग की तरफ से यमुनानगर में आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में रोडवेज की लॉरी जायेगी। विभाग की तरफ से सोनीपत व गोहाना सब डिपो की 110 बसों को हिसार व यमुनानगर में आयोजित कार्यक्रम के लिए जिले के विभिन्न गांवों में तैनात किया जाएगा। ऐसे में बस यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि रोडवेज अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए कारगर कदम उठाए जा रहे है। बता दें कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को डा. बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती पर यमुनानगर में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान वे 7 हजार करोड़ रुपय की लागत से बनने वाले 800 मेगावाट के थर्मल प्लांट की नई इकाई का भी शिलान्यास करेंगे। साथ ही 100 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले बीपीसीएल प्लांट की आधारशिला भी रखेंगे। ऐसे में जनसभा में लोगों को पहुंचाने के लिए रोडवेज के साथ-साथ निजी बसों को भी तैनात किया गया है। उक्त बसें विभिन्न गांवों में तैनात की जाएगी, ताकि ग्रामीण सीधे

**निर्देश जारी**

**▶▶ मोदी के कार्यक्रम को लेकर जिले से कुल 110 बसों को भेजने के निर्देश विभाग की तरफ से मिले है**

अपने घर से ही रैली स्थल तक पहुंच सके। सोनीपत बस डिपो से सोनीपत से दिल्ली सहित चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों के लिए सीधी बस सेवा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त सोनीपत से पानीपत, रोहतक, करनाल, अंबाला, झज्जर सहित प्रदेश के विभिन्न जिला मुख्यालयों तक बसें चलती है। सोनीपत से खानपुर, सोनीपत से गोहाना, सोनीपत से फरमाणा सहित कई लोकल रूट पर भी यात्रियों को रोडवेज की बस सेवाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है। लेकिन सोमवार को परिस्थितियां यात्रियों के लिए वितरित रह सकती है। लोकल रूटों पर बस सेवाएं लगभग पूरी तरह से बंद रहेंगी। इसके अतिरिक्त चुनिंदा महत्वपूर्ण रूटों पर ही बसें चलाई जाएगी। उक्त रूटों पर भी बसों की संख्या अपेक्षाकृत कम रहेगी।

**बेड़े में शामिल बसों में 70 सोनीपत तो 40 सब डिपो गोहाना से जायेगी बसें**

सोमवार को बस यात्रियों को कितनी परेशानियां झेलनी पड़ सकती है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सोनीपत बस डिपो में मौजूदा समय में 124 बसें हैं। इनमें से 70 बसों को सोनीपत बस अड्डे से रैली में भेजा जाएगा। ऐसे में लगभग सभी लोकल रूट सोमवार को बंद रह सकते हैं, वहीं लम्बे रूटों पर भी बसों की कमी यात्रियों को खल सकती है। वहीं गोहाना बस डिपो में शामिल करीब 76 बसों में से 40 बसों को हिसार रैली के लिए भेजा जाएगा। इसके अतिरिक्त जिले से 40 निजी बसों को भी रैली के लिए तैनात किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर जिले से कुल 110 बसों को भेजने के निर्देश विभाग की तरफ से मिले है।

# बुराड़ी में लगा समस्याओं का अंबार, जनप्रतिनिधियों को नहीं है कोई सरोकार





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** वोट हम अपने अधिकार को सबित करने और एक ईमानदार और कामदार सरकार का मजबूती से गठन करने के लिए करते है और जन प्रतिनिधियों को भी अपनी समस्याओं पर ध्यान देने और उन समस्याओं के निस्तारण करने के लिए चुनते है और नेता भी चुनाव के दौरान बड़ी-बड़ी बाते करते है और बड़े-बड़े वादे भी करते है और चुनाव जीत जाने के बाद न तो उन्हें अपने चुनावी वादे याद रहते है और न ही वह फिर क्षेत्र में भी नजर आते है और लोगों की समस्याएं जस की तस बनी रहती है। काफी सालों से कुछ ऐसा ही हाल है बुराडी विधानसभा क्षेत्र का, जहां दैनिक समस्याओं की वजह से क्षेत्रीय लोगों का जीना मुहाल हो गया है।

मुकुंदपुर कालोनी में रहने वाले लोगों ने बताया कि हमारी कॉलोनी में कभी सफाई करने वाले कर्मचारी नहीं आते है जिसके चलते कूड़ा सडको पर फैला रहता है और जब तेज हवा चलती है तो हवा के सहारे वह सारा कूड़ा उडकर लोगों के घरों में घुसता है जिसकी वजह से गंदगी तो फैलती ही है बल्कि गंदगी से होने वाली बीमारी भी फैलने की आशंका बनी रहती है। इसके साथ ही ग्रांउड रिपोर्टिंग के दौरान देखा गया कि मुकुंदपुर चौक से झडोदा की ओर जाने वाली सड़को पर कूड़ो का ढ़ेर तो इस कदर फैला रहता है जैसे मानों सालो से यहां न तो सफाई कर्मचारी आया हो और न ही सफाई की गई हो।

मुकुंदपुर पार्ट दो में रहने वाले रमेश यादव ने बताया कि मुख्य रोड पर कूड़े का ढ़ेर पडे रहना कोई नई बात नहीं है, यहां पर हमेशा ही ऐसे की गंदगी फैली रहती है जिसकी ओर न तो कभी निगम पार्षद का ध्यान गया है और न ही निगम अधिकारियों ने इस ओर रूख किया है। क्षेत्रीय निवासी महेश शर्मा ने कहा कि कूड़े का ढेर होने के चलते वहां हमेशा ही मवेशीयों का आतंक मचा रहता है, इनता ही नहीं कभी कभी यह मवेशी आपस में लडते हुए बीच सडकों तक आ जाते है जिसके चलते वहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को भी खतरा बना रहता है। तो वहीं झडोदा वार्ड में रहने वाले सुरेश उपाध्याय ने बताया कि पार्षद ने क्षेत्र में कभी भी समस्या के उपर ध्यान नहीं दिया है, और न ही सफाई कर्मचारी क्षेत्र में कभी नजर आते है।

हम लोगों ने सफाई की समस्या को लेकर कई बार पार्षद से शिकायत भी की थी लेकिन पार्षद के कानो तले जूं तक न रेंगी।

## अभिव्यक्ति साहित्यिक मंच की पंचम काव्यगोष्ठी संपन्न



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** अभिव्यक्ति साहित्यिक संस्था(पंजाबी हिंदी और उर्दू की सांझा साहित्यिक संस्था) द्वारा पांचवीं मासिक गोष्ठी संस्था की अध्यक्षा मधु मधुबाला लबाना के निवास स्थान बी 2/8 द्वितीय तल सेक्टर-11 रोहिणी दिल्ली में आयोजित की गई। अभिव्यक्ति साहित्यिक संस्था पिछले दस वर्षों से वर्ष में दो भव्य आयोजन कराता है। किंतु अब यह हर माह के प्रथम सप्ताह में एक काव्य गोष्ठी आयोजित की जाती है। काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता हिंदुस्तान के वरिष्ठ गीतकार डॉ जय सिंह आर्य ने की एवं मुख्य अतिथि नारायणी साहित्य सभा की राष्ट्रीय अध्यक्षा डॉ पुष्पा सिंह विशेन रहीं। विशिष्ट अतिथि शायर आरिफ देहलवी रहे। दिल्ली एनसीआर से आए कवि एवं कवयित्रियों ने अपना बेहतरीन काव्य पाठ किया। संगोष्ठी का संचालन कवयित्री रजनीश गोयल एवं शायर असलम बेताब ने संयुक्त रूप से शानदार अंदाज में किया। यह काव्यगोष्ठी दोपहर 3 बजे से लेकर शाम के सात बजे तक लगभग 4 घंटे चली। काव्य गोष्ठी में शिरकत करने वाले कवि एवं कवयित्रियों में राजीव तनेजा, संजू तनेजा, शायरा संगीता चौहान सदफ, गोल्डी गीतकार, संजय कुमार गिरि, शायर जावेद अब्बासी, शायर पी ए नकवी, शायर नईम हिन्दुस्तानी, कवि विवेक, शायर असलम बेताब ,कंचन वार्ष्णय, एडवोकेट पवन मल्होत्रा, इब्राहिम अल्वी, आरती वर्मा, बबली वशिष्ट, डॉ सुषमा गर्ग, अनुराधा पाराशर, मंजू वशिष्ठ, हुमा खातून, अनुराधा पाराशर, आरिफ देहलवी एवं दुबई से आए शायर सैफ हैदर आदि रहे।

## दिल्ली के अस्पतालों में नकली दवाइयों की खेप रोकने में नाकाम साबित हो रही है सरकार: यादव



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री देवेन्द्र यादव ने राजधानी में लोगां की जान को खतरे डालने वाली नकली दवाओं के धंधे पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कैसे दिल्ली के सरकारी अस्पतालों और पंजीकृत दवाई की दुकानों तक यह नकली दवाई पहुॅच रही है और दिल्ली की पिछली और मौजूदा भाजपा सरकार इसे रोकने पर कोई संवेदनशील कार्यवाही क्यों नही कर पा रही है। श्री यादव ने कहा कि दिल्ली के सबसे बड़े दवा बाजार चॉदनी चौक के भागीरथ पैलेस से ढाई लाख रुपये की नकली दवाई औषधि नियंत्रण विभाग द्वारा पकड़े जाने से इस बात की पुष्टि हो गई है कि राजधानी में नकली दवाईयों के कारोबार की जड़े काफी मजबूत है, जिसके लिए पिछली आम आदमी पार्टी और मौजूदा भाजपा की दिल्ली सरकार जिम्मेदार है। देवेन्द्र यादव ने आशंका जताते हुए कहा कि कहीं सरकार में बैठे नुमाईंदे तो नकली दवाई के घिनौने कारोबार का हिस्सा तो नही है। जानकारी के अनुसार दिल्ली के एम्स सहित अन्य बड़े अस्पतालों में नकली दवाईयां आसानी से खपाया जा रहा है क्योंकि बड़े अस्पतालों में हृदय, कैंसर, लिवर, किडनी सहित अन्य गंभीर बीमारियों के इलाज की दवाईयों की अधिक मांग होती है।

राजधानी में नकली दवाईयां उपलब्ध होना न केवल लोगां के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है बल्कि नकली दवाईयों के दलालों ने देश की प्रतिष्ठा को भी दाव पर लगा दिया है।

## चोरों ने घर से लाखों के आभूषण व नकदी पर किया हाथ साफ

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले के जगतपुरी इलाके में चोरों ने एक घर से 350 डॉलर व 50 हजार रुपये नकद, 30 तोला सोना व 500 ग्राम चांदी पर हाथ साफ कर दिया। इस दौरान पीड़ित परिवार घर में ताला बंद करके किसी काम के चलते रोहिणी गया हुआ था। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित चोर फरार हैं। पुलिस के अलावा क्राइम व एफएसएल की टीमों ने मौके से जरूरी सुराग जुटाए हैं। इसके अलावा, मामला दर्ज करने के बाद पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालकर पुलिस चोरों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, पीड़ित 69 वर्षीय बुजुर्ग शिवेंद्र कुमार तिवारी परिवार के साथ जगतपुरी इलाके में रहते हैं। वह बीएसएनएल से सेवानिवृत्त हैं और घर पर ही रहते हैं। चार अप्रैल दोपहर करीब एक बजे वह परिवार के साथ किसी काम से रोहिणी गये हुए थे। उन्होंने घर के मुख्य द्वार व आलमारियों में अच्छे से ताला लगाया था। लेकिन छह अप्रैल को पीड़ित के पड़ोसी गौरव ने कॉल कर उन्हें बताया कि उनके घर का ताला खुला हुआ है। पीड़ित ने अपने एक मित्र हितेश गुप्ता को जाकर देखने के लिए कहा और शिवेंद्र की पत्नी व बेटा भी घर पहुंचे।

## जहांगीर पुरी में हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभा यात्रा





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** देशभर में हनुमान जन्मोत्सव बडी ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सुबह से ही प्राचीन मंदिरों सहित स्थानीय मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इसके साथ ही इस मौके पर जय श्री राम और जय हनुमान के जयकारों से आसमान भी गुंजयमान रहा।

इसी कड़ी में जहांगीरपुरी में वीर हिंदू परिषद द्वारा हनुमान जयंती के मौके पर गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में पीछे-पीछे हनुमान भक्त और आगे रथ पर राम भक्त हनुमान की झांकी सुसज्जित थी। जोकि आकर्षण का केंद्र रहा। शोभा यात्रा ईई ब्लॉक जहांगीर पुरी से होते हुए बाबू जगजीवन राम हॉस्पिटल पर समापन किया गया। रथ के पीछे भी भारी संख्या में श्रद्धालु निशान लेकर जय श्री राम और जय हनुमान का नारा लगा रहे थे। इस बीच पुरा गली मोहल्ला और आसपास का पूरा माहौल जय श्री राम के जयघोष से भक्तिमय हो उठा था। मार्ग में जगह-जगह भक्तों ने झांकी में सुसज्जित भगवान श्री हनुमान की पूजा अर्चना तथा आरती की। इस दौरान श्रद्धालुओं में काफी उत्साह भी देखने को मिला। इस दौरान जिस जगह से भी झांकी होती हुई गई। वहां पर स्थानीय लोगों ने झांकी का खुले दिलों से स्वागत किया व पुष्प वर्षा भी की गई।

## श्री हनुमान जन्मोत्सव पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** उत्तर पूर्वी दिल्ली के गोकल पुर विधानसभा स्थित जी ब्लॉक गली नंबर-2 गंगा विहार में श्री हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा, भजन एवं आरती की गई। आयोजक समिति में सेवादार मोहित कुमार भारतीय, महेश कुमार, गली के सदस्यों एवं प्रतिष्ठा युवा संगठन ने अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर दिल्ली नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर अमित शर्मा, पूर्व निगम पार्षद एवं चेयरमैन चौधरी बलराज, पूर्व विधायक प्रत्याशी गोकल पुर विधान सभा प्रवीण निमेष, मण्डल अध्यक्ष ज्ञानेश्वर, महिला मोर्चा अध्यक्ष रजनी गौड़, श्री श्याम बाबा अध्यक्ष सीमा कश्यप, मधु शर्मा, मुस्कान, सरोज, पिंकी, प्रतिष्ठा युवा संगठन की सदस्य वन्दना पटेल, नेहा, दीपशिखा उपस्थित रहें। वहीं सुन्दरकाण्ड पाठ करने वाले धीरज दीवाना कंठस्थ सुन्दर कांड प्रवक्ता एवं उनकी टीम और भजन गायिका भावना अवस्थी ने राम हनुमान भजन से सभी का मन मोह लिया। वहीं सुन्दरकाण्ड पाठ में 200 से अधिक महिलाओं और लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं श्री बाला जी महाराज के दरबार में भक्तों ने अपने परिवार की सुख समृद्धि और कष्टों से मुक्ति के लिए अर्जी लगाकर बाबा से प्रार्थना की। मोहित भारतीय ने सभी भक्तों को बताया कि जल्दी हम बस सेवा शुरू करने वाले हैं।

## 'समाज का सही मार्गदर्शन करने के लिए संतों को आगे आना होगा'



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली संत महामंडल के महामंत्री महामंडलेश्वर श्रीश्री 1008 नवल किशोर दास महाराज द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री हनुमान जन्मोत्सव पर श्रीमदभागवत कथा, संत सम्मेलन व भंडारे का आयोजन किया गया। रविवार को हुए संत सम्म्मेलन के मुख्य अतिथि सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर महादेव मंदिर, गाजियाबाद के पीठाधीश्वर श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता व दिल्ली संत महामंडल के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज रहे। श्रीमदभागवत कथा व संत सम्मेलन का आयोजन श्री हनुमान मंदिर गली नंबर-12 चौथा पुस्ता करतार नगर दिल्ली में हुआ। श्रीमदभागवत कथा का शुभारंभ रामनवमी 6 अप्रैल को हुआ था। रामनवमी पर कथा से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। 10 अप्रैल को श्री कृष्ण जन्मोत्सव, 11 अप्रैल को गोवर्धन पूजा व 12 अप्रैल को रूकमणि विवाह प्रसंग का सुंदर वर्णन कर कथा व्यास आचार्य अच्युतानंद व पंडित कमलभान मिश्रा ने भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। रविवार को संत सम्मेलन का आयोजन हुआ। संत सम्मेलन के मुख्य अतिथि सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर महादेव मंदिर, गाजियाबाद के पीठाधीश्वर श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता व दिल्ली संत महामंडल के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि धर्म पर जब भी संकट आया, उसकी रक्षा के लिए संत ही आगे आए। आज जैसी परिस्थिति हैं, उसमें एक बार फिर संतों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण हो गई है। समाज का सही मार्गदर्शन कर उसे लोक कल्याण के मार्ग पर ले जाने के लिए संतों को आगे आना होगा। संत जिस स्थान पर भी कदम रख देते हैं, वहीं स्थान पवित्र हो जाता है। अतः संतों को भ्रमण कर भारतीय दर्शन, संस्कृति व धर्म का परचम देश ही नहीं विश्व भर में फहराना होगा।

इस मौके पर सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि बहुत पुण्य से ही संतों के दर्शन व सानिध्य का अवसर प्राप्त होता है।

## खालसा साजना दिवस के उपलक्ष्य पर बच्चों ने किया गुरबाणी कीर्तन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** खालसा साजना दिवस (वैसाखी) के उपलक्ष पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा सरस्वती गार्डन कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने बहुत ही सुंदर गुरबाणी कीर्तन किया। इस अवसर पर काफी संख्या में संगत उपस्थित थी। कमेटी के महासचिव रविंदर पाल सिंह नागपाल व अन्य सदस्यों ने नेशनल अकाली दल के अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा को सरोपा पहनाकर स्वागत किया।

रविंदर पाल सिंह नागपाल ने बताया 5 साल से लेकर 18 साल के बच्चों ने कीर्तन गाकर संगत को निहाल किया। कमेटी की ओर से बच्चों को इनाम भी दिए गए।

इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा ने सबको खालसा साजना दिवस की बधाई देते हुए कहा हमें इसी प्रकार बच्चों को गुरु घर से जोड़ना चाहिए। और समय-समय पर धर्म प्रचार से जोड़ने के लिए बच्चों के ऐसे आयोजन होने चाहिए क्योंकि बच्चों का रुख मोबाइल की ओर जाता जा रहा है जिससे बच्चों का भविष्य बिगड़ता जा रहा है।

## कायस्थ महासभा का आयोजन संपन्न, पत्रकारों और कलाकारों को किया गया सम्मानित




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, दिल्ली प्रदेश द्वारा ग्रेटर कैलाश-1 स्थित एम ब्लॉक मार्केट में भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भगवान श्री चित्रगुप्त जी की विधिवत पूजन और महाआरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस आयोजन की विशेषता रही एक सम्मान समारोह, जिसमें समाज के प्रतिभाशाली छात्र पत्रकारों, नवोदित कलाकारों और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया। मंच पर बुलाकर इन युवाओं को सम्मान पत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान किए गए, जिससे समाज में प्रेरणा का संचार हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में समारोह में मौजूद रहे कायस्थ सरदार ए सी भटनागर, डी. के. सक्सेना, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष (प्रभारी दिल्ली एवं एनसीआर), अजय श्रीवास्तव 'नीलू', राष्ट्रीय महामंत्री और विशिष्ट अतिथि के रूप में महेंद्र सक्सेना (राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष), विपीन जौहरी (राष्ट्रीय संयुक्त महामन्त्री), आर डी श्रीवास्तव (राष्ट्रीय मंत्री), शेफाली भटनागर (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला विंग) मौजूद रहे। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष रजनीश रंजन सिन्हा ने कहा कि हमें राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह एवं राष्ट्रीय महामंत्री अजय श्रीवास्तव 'नीलू' के नेतृत्व में कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है, जो हमारे लिए गौरव की बात है। उन्होंने आगे कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सामाजिक चेतना और सांस्कृतिक सरोकारों से भी जुड़ा रहा। युवा प्रतिभाओं को समाज के मंच से सम्मानित करना उन्हें नई ऊर्जा देने जैसा है। इससे उन्हें यह संदेश जाता है कि समाज उनकी मेहनत और लगन को देख रहा है और सराह रहा है।

कार्यक्रम के अन्य आकर्षणों में भगवान श्री चित्रगुप्त जी की महाआरती, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी चर्चाए एवं संवाद किया गया। समारोह के अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन निरंतर करने की घोषणा की।

# स्ट्रीट चिल्ड्रन डे: हजारों बच्चों ने तय किया स्ट्रीट से स्टेज तक का सफर

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** इंटरनेशनल स्ट्रीट चिल्ड्रन डे के अवसर पर जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निशुल्क शिक्षा केंद्र मथुरा ने अपना 17 वा स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज के सभागार में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं गणेश वंदना से किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चेयरमैन उमाशंकर अग्रवाल एड. ने कहा कि सतीश चंद्र शर्मा द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को शिक्षा संस्कार एवं समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का पुनीत कार्य किया जा रहा है। मुख्य अतिथि राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग अध्यक्ष




डॉ देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि सामाजिक कार्यकर्ता सतीश चंद्र शर्मा द्वारा वर्ष 2008 से लगातार झुग्गी झोपड़ियो में शिक्षा का अलख जगाकर सेकडो बच्चो को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य सराहनीय है। इस सेवा कार्य में वे सदेव साथ है। विशिष्ट अतिथि उद्योग पति पवन चतुवेर्दी एवं डॉ. ललित शर्मा ने जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केंद्र मथुरा परिवार द्वारा झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले शिक्षा से वंचित सैकडों बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए समाज के सक्षम लोगो से इस कार्य में सहयोग करने की अपील की ताकि इन बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो सके। कार्यक्रम में करुणेश डिप्टी जेलर, सहायक श्रमायुक्त एमएल पाल, डॉ पीपी भाटी, डॉ. एसएस अग्रवाल, डॉ. लोकेंद्र शर्मा, डॉ. राकेश सैनी एवं अन्य अतिथिगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सैकड़ों बच्चे एवं अतिथि गण उपस्थित रहे।

**यह हैं संस्था के प्रयास**

संस्था के संस्थापक समाजसेवी सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि एक ही उम्र के दो बच्चो के कंधो पर कबाड़ एवं किताब के थैले ने मुझे झकझोर कर रख दिया और इसी से वर्ष 2008 में स्ट्रीट टू स्कूल अभियान का विचार मेरे मन में आया। झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले गरीब एवं अभावग्रस्त भिक्षावृत्ति कबाड़ बीनने वाले शिक्षा से वंचित बच्चो को जोड़ने का कार्य वर्ष 12 अप्रैल 2008 में नवादा स्थिति झुग्गी झोपड़ियों से 25 बच्चो से शुरू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा का अभियान आज तीन सेंटरों के माध्यम से लगभग 300 बच्चों को निशुल्क शिक्षा दे रहा है। अशिक्षा नशा एवं अपराध नाटक ,सामूहिक एवं एकल नृत्य एवं गीत संगीत के माध्यम से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इस अवसर पर दर्जनों समाजसेवियों को सम्मानित किया गया।

# यमुना एक्सप्रेस वे पर कुशीनगर से जम्मू जा रहे यात्रियों लूटी थी कार

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** यमुना एक्सप्रेस वे पर हुई लूट की घटना का मथुरा पुलिस ने खलासा कर दिया है। थाना नौहझील पुलिस, स्वाट, एसओजी व सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए लूटी गई गाडी होण्डा सिटी व लूट में प्रयुक्त गाडी हुण्डई वैन्यू को बरामद किया है। 12 अप्रैल की की रात्रि करीब साढे दस बजे चौकी कौलाहर थाना नौहझील क्षेत्र में गौमत की तरफ से आ रही लूट की घटना में प्रयुक्त वेन्यू कार को चला रहे अभियुक्त विक्रान्त उर्फ पहलवान पुत्र स्व. श्री बाबू निवासी सरफाबाद थाना सैक्टर 113 जनपद गौतम बुद्ध नगर को गिरफ्तार कर लिया। विक्रांत की निशानदेही पर यमुना एक्सप्रेस वे के सहारे कच्चे रास्ते पर बने बंद होटल में लूटकर छिपाई गयी होंडा




सिटी कार को को बरामद कर लिया गया। पांच अप्रैल को थाना नौहझील पर यमुना एक्सप्रेस वे पर कुशीनगर से जम्मू जा रहे चार यात्रियों के साथ बदमाशों द्वारा उनकी होंडा सिटी कार, दो मोबाइल और रूपए लूट लिये थे। घटना के खुलासे के लिए उच्चाधिकारियों द्वारा थाना नौहझील पुलिस के अलावा जनपद मथुरा की स्वाट एसओजी सर्विलांस टीमें भी लगाई गई थीं।

विक्रांत ने पुलिस को बताया कि वो पहलवान है तथा उसने अपने दोस्त प्रशान्त पुत्र प्रमोद निवासी कोटा थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर व उसके एक अन्य साथी के साथ मिलकर एक्सप्रेस वे पर होण्डा सिटी गाड़ी को लूटा था।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्रामीणों को बताया सरकार की उपलब्धियां



**मथुरा।** कस्बा राया में भाजपा के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित गांव चलो अभियान के अंतर्गत भाजपा मंडल अध्यक्ष रामकुमार उपाध्याय के निर्देशन में भाजपा कार्यकताओं ने कस्बे में लोगो को शांति सुरक्षा सुशासन एवं भाजपा सरकार द्वारा गरीबो किसानों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन राकेश शर्मा, भूपेश अग्रवाल, मुकेश पाठक, संजय गोयल, मुकेश अग्रवाल, मोनू अग्रवाल, चंद्रमोहन अग्रवाल आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बैसाखी का पर्व धूमधाम से मनाया गया, सौ से अधिक लोगों ने अमृत चखा



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** खालसा पंथ के सृजन दिवस वैशाखी पर्व रविवार को धूमधाम से मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम डेरा कार सेवा मे प्रमुख जत्थेदार बाबा सूक्खा सिंह जी के मार्गदर्शन मे मनाया गया। गुरुद्वारा डेरा कारसेवा के प्रमुख बाबा सुक्खा सिंह ने बताया कि सुबह से ही दीवान सजाया गया। सुबह से अटूट लंगर बरता गया। इस अवसर पर रागी ढाडी जत्थों ने गुरु की महिमा का बखान किया। इस अवसर पर अमृत का संचार किया गया। इस दौरान कार सेवा धर्म प्रचार गुरुद्वारा करता पुर्ख निवास बड़ू माजरा मोहाली की टीम ने अमृत संचार करवाया। इस अवसर पर लगभग सौ प्राणियों ने अमृत चखा। सुबह से सजे दीवान में बाबा मंजतीत सिंह, गुरुनानक इल मडिया वाली वटाला, पंजाब, भाई सुखबीर सिंह कविसरी, बीबी खुशदीपक कौर करनाल मंजी साहेब गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी भाई अमृत सिंह ने गुरु की महिमा का गुणगान किया। सुबह से ही धमार्लुओं का तांता लगा रहा है लोगों ने एक दूसरे को खालसा स्त्रजना दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर दस्तार वंदी के साथ अमृत छकाया गया। इस दिवस पर गुरुद्वारों को आकर्षक सजाया गया। इस अवसर पर डेरा कारसेवा गुरुद्वारा के प्रमुख तथा देश के जाने माने धर्म प्रचारक बाबा सुक्खा सिंह, एचएसजीपीसी के सदस्य निर्वाचित पलविंदर सिंह चीमा, गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के महासचिव इंद्रपाल सिंह, गुरपाल सिंह डोनी, मेजर सिंह, गुरुसेवक सिंह दर्शन सिंह, रंभा, आजाद सिंह, इंद्रजीत सिंह, दविंदर सिंह विर्क, गुरनाम सिंह, वलिहार सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

### गोरखपुर विश्वविद्यालय में छात्रवृत्ति के लिए मिले 14 करोड़ रुपये

**गोरखपुर।** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय को सत्र 2024-25 में उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण विभाग द्वारा विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति हेतु लगभग 14 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। यह राशि गत सत्र 2023-24 की तुलना में लगभग 5 करोड़ रुपये अधिक है, जब विश्वविद्यालय के 6054 विद्यार्थियों को करीब 9.56 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति दी गई थी। इस वर्ष अब तक 7522 छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से लाभान्वित हो चुके हैं, जबकि कुछ छात्रों की छात्रवृत्ति प्रक्रियाधीन है। लाभ प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में अनुसूचित जाति के 1457, अल्पसंख्यक वर्ग के 427, अन्य पिछड़ा वर्ग के 3557 तथा सामान्य वर्ग के 2101 छात्र शामिल हैं। इस संदर्भ में डीएसडब्ल्यू प्रो. अनुभूति दूबे ने बताया कि समाज कल्याण विभाग के दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन करते हुए विश्वविद्यालय ने छात्रवृत्ति आवेदन प्रक्रिया को अधिक सुगम और पारदर्शी बनाया है।

# गेहूं की पुलियों में आग लगने से किसान को आर्थिक नुकसान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** गांव खुडाना में वीरवार शाम को तेज आंधी के कारण बिजली फॉल्ट से गेहूं की पुलियों में आग लग गई। आग लगने की घटना शाम पांच बजे के आसपास हुई, जिससे आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। किसान वीर सिंह पुत्र ओमकुमार ने बताया कि वीरवार शाम को तेज आंधी के कारण खेत के ऊपर से गुजर रही बिजली के तारों में फाल्ट हो गया, जिससे गेहूं की पुलियों में आग लग गई। आसपास के लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। परंतु लगभग छह कनाल गेहूं की पुलियां देखते ही देखते जलकर राख हो गई।

# गिरजाघरों में पाम संडे मना, मिशन कंपाउंड परिसर में निकाला विजय जलूस

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च में रविवार को खजूर रविवार (पाम संडे) मनाया गया। उनके अनुयाईयों ने प्रभु यीशु मसीह के यरुशलम शहर में लौटने की घटना को याद करते हुए गिरजाघरों व अपने घरों को कपड़ों व खजूर से सजाया। मान्यता हैं कि प्रभु यीशु मसीह इस्त्रायल के सुदूर जंगलों में उपवास जयापन करने के बाद अपने जन्म स्थान यरुशलम, लादू के बच्चे पर सवार होकर राजा के समान वापस आए थे। जिसे विजय प्रवेश भी कहा जाता है। उस समय वहां के निवासियों ने उनका स्वागत उनके मार्ग में अपने कपड़े व खजूर की डालियां बिछाकर किया था। इसी परम्परा का निर्वाहन आज मथुरा में उनके अनुयाईयों ने किया।



उनके अनुयाईयों ने आज के दिन चर्च व घरों को खजूर की डालियों से सजाया। चर्च में आराधना से पूर्व मिशन कंपाउंड परिसर में विजय जुलूस निकाला गया। सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च के पास्टर इंचार्ज रेव्ह. श्रीपाल ने कहा कि पाम संडे हमें यीशु की विनम्रता और आज्ञाकारिता की याद दिलाता है। वह जानता था कि यरूशलेम में प्रवेश करने पर उसे बलिदान किया जाएगा, फिर भी उसने परमेश्वर की इच्छा को स्वीकार किया। इस अवसर पर जैरेश और भजन मंडली ने सुंदर भजन गाकर प्रभु की अराधना स्तुति की। राजमसीह ने भजन प्रस्तुत किया। सीएमसी के मीडिया कोर्डिनेटर व सदभावना फाउंडेशन अध्यक्ष मनीष दयाल ने जानकारी देते हुए बताया कि ईसाई समुदाय में इस हफ्ते को पैशन वीक कहा जाता है। पाम संडे के दिन से ईस्टर तक प्रतिदिन सभी गिरजाघरों में प्रार्थना सभाएं आयोजित की जाएंगी। होली मंडे, होली ट्यूसडे, होली वेडनेसडे, मौन्डी थर्सडे, मनडे, डी गुड फ्राइडे, साइलेंट सैटरडे और फिर इतवार को ईस्टर की विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में संदीप पीटर, एम सोलोमन, हिमांशु, राकेश मसीह, रबैका, जैरेश, विकास, सैमुएल, अभिषेक, रितेश, राजमसीह, रवनीत मैसी, शोभा, बी लाल, आशा एल्बर्ट, अनिल, अरुणा, प्रिंस, रेजी विलियम, अराधना, मधु आदि तथा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

**याद किया**

▶▶ प्रभु यीशु मसीह के यरुशलम शहर में लौटने की घटना को अपने घरों को कपड़ों व खजूर से सजाया

# एक पखवाड़े से एसी की दुकानों से हो रही थी चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** कोसीकलां में पिछले करीब एक पखवाड़े से एसी बनाने वालों की दुकानों से लगातार सामान चोरी हो रहा था। चोरी की वारदातों को लेकर व्यापार मंडल में नाराजगी है। पुलिस की जांच से पहले ही अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने चोरी के सामान को खरीदने वाले कबाडी तक को खोज कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। मामला जब तूल पकड़ा तो हरकत में आई पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। दरअसल शहर के मवस्सल पेच, पुराना जीटी रोड एवं बल्देवगंज स्थिति एसी एवं आरओ की दुकानों से महंगे सामानों की लगातार चोरी हो रही



थी। पिछले करीब एक पखवाड़े से लगातार हो रही चोरी की वारदातों को लेकर व्यापारी अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से मिले। जिसके बाद व्यापार मंडल एक्शन में आ गया और चौकी पहुंचकर प्रभारी दुष्यंत कौशिक से मुलाकात की। बताया कि दुकानदार भोले, मुकेश कुमार एवं आरिफ सहित कई दुकानदारों के यहां से महंगे सामान को चोरी किया जा रहा है। चोरी दुकानदारों को हजारों का चूना लगा चुके हैं। जिसके बाद व्यापारियों ने सीसीटीवी के माध्यम से खोजबीन कर सामान खरीदने वाले कबाडी नईम को भी खोज लिया। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और कबाडी के भाई को अपने साथ ले आई।

# बिशन सर्राफ मोहल्ला सड़क वाडी में हुआ माता का भव्य एवं विशाल जागरण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** महेंद्रगढ़ शहर के मोहल्ला सड़क वाडी, नियर गीता भवन मंदिर में माता के जागरण एवं भव्य मेले का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम इस कार्यक्रम के आयोजक बिशन सर्राफ एवं श्रीमती निर्मला देवी माता के दरबार का पूजन किया। जागरण में हरि शकर एंड पार्टी ने मां दुर्गा मंगल पाठ पढा, उसके बाद गणेश वंदना की, हनुमान जी की वंदना की और माता रानी के भजन गाकर के सभी का मन जीत लिया। चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है, प्रेम से बोलो जय माता की।

# ऑप्टोमेट्रिष्ट एसोसिएशन यूपी के प्रदेश उपाध्यक्ष बने डॉ. पीडी गौतम



**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** राजकीय ऑप्टोमेट्रिस्ट एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश का द्विवार्षिक अधिवेशन रविन्द्रालय सभागार, चारबाग लखनऊ में आयोजित हुआ। जिसमें जनपद मथुरा के जिला नेत्र सचल इकाई सीएमओ कार्यालय में तैनात वरिष्ठ नेत्र परीक्षण अधिकारी डॉ. पीडी गौतम वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर 232 मत प्राप्त कर विजयी घोषित हुए है। वही प्रदेश अध्यक्ष पद पर डॉ. सर्वेश पाटिल 251 मत, डॉ. रविन्द्र यादव प्रदेश महामंत्री पद पर 259 मत, डॉ.कमलेन्द्र सिंह प्रदेश कोषाध्यक्ष पद पर 245, डॉ. डीडी वर्मा प्रदेश संयुक्त सचिव पद पर 247, डॉ.अरुणा यादव प्रदेश संगठन सचिव पर 234 मत प्राप्त कर जीत हांसिल कर विजयी घोषित हुए है।प्रदेश कार्यकारिणी के विजयी पदाधिकारियों को संयुक्त निदेशक नेत्र उपचार,संयुक्त निदेशक राष्टीय कार्यक्रम और चुनाव अधिकारी, चुनाव पर्यवेक्षक द्वारा जीत का प्रमाण पत्र देकर निर्वाचित पदों पर शपथ दिलाई गई। वही वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष पीडी गौतम ने कहा है कि पूरे प्रदेश के नेत्र परीक्षण अधिकारियों का जो अपार प्रेम,स्नेह हमारी पूरी प्रदेश कार्यकारिणी को प्राप्त हुआ है इसके लिए हम सब सभी उनका धन्यवाद ज्ञापित कर उनको ये विश्वास दिला देना चाहते है कि जिस विश्वास के साथ उन्होंने प्रदेश कार्यकारिणी को चुना है उस पर वो हर स्तर से खरे उतरेंगे।वही उनकी लम्बित मांगो की लड़ाई ही नही लड़ेंगे बल्कि उनको यथासम्भव पूरा करायेंगे।वही प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश पाटिल और प्रदेश महामंत्री रविन्द्र यादव ने कहा कि किसी भी स्तर पर नेत्र परीक्षण अधिकारियों का शोषण बर्दाश्त नही होगा इसके लिए उनको जो भी संघर्ष करना पड़ेगा उसके लिए सम्पूर्ण प्रदेश कार्यकारिणी के साथ संघर्षरत रहेंगे।

इससे पूरे प्रदेश सहित जनपद-मथुरा में सम्पूर्ण स्वास्थ्य विभाग में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है।स्वास्थ्य विभाग के सभी संवर्गो के कर्मचारियों और अधिकारियों का बधाई देने का तांता लगा हुआ है।

# श्री हनुमान जयंती महोत्सव में हुआ रसिया दंगल

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** श्री रामलीला सभा मथुरा के तत्वावधान में चित्रकूट मसानी पर आयोजित दो दिवसीय हनुमान जयंती महोत्सव का समापन रसिया दंगल मुकाबले के साथ सम्पन्न हुआ। रामायण पाठ के समापन पर पं. गोविन्द गोस्वामी के आचार्यत्व व अनिल स्वामी के निर्देशन में मार्गदर्शक गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी सभापति जयन्ती प्रसाद अग्रवाल, उप सभापति नंद किशोर अग्रवाल जुगल किशोर अग्रवाल महामंत्री मूल चंद गर्ग कोषाध्यक्ष शैलेश सर्राफ मंत्री प्रदीप पीके बिजय सर्राफ किरोड़ी आय व्यय निरीक्षक अजय मास्टर आदि ने हवन पूजन एवं हनुमान जी का पंचामृत अभिषेक किया। सायं भव्य फूल बंगला व छप्पन भोग दर्शन




हुये। रात्रि प्रहर में रसिया दंगल में हाथरस के मनोज शर्मा खिच्चो आटे बाला अखाडा तथा राया के जीतू शर्मा बिस्सो ढेय्या अखाडा के मध्य हुआ। रात्रि भर हजारों लोगों ने रसिया दंगल का आनन्द लिया जिसमें दोनों अखाड़े बराबरी पर रहे । दोनों अखाड़ों को सभा के पदाधिकारीयों द्वारा स्वाफा पहना कर कलश प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी, सभापति जयन्ती प्रसाद अग्रवाल, उपसभापति जुगलकिशोर अग्रवाल, नन्दकिशोर अग्रवाल, महामंत्री मूल चन्द गर्ग, मंत्री विजय सरार्फा करोड़ी, आय व्यय निरीक्षक अजय मास्टर, शैलू हकीम, पं.शशांक पाठक ,संजय बिजली, कल्याण दास अग्रवाल ,राजकुमार अग्रवाल,अंशु बजाज ,कृष्ण मुरारी नेताजी सौरभ बजाज ,अश्विनी गर्ग, दिनेश सादाबाद ,डॉ.डीडी गर्ग ,सोनू मित्तल ,आदित्य अग्रवाल ,मुकेश अग्रवाल ,रामगोपाल शर्मा आदि उपस्थित थे।

**दंगल**

▶▶ रात्रि भर हजारों लोगों ने रसिया दंगल का आनन्द लिया जिसमें दोनों अखाड़े बराबरी पर रहे

# रामचंद्र दास को संतों ने ओढ़ाई महंताई की चादर

**टीम एक्शन इंडिया**

**वृंदावन।** सनातन धर्म पताका का विश्व स्तर पर परचम लहराने के उपलक्ष में जगतगुरु रामानंदाचार्य रामभद्राचार्य के अभिनंदन समारोह के आयोजन शनिवार को धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संतों का विशाल समागम देखने को मिला। समारोह में पंच हरि व्यासी महानिर्वाणी निर्मोही अखाड़ा, ज्ञान गुदड़ी ,छत्तीसगढ़ के महंत गोपी कृष्ण दास द्वारा छत्तीसगढ़ कुंज की चदरपोसी जगतगुरु रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी आचार्य रामचंद्र दास को की गई । कार्यक्रम का शुभारंभ प्रसिद्ध भजन गायक चित्र विचित्र के भजनों से किया गया। इसके पश्चात उपस्थित सभी संतो ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के



कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी ने कोटवन में जगतगुरु रामभद्राचार्य जी के द्वारा राम कथा करने का निवेदन किया। इसके उत्तर में महाराज श्री द्वारा सीधा कहा गया कि जब तक यमुना जी शुद्ध नहीं हो जाती तब तक वे वहां कथा नहीं करेंगे। केवल भाषण देने से काम नहीं चलेगा अब काम करके दिखाना पड़ेगा। उनकी बात को सुनकर उपस्थित संतों ने यमुना मैया का जयकारा लगा दिया। सभी के उद्बोधन के बाद जगतगुरु रामभद्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि राधा रानी उनकी भाभी है। उन्होंने उनसे विनती की थी कि यदि ब्रज में सेवा करवाना है, तो ऐसी व्यवस्था करें कि बृजवासियों की सेवा करने का मौका मिले, तो उन्होंने यमुना जी के किनारे छत्तीसगढ़ कुंज की व्यवस्था कर दी।

**सौगात**

▶▶ धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संतों का विशाल समागम देखने को मिला

# ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में संवेदनशील गांवों में फ्लैग मार्च

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी सदर निशा ग्रेवाल एवं क्षेत्राधिकारी सदर संदीप कुमार सिंह ने संवेदनशील ग्राम बाटी एवं ग्राम कोटा में पुलिस बल के साथ पैदल फ्लैग मार्च किया। संविधान शिल्पी, भारत रत्न डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई जा रही है। जयंती के अवसर पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन कटिबद्ध है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने निर्देश दिए हैं कि जयंती के अवसर पर प्रशासन द्वारा प्रदान की गई अनुमति के अनुसार कार्यक्रम आयोजित न




किए जाएं। अनुमति पर प्राप्त रूट पर ही रैली, झांकी आदि आयोजित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि बिना अनुमति के कोई भी रैली जुलूस झांकी न निकालें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी आयोजनकर्ता अपने कार्यकताओं के नाम, आईडी कार्ड तथा मोबाइल नंबर की सूची देंगे। उन्होंने कहा कि आयोजनों एवं रैली में अश्लील गानों का प्रयोग न करें, शिकायत प्राप्त होने पर आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।



हरियाणा सरकार

## सामाजिक न्याय और समता के प्रतीक
# डॉ. भीमराव अम्बेडकर
## की जयंती पर
# प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के
## कर-कमलों से



# ₹ 10,000 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं शुभारंभ

## हिसार

- महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा, हिसार से उड़ान का शुभारंभ
- नई टर्मिनल बिल्डिंग का शिलान्यास

**कार्यक्रम का आयोजन**
14 अप्रैल, 2025 | प्रात: 9:00 बजे | हिसार

## यमुनानगर

- दीनबंधु छोटू राम थर्मल पावर प्लांट, यमुनानगर में 800 मेगावाट की नई इकाई का शिलान्यास
- कम्प्रेस्ड बायोगैस प्लांट (सी.बी.जी.) का शिलान्यास

## रेवाड़ी

- 4 लेन बाईपास का शुभारंभ

**कार्यक्रम का आयोजन**
14 अप्रैल, 2025 | प्रात: 11:00 बजे | यमुनानगर

### गरिमामयी उपस्थिति

**श्री मनोहर लाल**
केन्द्रीय विद्युत मंत्री

**श्री नायब सिंह सैनी**
मुख्यमंत्री, हरियाणा

**श्री एच. डी. कुमारस्वामी**
केन्द्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री

**श्री किंजरापु राममोहन नायडू**
केन्द्रीय नागरिक विमानन मंत्री

## संकल्प की उड़ान
## विकसित भारत - विकसित हरियाणा



**कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डी.डी. न्यूज़ चैनल पर**

सूचना एवं जन संपर्क विभाग, हरियाणा के Whatsapp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana